

कर्नाटक राज्यपाल भी विधानमंडल के संयुक्त सत्र में नहीं देंगे अभिभाषण - 7



रुपये को तगड़ा झटका, 67 पैसे टूटकर डॉलर के मुकाबले 91.64 पर आकर गिरा - 10



संरा प्रभावी भूमिका निभाता तो बोर्ड ऑफ पीस की जरूरत ही नहीं पड़ती - 11



पीवी सिंधू और किदाम्बी श्रीकांत इंडोनेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में - 12


आज का मौसम 22.0° अधिकतम तापमान 11.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 06.57 सूर्यास्त 05.43

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

माघ शुक्ल पक्ष चतुर्थी 02:28 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 22 जनवरी 2026, वर्ष 35, अंक 353, पृष्ठ 12+4 ■ मूल्य 6 रुपये


## सोने में 6,500 रुपये का उछाल, 1.60 लाख पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी



- चांदी 11,300 रुपये बढ़कर 3,34,300 रुपये प्रति किलोग्राम हुई

राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना और चांदी नए शिखर पर पहुंच गए। सोने की कीमत 1.60 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी 3.34 लाख प्रति किलोग्राम पर रही।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 6,500 रुपये यानी 4.24 प्रतिशत बढ़कर 1,59,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गया। मंगलवार को, सोने ने पहली बार देश की राजधानी में 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के महत्वपूर्ण स्तर को पार किया। स्थानीय सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत में भी लगातार नौवें दिन तेजी जारी रही। चांदी की कीमत 11,300 रुपये बढ़कर 3,34,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 20,400 रुपये बढ़कर 3,23,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## न्याय, समता और बंधुता लोकतंत्र की आत्मा : मुख्यमंत्री

- योगी का आह्वान-विधायिका बने संवाद, समन्वय और विकास का सशक्त मंच
- तीन दिवसीय 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का समापन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि न्याय, समता और बंधुता संविधान के ये तीन शब्द भारत के लोकतंत्र की आत्मा हैं। इन्हें साकार करने का सबसे प्रभावी मंच विधायिका है।

उन्होंने आह्वान कि विधायिका संवाद, समन्वय और विकास का सशक्त मंच बने। विधानसभा में बुधवार को तीन दिवसीय 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि विधायिका न केवल कानून निर्माण की धुरी है, बल्कि समग्र विकास की कार्ययोजना गढ़ने का मंच भी है। जहां सहमति-असहमति के बीच संवाद से समाधान निकलता है। सीएम ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत की लोकतांत्रिक संस्थाएं अत्यंत मजबूत हैं और दुनिया के लिए प्रेरणा हैं। संसद और विधानसभाएं उस अंतिम व्यक्ति की आवाज को ताकत देती हैं, जो व्यवस्था की सबसे निचली सीढ़ी पर खड़ा है। योगी ने बताया कि नियमावली में बदलाव से अब सवा घंटे में 20 तारांकित प्रश्न व उनके साथ अनुपूरक प्रश्न पूछे जा रहे हैं, जिससे अधिक जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित हुई है।

### विकसित भारत-विकसित उप्र पर ऐतिहासिक विमर्श

मुख्यमंत्री योगी ने सम्मेलन में पारित छह प्रस्तावों का अभिनंदन करते हुए कहा कि 'विजन-2047' को साकार करने के लिए 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' पर सत्ता-विपक्ष के 300 से अधिक सदस्यों ने 24 घंटे तक निरंतर चर्चा की। उन्होंने बताया कि देर रात तक सदन में विचार-मंथन चलता रहा और व्यावहारिक सुझाव सामने आए।

### तकनीक, प्रशिक्षण और नियमित बैठकें

योगी ने वर्ष में कम से कम 30 बैठकों के प्रस्ताव का स्वागत करते हुए इसे संसद से लेकर नगर निकायों और पंचायतों तक के लिए प्रेरक बताया। उन्होंने कहा कि तकनीक के युग में पीछे नहीं रहा जा सकता। इसीलिए यूपी में ई-विधान, पेपरलेस कैबिनेट और पेपरलेस बजट लागू किए गए हैं। जनप्रतिनिधियों का तकनीकी प्रशिक्षण भी उतना ही जरूरी है।

### जन-संवाद से बना यूपी का विजन डॉक्यूमेंट

योगी ने बताया 'विकसित भारत-विकसित उप्र' के लिए 98 लाख सुझाव पोर्टल पर प्राप्त हुए हैं। आईआईटी कानपुर के सहयोग से एआई टूल्स के जरिए इन्हें अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि हर सेक्टर के सुझाव विजन डॉक्यूमेंट का हिस्सा बनें। सरकार के प्रोएक्टिव अप्रोच पर जोर दे कहा कि पीठ पक्ष-विपक्ष में संतुलन बनाती है और ऐसे सम्मेलन सीखो-सिखाओ के मंच होते हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### 5.85 करोड़ मूल्य का कोबरा का विष जब्त सात गिरफ्तार

**सूरत।** गुजरात पुलिस ने 5.85 करोड़ रुपये मूल्य का कोबरे का जहर जब्त कर सात लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने कहा कि कोबरे का जहर रेव पार्टियों में उपयोग किए जाने वाले नशीले पदार्थ और जीवन रक्षक दवाएं बनाने के लिए किया जाता है। सूरत पुलिस के एसओजी के उपायुक्त ने कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों ने घनश्याम सोनी नामक व्यक्ति से कमीशन पर बेचने के लिए 5.85 करोड़ रुपये मूल्य का 6.5 मिलीलीटर कोबरा विष लिया था। पहली बार इतनी बड़ी मात्रा में कोबरा विष बरामद हुआ है।

### रोहित शर्मा को मानद डॉक्टरेट की उपाधि की जाएगी प्रदान

**पुणे।** भारत के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा को क्रिकेट में उनके अतुलनीय योगदान और अनुकरणीय नेतृत्व के लिए शनिवार को यहां अजींक्या डीवाई पाटिल विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में डीलिट की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। विश्वविद्यालय ने घोषणा की कि उसके ऐतिहासिक 10वें दीक्षांत समारोह में रोहित प्रमुख आकर्षण होंगे। विश्वविद्यालय ने कहा, प्रशंसक उन्हें क्रिकेट के हिटमैन के रूप में जानते हैं, लेकिन दीक्षांत समारोह रोहित शर्मा के लिए एक अलग तरह का मील का पत्थर है।

### सीतापुर सांसद की याचिका पर अब नौ को आएगा फैसला

**सीतापुर।** यौन शोषण के आरोपों में घिरे सीतापुर के कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अंतिम सुनवाई के लिए नौ फरवरी की तारीख निर्धारित की है। माना जा रहा है कि इस दिन अदालत अपना अंतिम फैसला सुना सकती है, जिससे सांसद के राजनीतिक भविष्य की दिशा तय होगी। सांसद राकेश राठौर ने निचली अदालत द्वारा पुलिस की चार्जशीट पर संज्ञान लेने और आरोप तय करने के खिलाफ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

## अरावली देश के पर्यावरणीय भविष्य का मुद्दा, अवैध खनन बर्दाश्त नहीं करेंगे

### सुप्रीम कोर्ट ने खनन संबंधी मुद्दों की जांच के लिए विशेषज्ञ समिति बनाने की बात दोहराई

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि अवैध खनन से अपूरणीय क्षति हो सकती है, इसलिए वह अरावली में खनन और संबंधित मुद्दों की व्यापक एवं समग्र जांच के लिए संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों की एक समिति गठित करेगा। साथ ही कहा कि यह मुद्दा देश के पर्यावरणीय भविष्य से जुड़ा है और अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी और न्यायमित्र के. परमेश्वर को चार सप्ताह के भीतर खनन क्षेत्र के विशेषज्ञ पर्यावरणविदों और वैज्ञानिकों के नाम सुझाने का निर्देश दिया, ताकि विभिन्न पहलुओं की जांच के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया जा सके। पीठ ने कहा कि समिति इस न्यायालय के निर्देशन और निगरानी में कार्य करेगी। कोर्ट ने अपने उस आदेश को भी विस्तारित किया, जिसमें अरावली पहाड़ियों और पर्वतमालाओं की एक समान परिभाषा को स्वीकार करने वाले 20 नवंबर के निर्देशों को स्थगित रखा गया था। सुनवाई के दौरान न्यायालय को सूचित किया गया कि छिटपुट स्थानों पर अवैध खनन हो रहा है, और पीठ ने राजस्थान सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज के इस आश्वासन को रिकॉर्ड में लिया कि इस तरह का कोई भी अनधिकृत खनन नहीं होगा। अरावली पहाड़ियों की परिभाषा को लेकर उठे विवाद के बीच, उच्चतम न्यायालय ने अरावली पहाड़ियों और पर्वतमालाओं की परिभाषा तथा उससे जुड़े मुद्दे शीर्षक से इस मामले पर स्वतः संज्ञान लिया था।

अरावली की नई परिभाषा को लेकर जारी बवाल के बीच, न्यायालय ने पिछले साल 29 दिसंबर को अपने 20 नवंबर के उन निर्देशों को स्थगित कर दिया था, जिनमें इन पहाड़ियों और पर्वतमालाओं की एक समान परिभाषा को स्वीकार किया गया था।

इन निर्देशों में अरावली पहाड़ियों और पर्वतमालाओं की एक समान परिभाषा स्वीकार की गई थी। न्यायालय ने कहा था कि कुछ गंभीर अस्पष्टताओं का समाधान जरूरी है, जिनमें यह आशंका भी शामिल है कि 100 मीटर ऊंचाई और पहाड़ियों के बीच 500 मीटर की दूरी के मानक से अरावली का बड़ा हिस्सा पर्यावरण संरक्षण से बाहर हो सकता है। न्यायालय ने 20 नवंबर को अरावली पहाड़ियों और पर्वतमालाओं की एक समान परिभाषा को स्वीकार कर लिया था और विशेषज्ञों की रिपोर्ट आने तक दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में फैले इसके क्षेत्रों के भीतर नए खनन पट्टे देने पर प्रतिबंध लगा दिया था।

### वायु प्रदूषण मामले में केंद्र व दिल्ली सरकार से कार्ययोजना मांगी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार समेत अन्य हितधारकों को निर्देश दिया कि वे दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बिगड़ते वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में सुधार के लिए केंद्रीय प्रदूषण निगरानी संस्था द्वारा अनुशंसित दीर्घकालिक उपायों पर अपनी-अपनी कार्य योजना चार सप्ताह के भीतर पेश करें।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की तीन न्यायाधीशों वाली पीठ ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी द्वारा प्रस्तुत वस्तु स्थिति रिपोर्ट का संज्ञान लिया। पीठ ने कहा कि सीएक्यूएम ने 15 दीर्घकालिक उपायों की सिफारिश की है और उन संबंधित एजेंसियों की भी पहचान की है, जो इन दीर्घकालिक उपायों को लागू करने में सक्षम हैं। पीठ ने कहा, सीएक्यूएम द्वारा सुझाए गए उपायों के अलावा भी कुछ अतिरिक्त दीर्घकालिक उपायों को अपनाने की आवश्यकता हो सकती है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि सीएक्यूएम द्वारा अनुशंसित इन दीर्घकालिक उपायों को बिना किसी देरी के लागू किया जाना आवश्यक है। इसलिए हम हितधारकों से इन उपायों को लागू करने के लिए अपनी-अपनी कार्य योजना प्रस्तुत करने का आग्रह करते हैं। पीठ ने कहा कि यह न्यायालय इन उपायों के संबंध में किसी भी आपत्ति पर विचार करने के पक्ष में नहीं है।

## वायु सेना का विमान क्रैश

- दोनों पायलट सुरक्षित माघ मेला से ठीक तीन किमी दूर हुआ हादसा



**नई दिल्ली/प्रयागराज।** वायु सेना का एक हल्का, विमान इंजन में तकनीकी गड़बड़ी आने के कारण बुधवार को प्रयागराज में हादसे का शिकार हो गया। विमान में सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं। यह हादसा माघ मेले से 3 किमी दूरी पर हुआ। भारतीय वायु सेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि घटना के कारण का पता लगाने के लिए उसने जांच का आदेश दिया है। इस तरह के अत्यंत हल्के विमान का उपयोग आमतौर पर प्रशिक्षण, पक्षी सर्वेक्षण और भू सर्वेक्षण कार्यों में किया जाता है। हादसा उस वक्त हुआ, जब विमान एक नियमित उड़ान पर था। हादसे के दौरान विमान की रिकवरी (पैराशूट) प्रणाली सक्रिय की गई और दोनों पायलट सुरक्षित हैं। वायु सेना ने कहा, एक माइक्रोलाइट विमान में, 21 जनवरी को दोपहर सवा बारह बजे प्रयागराज के निकट बमरौली वायु सेना स्टेशन से नियमित उड़ान के दौरान तकनीकी गड़बड़ी आ गई और उसे एक निर्जन इलाके में सुरक्षित रूप से उतारा गया तथा जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ।

## मुरादाबाद में पाकबड़ा में ऑनर किलिंग: प्रेमी युगल के शव मिले

**मुरादाबाद।** पाकबड़ा थाना क्षेत्र के गांव उमरी सब्जीपुर में प्रेमी युगल के शव मिले। दोनों 3 दिन पहले लापता हुए थे। ऑनर किलिंग कर शवों को गंगा नदी के किनारे नीम करोली बाबा आश्रम के पास दफनाने की आशंका जताई जा रही है। उमरी सब्जीपुर निवासी अरमान पुत्र हनीफ का गांव की ही एक युवती के साथ पांच साल से से प्रेम प्रसंग चल रहा था। अलग-अलग समुदाय के होने के कारण स्थिति बिगड़ने लगी तो हनीफ ने अरमान को काम करने के लिए सऊदी भेज दिया था। एक साल काम करने के बाद वह वापस आ गया। इसके बाद फिर से प्रेम परवान चढ़ा। बताया जाता है कि इसीलिए दोनों को मारा गया है। गांव में पुलिस एवं पीएसी तैनात कर दी गई है।

## वाई-फाई को बढ़ावा, 6 गीगाहट्र्ज बैंड में 500 मेगाहट्र्ज का स्पेक्ट्रम लाइसेंस मुक्त

- दूरसंचार विभाग ने अधिसूचना जारी की



**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने छह गीगाहट्र्ज बैंड की निचली फ्रीक्वेंसी रेंज में 500 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम को लाइसेंस-मुक्त करने की अधिसूचना जारी कर दी है। इस कदम से देश में वाई-फाई सेवाओं को काफी प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।

यह अधिसूचना 16 मई, 2025 को जारी मसौदा गजट अधिसूचना में छह गीगाहट्र्ज बैंड वाली इस फ्रीक्वेंसी को लाइसेंस से मुक्त करने के इरादे की घोषणा के करीब छह महीने बाद जारी की गई है। अधिसूचना के मुताबिक, 5925-6425 मेगाहट्र्ज फ्रीक्वेंसी बैंड में कम-पावर इनडोर और बहुत कम पावर वाले आउटडोर वायरलेस एक्सेस सिस्टम (रेडियो लोकल एरिया नेटवर्क (वाई-फाई) शामिल) के संचालन के लिए किसी लाइसेंस या फ्रीक्वेंसी आवंटन की जरूरत नहीं होगी।

## महंत नृत्य गोपाल दास की हालत गंभीर, आईसीयू में भर्ती

**अयोध्या।** अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत बुधवार को अचानक बिगड़ गई। उन्हें पेट संबंधी गंभीर समस्या हो गई। गंभीर हालत में उन्हें लखनऊ स्थित मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां उनका आईसीयू में इलाज चल रहा है।

शाम चार बजे महंत नृत्य गोपाल दास को आंशिक बेहोशी की हालत में मेदांता की इमरजेंसी में लाया गया। डॉक्टरों ने महंत को देखा, जरूरी जांचें कराईं। निदेशक डॉ. राकेश कपूर ने बताया कि खून की जांच में इलेक्ट्रोलाइट गड़बड़ पाया गया। डॉक्टरों की टीम गठित कर दी गई है। जो महंत की सेहत की निगरानी कर रहे हैं। उन्हें आईसीयू में शिफ्ट कर दिया गया है।

## चुनाव आचार संहिता उल्लंघन मामले में अब्बास अंसारी के खिलाफ आरोप तय



- जिले की एक विशेष सांसद/विधायक अदालत ने आरोप तय किए

**मऊ।** जिले की विशेष सांसद/विधायक अदालत ने 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में मऊ सदर से विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ बुधवार को आरोप तय किए।

सुभासपा के विधायक अंसारी, दक्षिण टोला थाने में दर्ज मामले के सिलसिले में अदालत में पेश हुए। यह मामला फरवरी 2022 में दर्ज किया गया था। वकील दरोगा सिंह ने बताया कि चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के लिए 2022 में अंसारी के खिलाफ जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 133 (चुनावों में अवैध रूप से वाहन किराए पर लेने या खरीदने पर दंड) के तहत मामला दर्ज किया गया था। बाद में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में आरोप मुक्त करने का आवेदन दायर किया गया, लेकिन उसे खारिज कर दिया गया। इसके बाद, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. केपी सिंह की विशेष सांसद/विधायक अदालत ने बुधवार को विधायक के खिलाफ आरोप तय किए।

## ग्रीनलैंड पर नियंत्रण को बल प्रयोग नहीं करेंगे, भारत से ट्रेड डील जल्द

दावोस, एजेंसी



- दावोस में विश्व आर्थिक मंच की बैठक को राष्ट्रपति ट्रंप ने किया संबोधित

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर कब्जे के प्लान को दुनिया के सामने सही ठहराया है। उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड को अपने कब्जे में लेने के लिए अमेरिका बल का प्रयोग नहीं करेगा। ट्रंप ने स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका में आर्थिक प्रगति हो रही है जबकि यूरोप सही दिशा में आगे नहीं बढ़ रहा है।

उन्होंने शिकायती लहजे में कहा कि वे बस एक बर्फ का टुकड़ा चाहते हैं जिसे यूरोप देने को तैयार नहीं है। अमेरिका इसे हमेशा याद रखेगा। ट्रंप ने कहा कि यूरोप गलत दिशा में जा रहा है। ट्रंप ने फ्रांस, कनाडा जैसे देशों की भी आलोचना की। भाषण के बाद ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की और उन्हें अपना दोस्त बताया। साथ ही कहा कि भारत-अमेरिका में जल्द एक अच्छा व्यापार समझौता होने वाला है। वेनेजुएला के मुद्दे पर कहा कि गलत नीतियों के कारण देश बर्बाद गया है। (विस्तृत पेज 11 पर)

### ट्रंप के 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होगा इजराइल

**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने के लिए सहमति दे दी है। ट्रंप के नेतृत्व वाले 'बोर्ड ऑफ पीस' की परिकल्पना मूलरूप से विश्व के कुछ चुनिंदा नेताओं के एक छोटे समूह के रूप में की गई है, जो गाजा युद्धविराम योजना की देखरेख करेगा। भारत ने अभी इसमें शामिल होने की सहमति नहीं दी है।

बदलाव | केंद्र सरकार के निर्देश पर बदला गया नाम, नोटिफिकेशन जारी, उप्र में 'लोक भवन' पहले से था, इसलिए नाम रखा 'जन भवन'

## यूपी में 'राजभवन' का नाम बदला, अब 'जनभवन'

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** प्रदेश में राज्यपाल के आधिकारिक आवास और कार्यालय के नाम में महत्वपूर्ण परिवर्तन किया गया है। लखनऊ स्थित राजभवन को अब आधिकारिक रूप से 'जन भवन' के नाम से जाना जाएगा।

इस संबंध में राज्य सरकार ने औपचारिक अधिसूचना (नोटिफिकेशन) जारी कर दिया है। यह बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। यहां पहले से ही मुख्यमंत्री का प्रशासनिक कार्यालय 'लोक भवन' के नाम से है। एक ही शहर में दो महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्थानों के लिए समान नाम होने से प्रशासनिक भ्रम की आशंका थी। इसी कारण 'लोक भवन' के स्थान पर 'जन भवन' नाम को अंतिम रूप दिया गया। यह निर्णय गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के क्रम में लिया गया है। केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को राज्यपालों एवं उप राज्यपालों के आधिकारिक आवासों के नाम अधिक जनोन्मुखी और लोकतांत्रिक भावना के अनुरूप रखने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार ने भी 'राजभवन' का नाम बदलने का फैसला किया। अब तक 'राजभवन' के नाम से पहचाने जाने वाले राज्यपाल के आधिकारिक आवास को आगे से सभी शासकीय, प्रशासनिक और वैधानिक कार्यों में 'जन भवन' के नाम से ही संबोधित किया जाएगा। शासन स्तर पर आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं और आने वाले समय में सरकारी पत्राचार, निमंत्रण पत्र, दस्तावेज, साइन बोर्ड और अन्य आधिकारिक संकेतकों में भी 'जन भवन' नाम का ही प्रयोग किया जाएगा। यह प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से पूरी की जाएगी।

### औपनिवेशिक सोच से दूरी का प्रयास

केंद्र सरकार के इस कदम को औपनिवेशिक मानसिकता के अवशेषों से दूरी बनाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। गृह मंत्रालय ने राज्यपालों के एक सम्मेलन में हुई चर्चा का हवाला देते हुए कहा था कि 'राज' शब्द ब्रिटिश शासनकाल की मानसिकता को दर्शाता है, जबकि स्वतंत्र भारत में शासन व्यवस्था जनता-केंद्रित होनी चाहिए। इसी सोच के तहत देश के कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अपने यहां राजभवन के नाम बदले हैं। यूपी ने हालांकि 'लोक भवन' के बजाय 'जन भवन' नाम अपनाकर एक अलग पहचान बनाई है।

### इन राज्यों में पहले ही बदला गया नाम

यूपी से पहले ही पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम, उत्तराखंड, ओडिशा, गुजरात और त्रिपुरा के राज भवनों के नाम बदले गए हैं। उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु समेत आठ राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश ने औपनिवेशिक काल की पहचान मिटाने के लिए अपने राज भवन का नाम बदलकर लोक भवन कर दिया है। लद्दाख के उप राज्यपाल के निवास-कार्यालय को अब लोक निवास कहा जाएगा। इसे पहले राज निवास कहा जाता था।

न्यूज ब्रीफ

### अटल चिकित्सा विवि के कुलपति बने डॉ. अमित

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिकित्सा मुख्यालय नार्थन कमांड के मेजर जनरल डॉ.अमित देवगन राजधानी स्थित अटल बिहारी चिकित्सा विश्वविद्यालय के नए कुलपति बनाए गए हैं। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल द्वारा डॉ. देवगन को विश्वविद्यालय का नया कुलपति नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति कई बार नियुक्ति प्रक्रिया स्थगित करने व अन्य तकनीकी अवरोधों के बाद हुई है। नए कुलपति डॉ. देवगन की नियुक्ति के साथ ही उम्मीद जताई जा रही है कि चिकित्सा शिक्षा और शोध के क्षेत्र में नई गति आएगी। उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय में अकादमिक सुधारों और आधुनिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रमों को मजबूत बनाने की दिशा में तेजी आएगी।

### हर न्याय पंचायत में शिक्षा चौपाल 24 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी दिवस के अवसर पर 24 जनवरी को प्रदेश की सभी न्याय पंचायतों में एक साथ 'शिक्षा चौपाल' का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन समितियों, शिक्षकों और स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी से बच्चों की बुनियादी भाषा और गणितीय दक्षताओं को सुदृढ़ करना है। यह जानकारी देते हुए स्कूल शिक्षा महानिदेशक मोनिका रानी ने बताया कि विद्यालयों में उपलब्ध प्रिंट-रिच सामग्री, गणित किट, क्रियाशील पुस्तकालय, खेल सामग्री और डिजिटल संसाधनों (स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, दीक्षा, खान अकादमी, टीचर्स ऐप) की जानकारी साझा की जाएगी। प्रत्येक न्याय पंचायत के लिए 10 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

### आगरा-अलीगढ़ में बनेंगे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़, गुणवत्तापूर्ण एवं जवाबदेह बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। आगरा और अलीगढ़ मंडलों में सर्जिकल प्रैक्टिस के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए जाएंगे। यह निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष ने मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान दिए। आगरा मंडलायुक्त कार्यालय से बुधवार को आयोजित वर्चुअल बैठक में अपर मुख्य सचिव ने कहा कि एस.एन. मेडिकल कॉलेज के सहयोग से दोनों मंडलों में एक-एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित किया जाएगा, जिससे सर्जिकल प्रशिक्षण एवं उपचार की गुणवत्ता में सुधार होगा। बैठक में एनएचएम की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने कहा कि गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मानव संसाधन की दक्षता और जवाबदेही जरूरी है।

### ग्रामीण आजीविका में बनाया रिकॉर्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान ग्रामीण आजीविका के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए 23 लाख से अधिक महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया है। ग्रामीण रोजगार गारंटी व्यवस्था के तहत महिलाओं की भागीदारी अभूतपूर्व रूप से बढ़ी है। मानव दिवस सृजन में महिलाओं की हिस्सेदारी 43 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। महिलाएं सिर्फ श्रमिक नहीं, बल्कि मेट के रूप में निगरानी, प्रबंधन और नेतृत्व की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 32 हजार से अधिक महिला मेट्स को कार्य सौंपा गया है। ये महिलाएं कार्यस्थलों पर श्रमिकों की हाजिरी, काम की गुणवत्ता और प्रबंधन का दायित्व निभा रही हैं।

### अटल विद्यालयों में कौशल प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** अटल आवासीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। विद्यार्थियों को उद्योगोन्मुख और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे वे आत्मनिर्भर बनेंगे और आने वाले वर्षों में रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकेंगे। यह बात बुधवार को मिशन निदेशक पुलकित खरे ने समीक्षा बैठक में कहीं। बैठक में भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (बीओसीडब्ल्यू) योजना के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लाभार्थियों के सत्यापन तथा प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत अटल आवासीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किए जाने पर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ समय पर मिले, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। प्रशिक्षण के लिए स्वास्थ्य सेवा, ब्यूटी एवं वेलनेस, फूड प्रोसेसिंग, आईटी एवं आईटीईएस तथा परिधान जैसे क्षेत्रों को शामिल किया गया है।

# उपलब्धियों और संभावनाओं को जन-जन तक पहुंचाएगा यूपी दिवस : मुख्यमंत्री

## योगी ने की कार्यक्रमों की तैयारी की समीक्षा, सजेंगी संस्कृति-लोककलाएं व शिल्प, 'एक जनपद-एक व्यंजन' मुख्य आकर्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उप्र. दिवस प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता, विकास यात्रा और जनसहभागिता का भव्य उत्सव बनेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को समीक्षा बैठक में स्पष्ट किया कि यह प्रदेश की पहचान, उपलब्धियों और संभावनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। सांस्कृतिक उत्सव, लोककलाएं और शिल्प मेले सजेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि हर जिले की भागीदारी और प्रदेश की आत्मा स्पष्ट रूप से झलके। 'एक जनपद-एक व्यंजन' आयोजन का मुख्य आकर्षण होगा, जहां हर जिले का स्वाद मिलेगा।

तैयारियों की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं गरिमा, अनुशासन और समयबद्धता के साथ सुनिश्चित की जाएं। राजधानी लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर उत्तर प्रदेश दिवस का मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसका सीधा प्रसारण प्रदेश के सभी जिलों में किया जाएगा। इसके साथ ही सभी जिलों में स्थानीय स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित होंगे, ताकि उत्तर प्रदेश दिवस का उत्सव एक साथ पूरे प्रदेश में मनाया जा सके।

बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' की थीम पर आधारित विशेष प्रदर्शनी और शिल्प मेला लगाया जाएगा। इसमें प्रदेश की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। हर जिले के पारंपरिक और विशिष्ट व्यंजन एक ही परिसर में उपलब्ध कराए जाएंगे।

### संस्कृति उत्सव से जुड़ेगा यूपी दिवस

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि संस्कृति उत्सव 2025-26 के अंतर्गत प्रस्तावित सांस्कृतिक कार्यक्रमों को उत्तर प्रदेश दिवस से प्रभावी ढंग से जोड़ा जाए। उन्होंने कलाकारों और आगंतुकों के लिए समुचित सुविधाएं सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।


उत्तर प्रदेश दिवस की तैयारी को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### संस्कृति उत्सव के लिए 1.75 करोड़ की मंजूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से उत्तर प्रदेश दिवस को संस्कृति उत्सव 2025-26 के अंतर्गत प्रस्तावित सांस्कृतिक कार्यक्रमों से प्रभावी रूप से जोड़ने के निर्देश के बाद सभी 75 जिलों के लिए 1.75 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। प्रति तहसील 50 हजार की धनराशि कार्यक्रमों पर खर्च होगी। संस्कृति विभाग के संयुक्त निदेशक उमा द्विवेदी की ओर से निदेशालय को भेजे गए शासनादेश के अनुसार, संस्कृति उत्सव के तहत लोकनृत्य, लोकगीत, शास्त्रीय व लोक संगीत, नाटक, पारंपरिक वाद्ययंत्रों की प्रस्तुति, सांस्कृतिक मेले और क्षेत्रीय कला रूपों को मंच प्रदान किया जाएगा। स्थानीय कलाकारों को न केवल अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा, बल्कि मानदेय और आवागमन भत्ता भी प्रदान किया जाएगा।

### दो ग्राम पंचायतों से आधार सेवाएं शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** पंचायती राज विभाग ने लखनऊ में ग्राम पंचायत स्तर पर आधार केंद्रों की शुरुआत कर दी है, जिससे ग्रामीणों को आधार से जुड़ी सेवाएं अब अपने गांव में ही उपलब्ध हो सकेंगी। ब्लॉक सरोजनीनगर की ग्राम पंचायत भटगवां पांडेय व चिनहट ब्लॉक की सैरपुर ग्राम पंचायत में आधार सेवाएं शुरू की गई हैं। पहले दिन 40 से अधिक ग्रामीणों को आधार से संबंधित सेवाएं प्रदान की गई हैं। पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने कहा कि पहले चरण में प्रदेश की 1000 ग्राम पंचायतों में आधार सेवाएं शुरू की जाएंगी। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से यह सुविधा प्रदेश की सभी 57,694 ग्राम पंचायतों तक विस्तारित की जाएगी।

# नवाचार, संवाद और प्रौद्योगिकी के अधिकतम उपयोग पर जोर

## पीठासीन अधिकारी सम्मेलन : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोगों को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के समापन समारोह में लोकतंत्र को अधिक सशक्त, पारदर्शी और जन-केंद्रित बनाने का स्पष्ट संकल्प उभरकर सामने आया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती मिली है। सुशासन, सामाजिक कल्याण, सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, बुनियादी ढांचे के विकास और निवेश के क्षेत्र में प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है, जो पूरे देश के लिए प्रेरणादायी है।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि पीठासीन अधिकारियों के ऐसे सम्मेलन लोकतांत्रिक संस्थाओं को जनता की अपेक्षाओं से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। इन मंचों पर हुए संवाद केवल विमर्श तक सीमित नहीं रहने चाहिए, बल्कि इनके ठोस और सकारात्मक परिणाम धरातल पर दिखने चाहिए। उन्होंने नवाचार, संवाद और प्रौद्योगिकी के अधिकतम उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि इससे लोकतांत्रिक संस्थाएं जनता के और निकट आएंगी तथा जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ेगी।

**यूपी का विजन डॉक्यूमेंट आदर्श- हरिवंश :** समापन सत्र में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने उत्तर प्रदेश के "विजन-2047" डॉक्यूमेंट की सराहना करते हुए इसे सभी राज्यों के लिए आदर्श बताया।

**बदले उत्तर प्रदेश की छाप देश के सामने- सतीश महाना :** उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनुशासन, त्याग और जनता के साथ निरंतर संवाद के जरिए बदले हुए उत्तर प्रदेश की मजबूत प्रशासनिक छाप देश के सामने रखी है।


लखनऊ में आयोजित सम्मेलन के समापन समारोह में पीठासीन अधिकारियों को संबोधित करते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला।

### सम्मेलन में छह महत्वपूर्ण संकल्प पारित

**अमृत विचार, लखनऊ :** 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में विधायी कार्यों को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनकेन्द्रित बनाने को लेकर तीन प्रमुख विषयों पर व्यापक चर्चा हुई, जिसके उपरांत छह महत्वपूर्ण संकल्प पारित किए गए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सम्मेलन के समापन के बाद बुधवार को विधानभवन स्थित तिलक हॉल में पत्रकारों को इसकी जानकारी दी।

**विधानभवन में पारित छह प्रमुख संकल्प**

1. सभी विधानसभाएं वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए राज्य एवं राष्ट्रीय विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगी।
2. राज्य विधानमंडलों में वर्ष में कम से कम 30 बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिससे लोकतांत्रिक संस्थाएं अधिक उत्तरदायी बन सकें।
3. विधायी कार्यों में प्रौद्योगिकी और एआई का उपयोग बढ़ाया जाएगा, लेकिन नैतिकता, जवाबदेही और विश्वसनीयता सुनिश्चित की जाएगी।
4. पंचायत से लेकर लोकसभा तक सभी लोकतांत्रिक संस्थाओं में संवाद और समन्वय के लिए आदर्श नेतृत्व को प्रोत्साहन दिया जाएगा।
5. विधायकों की क्षमता वृद्धि के लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग, रिसर्च विंग की मजबूती, डिजिटल लाइब्रेरी और पुरानी बहसों का डिजिटलीकरण किया जाएगा।
6. विधायी निकायों के कार्य संचालन का वस्तुनिष्ठ मानकों पर मूल्यांकन और तुलनात्मक आकलन करने के लिए राष्ट्रीय विधायी सूचकांक बनाया जाएगा, जिससे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा।

# कृषि उत्पादन बढ़ाने को 600 करोड़ के बजट को हरी झंडी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कृषि विश्वविद्यालयों में अवस्थापना विकास और किसानों को विद्युत आपूर्ति के लिए मिली वित्तीय स्वीकृतियां

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने कृषि उत्पादन को गति देने, किसानों को रियायती दरों पर विद्युत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की हैं। बजट उपलब्ध होने से किसानों को सिंचाई में राहत मिलेगी और कृषि विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

शासन ने कृषकों के निजी नलकूपों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उप्र. विद्युत निगम को अनुदान योजना के अंतर्गत 60,000 लाख रुपये (600 करोड़ रुपये) की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। यह राशि जनवरी 2026 से मार्च 2026 की अवधि के लिए किसानों को दी जाने वाली विद्युत सब्सिडी की प्रतिपूर्ति हेतु उपयोग की जाएगी। कृषि महाविद्यालय, हरदोई परिसर में 75 कमरों के आधुनिक बालक छात्रावास के निर्माण के लिए 18.32 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कृषि महाविद्यालय, आजमगढ़ को विकास कार्यों के लिए 50 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा राज्य कृषि विकास योजना अंतर्गत कृषि उत्पादन वृद्धि योजना के लिए 4.30 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति भी जारी की गई है। संबंधित विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि योजनाओं का लाभ सीधे किसानों और विद्यार्थियों तक पहुंच सके।

### साधु-संतों के अपमान का लगाया आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर साधु-संतों और शंकराचार्य के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया।



उन्होंने कहा कि शंकराचार्य और सभी साधु-संत हमारे समाज की शोभा हैं और जनता उनसे आशीर्वाद लेने आती है। सपा प्रमुख ने बुधवार को राजधानी में मीडिया से बात करते हुए कहा कि अगर अधिकारी शंकराचार्य से उनके परिचय और प्रमाण पत्र मांग रहे हैं तो यह सनातन धर्म का अपमान है। भाजपा सरकार संविधान, कानून और परंपरा की अवहेलना कर रही है और साधु-संतों, माघ मेले और देश की धार्मिक भावनाओं के साथ असम्मानपूर्ण व्यवहार कर रही है।

# महिला आयोग की बैठक में नहीं पहुंचीं अपर्णा यादव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष और भाजपा की नेता अपर्णा यादव लखनऊ में बुधवार



को राज्य महिला आयोग की बैठक में नहीं पहुंचीं। जबसे उनके पति व मुलायम सिंह यादव के पुत्र प्रतीक यादव ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर दो पोस्ट साझा करके तलाक देने का एलान किया है, तबसे वह मीडिया और कार्यक्रमों से दूर हैं। हालांकि बुधवार को उनके एक्स हैंडिल से शाम को 5.30 बजे भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष नितिन नबीन को बधाई दी है। 18 जनवरी के बाद यही एक मात्र पोस्ट है।

लखनऊ में बुधवार को उप्र. राज्य महिला आयोग में समाज कल्याण विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विषयक एक कार्यशाला" का आयोजन किया गया था।

### सभी पोस्ट्स में कमेंट सेक्शन बंद

अपर्णा यादव ने सोशल मीडिया पर अपने सभी पोस्ट्स में कमेंट सेक्शन बंद कर दिया है। माना जा रहा है कि अपर्णा की सोशल मीडिया टीम ने यह फैसला उनके पति प्रतीक यादव की तलाक वाली पोस्ट के बाद लिया है।

# प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केंद्र के लिए आवेदन होंगे ऑनलाइन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


- 10 लाख की आबादी पर बनेगा एक प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केंद्र

**अमृत विचार :** सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने और प्रशिक्षित चालकों को ही स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में नए प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केन्द्र (एडीटीसी) खोले जाएंगे। आटोमेटेड ड्राइविंग ट्रैक का नए सेंटर शुरू के लिए आवेदन प्रक्रिया को अब ऑनलाइन किया जाएगा। यह जानकारी परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने दी।

परिवहन मंत्री ने बुधवार को बताया कि वाहन के चालन प्रशिक्षण को वैज्ञानिक, व्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय मोटरयान नियमावली, 1989 में संशोधन किए गए हैं। उक्त क्रम में प्रत्यायन प्राप्त चालन प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना एवं उनके क्रियान्वयन के लिए नए प्रावधान जोड़े गए हैं। उन्होंने बताया कि अब तक केन्द्रों की स्थापना एवं रख-रखाव के लिए आवेदन प्रक्रिया ऑफलाइन थी, लेकिन अब नए विकसित पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। पोर्टल को शीघ्र ही लाइव कर दिया जाएगा।

### 58 जिलों में बदलेगी प्रक्रिया

मंत्री दया शंकर सिंह ने बताया कि अब तक 58 जिलों (आईडीटीआर एवं डीटीटीआई को छोड़कर) में प्रत्यायन प्रशिक्षण केन्द्रों की कार्रवाई ऑफलाइन माध्यम से की जा रही थी, लेकिन आगे से सभी जिलों में आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 10 लाख की आबादी पर एक प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किए जाने का प्रावधान है। वर्तमान में लगभग 21 जिलों में इन प्रशिक्षण केन्द्रों का संचालन विभाग द्वारा किया जा रहा है।


जनभवन में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें 'मोदी : वैश्विक व्यवस्था के शिल्पकार' पुस्तक भेंट की। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी उपस्थित रहे।

### विकास कार्य समय से पूरे हों : मुख्य सचिव

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सभी विकास अधिकारियों को जनपद के विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई शिथिलता नहीं होनी चाहिए और सभी जनहितकारी कार्य समय पर पूर्ण किए जाएं। मुख्य सचिव बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मंडलायुक्तों और मुख्य विकास अधिकारियों के साथ शासन की प्राथमिकता योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की संख्या तीन करोड़ तक बढ़ाने के निर्देश दिए।

**क्रूरता बनाम मानवीयता** | उन्नाव में झोलाछाप ने गोकशी या गलाघोंटू से बचाव का यूट्यूब देख बिगाड़ा केस, बरेली में जटिल सर्जरी कर गाय को दिया गया जीवनदान

# सांस व खाने की नली काटकर डाला पाइप, आईवीआरआई ने बचाई जान

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ/महिपाल गंगवार, बरेली

- अत्यधिक रक्तस्राव होने और सांस में तकलीफ होने की वजह गोवंश के बचने की संभावना थी कम

**अमृत विचार :** भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) बरेली के प्रधान वैज्ञानिक अभिजीत पावडे ने निराश्रित गाय की सांस नली काटकर क्रूरता से डाला गया करीब 10 इंच का पाइप निकाल दिया। साथ ही डॉ. अमन तिवारी, डॉ हर्षा, डॉ. बलकरण आदि के साथ ढाई घंटे की जटिल सर्जरी कर काटी गई सांस व खाने की नली दोबारा जोड़ उस गोवंश को नया जीवनदान दिया। 'अमृत विचार' के प्रयास से आखिरकार क्रूरता के शिकार इस गोवंश को राहत मिली।

दरअसल, उन्नाव के दयालखेड़ा में किसी झोलाछाप ने निराश्रित गाय को गलाघोंटू से बचाने या फिर शोध करने के लिए सांस की नली काट दी। सांस लेने के लिए नली के एक हिस्से में करीब 10 इंच का पानी का पाइप डाल दिया। इस अप्रशिक्षित कृत्य से खाने की नली भी कटकर अलग हो गई। अधिक रक्तस्राव व हालत गंभीर होने पर उसे छोड़कर किनारे हो गया। रविवार को उन्नाव की हनुमंत जीव आश्रय संस्था ने गाय का रेस्क्यू किया। रात को निजी चिकित्सकों को दिखाया तो हाथ खड़े कर दिए। दूसरे दिन सोमवार को नवाबगंज पशु चिकित्सालय के योग्य सर्जन डॉ. राजेश मौर्या के पास ले गए। उन्होंने भी जटिल सर्जरी और बचने की उम्मीद कम बताकर बरेली ले जाने की सलाह दी। आठ घंटे का सफर तय करने के लिए जरूरी उपचार दिया।


गाय के गले में पड़ा पाइप।


आईवीआरआई बरेली में सर्जरी के बाद गाय।

इधर, संस्था के कुछ लोगों ने आईवीआरआई के निदेशक डॉ. त्रिवेदी दत्त को अवगत कराते हुए सहयोग मांगा। उन्होंने तत्काल डॉ. किरनजीत सिंह विभागाध्यक्ष और पीआरओ सतीश जोशी को सर्जरी के लिए निर्देशित किया। साथ ही प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अभिजीत पावडे के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम गठित कर मंगलवार सुबह जटिल सर्जरी कराई। निदेशक निराश्रित गाय और उसकी यह स्थिति देख स्वयं ओटी देखने पहुंच गए। सब कुछ ठीक होने पर उन्नाव वापस भेज दिया। वहां, डिप्टी सीवीओ सदर डॉ. संजय चतुर्वेदी की निगरानी में आगे का उपचार किया गया।

### एक नली थी गायब, अनास्टोमोसिस विधि से ढूंढकर जोड़ी

सर्जरी के दौरान सांस की नली का एक हिस्सा गायब था। जिसे ऊतक संधि या अनास्टोमोसिस विधि द्वारा एसेल्यूलर ग्राफ्ट यानी कोशिकाविहीन प्रत्यारोप की मदद से ढूंढकर जोड़ा गया। इसके बाद खाने की नली को भी इसी विधि से खोजकर जोड़ा। चूंकि पाइप के निकलते ही बहुत रक्तस्राव भी हुआ। एक्सरे में साफ दिख रहा कि पाइप के लचीले पन की वजह से अंदर डालने के बाद वह मुड़ गया। पाइप मुड़ा होने की वजह से सांस ठीक से आ जा नहीं पा रही थी। अतिउत्साहित झोलाछाप के इस कार्य से पशु की जान पर बन आई।

### गोकशी की आशंका यह 5वां केस

डॉ. अभिजीत ने बताया कि गाय की श्वास नली यानी ट्रेकिया और खाने की नली यानी इसोफैगस दोनों कटी थी। प्रथमदृष्टया गोकशी का केस है। इस तरह के यूपी के चार जटिल केस की वह सर्जरी कर चुके हैं। ऐसा ही यह पांचवां केस है। किसी व्यक्ति द्वारा बचाव करके झोलाछाप को दिखाया गया। उसने अपूर्ण ज्ञान जो की यूट्यूब वीडियो के माध्यम से देखकर श्वास नली में एक घरेलू पानी का पाइप 10 इंच तक का ट्रेकिया में डाल दिया और एक इंच पाइप बाहर सांस लेने के लिए बाहर लटका दिया। इससे खून और गंदगी भी सांस के द्वारा फेफड़ों में जाती रही। झोलाछाप की यह प्रैक्टिस जानलेवा हो गई।

## न्यूज ब्रीफ

### भैंस के विवाद में दो पक्ष भिड़े, पथराव

**अमृत विचार, माल :** गौरैया गांव भैंसों को रास्ते से भैंस निकालने पर दो पक्षों में विवाद हो गया। गौरैया निवासी रूबी सिंह ने बताया कि 19 जनवरी को पड़ोसी महेंद्र सिंह उर्फ बंटी की भैंसे छुट्टा आ रही थीं। बच्चों की सुरक्षा को लेकर रूबी ने विरोध किया तो गाली-गलौज शुरु कर मारने दौड़ा। रूबी का बेटाराम बाबू और भतीजा गजराज भी आ गए। महेंद्र ने भाई करन सहित कई लोगों को बुला लिया और घर में तोड़फोड़ शुरू कर दी। तमंचा निकाल कर फायर कर दिया, लेकिन गोली नहीं चली। पुलिस को फोन करने पर धमकी देकर भाग गए। रात में महेंद्र ले छत से पथराव किया, जिसमें अर्जुन सिंह घायल हो गया। रूबी ने महेंद्र सिंह, करन सिंह व चार अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। दूसरे पक्ष से दीशू सिंह ने रामबाबू, गजराज, मलखान व अन्य पर महेंद्र को पीटने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** थाना क्षेत्र स्थित बहादुर खेड़ा गांव के पास बुधवार देर शाम डीसीएम की टक्कर से बाइक सवारकी मौत हो गई। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मरुई गांव निवासी धनवीर (55) मोटरसाइकिल से घर आ रहे थे। रास्ते में बहादुरखेडा. के पास डीसीएम की टक्कर से उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि धनवीर की पत्नी व बेटे की पूर्व में ही मौत हो चुकी है। परिवार में सिर्फ बेटी अनुराधा है। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

### दो बाइकें टकराई, जवान समेत दो घायल

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** थाना क्षेत्र स्थित आईटीबीपी के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गयी। हादसे में आईटीबीपी जवान समेत दो लोग घायल हो गए। मोहनलाल खेड़ा निवासी सचिन (18) काम करके बाइक से घर जा रहे थे। आईटीबीपी गेट नंबर-2 के पास उनकी बाइक और जवान पवन की बाइक की टक्कर हो गई। सचिन को सीएचसी से ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

# रास्ते देखकर निकलें, आज बदली है यातायात व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल के चलते किया गया बदलाव
- समस्या आने पर कर सकते हैं 9454405155 पर फोन

**अमृत विचारः** गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड का गुरुवार को रिहर्सल किया जाएगा।

प्रथम रिहर्सल परेड सुबह 8 बजे से चारबाग बाल विद्या मंदिर के बाहर से शुरू होकर बर्लिंगटन, विधानसभा मार्ग से हजरतगंज महात्मा गांधी मार्ग होते हुए केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर समाप्त होगी। इसे देखते हुए शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। डीसीपी ट्रैफिक कमलेश दीक्षित ने बताया कि बदलाव के दौरान सामान्य वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से गुजरना होगा। इस दौरान ट्रैफिक से संबंधित समस्या आने पर कंट्रोल नंबर 9454405155 पर संपर्क किया जा सकेगा। जाम में एंबुलेंस फंसने या स्कूली बच्चों के वाहन फंसने जैसी स्थिति में ट्रैफिक पुलिस पूरी मदद करेगी।

### स्कूलों की छुट्टी के समय ध्यान देने की जरूरत

- यातायात व्यवस्था में सुबह 8 बजे से बदलाव किया गया है। रिहर्सल के दौरान ही स्कूलों की छुट्टी का समय होगा। इसे देखते हुए स्कूल प्रबंधनों को चाहिए आपस में तालमेल कर छुट्टी के समय में कुछ बदलाव कर लें, जिससे कि सड़कों पर यातायात का दबाव न बढ़े और बच्चे समय पर घरों को पहुंच जाएं। जाम लगने की स्थिति में एंबुलेंस को पहले रास्ता दें।

## बाल विद्या मंदिर-चारबाग से हजरतगंज चौराहे तक

### इधर से नहीं जा सकेंगे

- हीवेट रोड तिराहे से राणा प्रताप चौरहे की ओर।
- बंदरिया बाग चौराहे से वाहन हजरतगंज की ओर।
- डीएवी कॉलेज ओवरब्रिज ढाल से बासमंडी की ओर।
- सदर एवं कुंवर जगदीश चौराहे से लोको चौराहे की ओर।
- आलमबाग और मवैया से आने वाले वाहन केकेसी की ओर।
- मोहन होटल तिराहे से केकेसी एपी सेन रोड तिराहे की ओर।
- केकेसी तिराहे से चारबाग रविंद्रालय एवं राणा प्रताप चौराहे की ओर।
- राणा प्रताप चौराहे से छितवापुर चौकी, केकेसी एवं चारबाग की ओर।
- सदर ओवरब्रिज से आने वाले वाहन हुसैनगंज के रास्ते कैसरबाग की ओर।
- उदयगंज, सिंचाई भवन से एनेक्सी से आने वाले वाहनों को विधानभवन की ओर।
- कैसरबाग चौराहे से हुसैनगंज चौराहा अथवा बाबू भवन की ओर।

### इधर से जा सकेंगे

- बासमंडी के रास्ते
- बासमंडी अथवा कैसरबाग चौराहे के रास्ते।
- कैसरबाग अथवा चारबाग तिराहे से दाहिने।
- गोल्फ क्लब, 1090 चौराहा, गांधी सेतु के रास्ते।
- रविंद्रालय तिराहे से लाटूश रोड अथवा बासमंडी के रास्ते।
- लोको वर्कशाप से फतेहअली, आलमबाग अथवा कैंट के रास्ते।
- लालबत्ती चौराहा अथवा उदयगंज तिराहे से सदर ओवरब्रिज के रास्ते।
- लोको चौराहे से कुंवर जगदीश, आलमबाग कैंट से लालबत्ती चौराहे के रास्ते।
- बासमंडी, रविन्द्रालय तिराहा से दाहिने यू-टर्न कर नत्था, मवैया होकर जाएंगे।
- बासमंडी, चारबाग नत्था होटल तिराहा, आलमबाग या परिवर्तन चौक, हनुमान सेतु के रास्ते, संकल्प वाटिका के रास्ते।
- कैंट एसएन पेट्रोल पंप, कटाई पुल, बंदरिया बाग, गोल्फ क्लब और गांधी सेतु से संकल्प वाटिका से परिवर्तन चौक के रास्ते।

## परिवर्तन चौक और केडी सिंह स्टेडियम के आसपास

### इधर से नहीं जा सकेंगे

- प्रेस क्लब तिराहा से डीएम आवास, हिंदी संस्थान की ओर।
- कैसरबाग से आने वाली रोडवेज, सिटी बसें रायल होटल, हुसैनगंज की ओर।
- चारबाग से आने वाली रोडवेज, सिटी बसें, स्टेशन रोड के रास्ते हजरतगंज की ओर।
- गोमतीनगर से आने वाली सिटी और रोडवेज बस सिकंदरबाग चौराहे से हजरतगंज की ओर।
- चिरैयाझील एवं मोतीमहल लान तिराहा से स्टेट बैंक मुख्य शाखा के रास्ते केडी सिंह स्टेडियम।
- आईटी चौराहा, कैसरबाग और चौक से आने वाले वाहन केडी सिंह स्टेडियम रोड के रास्ते हजरतगंज।
- महानगर, निशातगंज की ओर से आने वाली सिटी और रोडवेज बस सिकंदरबाग के रास्ते हजरतगंज की ओर।

### इधर से जा सकेंगे

- परिवर्तन चौक से चाइना बाजार एवं निशातगंज के रास्ते।
- चिरैयाझील तिराहा, लक्ष्मण मेला बंधा रोड, संकल्प वाटिका एवं हनुमान सेतु रास्ते।
- संकल्प वाटिका से बाएं बैकुंठधाम तिराहा, गांधी सेतु, गोल्फ क्लब, बंदरिया बाग के रास्ते।
- आलमबाग, कुंवर जगदीश चौराहा, कैंट, लालबत्ती, बंदरिया बाग और गोल्फ क्लब के रास्ते।
- परिवर्तन चौक के कैसरबाग अथवा क्लार्क अवध तिराहा से चिरैयाझील, बैकुंठ धाम एवं हनुमान सेतु के रास्ते।
- लाटूश रोड से बांसमंडी, चारबाग, नत्था चौराहे, मवैया अथवा क्लार्क अवध, संकल्प वाटिका एवं हनुमान सेतु के रास्ते।
- गोल्फ क्लब, बंदरिया बाग, लालबत्ती, कैंट या समतामूलक, पेपर मिल तिराहा, हनुमान सेतु और परिवर्तन चौक के रास्ते।

## हजरतगंज चौराहे और मेफेयर तिराहा

### इधर से नहीं जा सकेंगे

- लालबाग चौराहे से वाहन मेफेयर तिराहे की ओर।
- हजरतगंज चौराहे से मेफेयर और परिवर्तन चौक की ओर।
- गोल्फ क्लब चौराहे से पार्क रोड के रास्ते, हजरतगंज चौराहे को।
- निशातगंज और संकल्प वाटिका से हजरतगंज चौराहा, विधान भवन की ओर।
- राजभवन चौराहे से एनेक्सी तिराहे तक सामान्य वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।
- नरही, दैनिक जागरण चौराहा से मीराबाई मार्ग तिराहा से हजरतगंज चौराहे की ओर।
- गोमतीनगर से आने वाले वाहन दैनिक जागरण, सिकंदरबाग चौराहे से हजरतगंज की ओर।
- कमिश्नर आवास तिराहे से बैंक ऑफ इंडिया तिराहे के रास्ते एलआइसी बिल्डिंग तिराहा।

### इधर से जा सकेंगे

- पार्क रोड चौराहा से नरही के रास्ते।
- नावेल्टी कार बाजार के रास्ते हरिओम मंदिर रो होते हुए।
- मीराबाई मार्ग तिराहा से सप्रू मार्ग तिराहा, सिकंदरबाग के रास्ते।
- बैंक ऑफ इंडिया तिराहा से लीला सिनेमा तिराहे के रास्ते नवल किशोर रोड।
- संकल्प वाटिका से हनुमान सेतु तिराहा और परिर्वतन चौक, क्लार्क अवध के रास्ते।
- संकल्प वाटिका से बांए बैकुंठधाम, बालू अड्डा, गांधी सेतु, जियामऊ, गोल्फ क्लब, कैंट के रास्ते।
- अशोक मार्ग से मीराबाई मार्ग, सप्रू मार्ग तिराहा, सिकंदरबाग चौराहे और संकल्प वाटिका एवं हनुमान सेतु के रास्ते।

### विधानभवन के आसपास

- हजरतगंज चौराहे से रायल होटल (बापूभवन) चौराहा और विधनसभा मार्ग पर 25 जनवरी को दोपहर दो बजे से वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।
- नावेल्टी लालबाग चौराहे से कैपिटल तिराहा के मध्य परेड के दौरान वाहनों का आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। केवल कार पास वाले वाहन ही नावेल्टी चौराहे से जनपथ तक वाहनों को पार्क करने के लिए जा सकेंगे।

### हुसैनगंज चौराहे के आसपास

- कैसरबाग चौराहे से वाहन हुसैनगंज की ओर नहीं जा सकेंगे। यह वाहन लाटूश रोड, बांसमंडी अथवा परिवर्तन चौक के रास्ते जाएंगे।
- हुसैनगंज से सिंचाई भवन सदर की ओर से वाहन बर्लिंगटन चौराहे की ओर नहीं जा सकेंगे। यह वाहन उदयगंज सदर तिराहे से योजना भवन और लालबत्ती चौराहे के रास्ते जा सकेंगे।

### रॉयल होटल चौराहा के आसपास

- रॉयल होटल (बापू भवन) चौराहा से सिसेण्डी एवं खंदारी बाजार (सुपर मार्केट), लालबाग चौराहा के मध्य वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। सिसेण्डी की तरफ एवं खंदारी बाजार/नूर मंजिल की तरफ से आने वाले वाहन को कुछ समय के लिए चौराहा की ओर नहीं आने दिया जायेगा। बल्कि यह डा. सूजा रोड या लालबाग होकर जाएंगे।

## 58 एजेंटों को दिया रियल एस्टेट प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने मंगलवार को 30वें रियल एस्टेट एजेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम एनआईईटी परिसर ग्रेटर नोएडा में शुरू किया।

उद्घाटन अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने किया गया। इस अवसर पर लखनऊ मुख्यालय से सचिव महेंद्र वर्मा तथा प्रमुख सलाहकार अबरार अहमद ऑनलाइन माध्यम से जुड़े और रियल एस्टेट के कार्य, नियम और उपभोक्ताओं के हितों पर प्रशिक्षित किया। यह प्रशिक्षण छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित हुआ। सहायक प्रोफेसर ऋषि श्रीवास्तव ने रियल एस्टेट क्षेत्र की मजबूती और विश्वसनीयता तीन प्रमुख स्तंभों प्रमोटर, रियल एस्टेट एजेंट और रेरा पर आधारित जानकारी दी।

## 8वीं तक मान्यता, करा रहे 12वीं तक पढ़ाई

संवाददाता, माल

**अमृत विचारः** माल क्षेत्र में आठवीं तक मान्यता वाले विद्यालय हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की कक्षाएं चला रहे हैं। विकासखंड माल में निजी माध्यमिक स्कूल नियम-कानून की धज्जियां उड़ाकर छात्रों के फर्जी तरीके से दाखिले करा रहे हैं। कई स्कूल ऐसे हैं जिनकी मान्यता आठवीं तक है, लेकिन उनमें 10 वीं 12वीं तक के बच्चे पढ़ रहे हैं।

ये स्कूल 10 वीं 12वीं तक मान्यता वाले उन निजी स्कूलों में इन छात्रों का पंजीकरण देते हैं जहां छात्र संख्या कम है। बच्चों से ज्यादा पंजीकरण शुल्क और ठीकठाक फीस वसूलकर दोनों स्कूल कमाई कर लेते हैं। वर्षों से यह खेल चल रहा है लेकिन आज तक अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। बता दें कि 10वीं 12वीं तक मान्यता प्राप्त स्कूल ऐसे छात्रों को दाखिला देकर माध्यमिक शिक्षा परिषद में पंजीकरण करते है। जो किसी अन्य स्कूल में पढ़ते हैं या फिर केवल परीक्षा देने आते हैं। पूरे साल स्कूल न आने के बाद भी प्रमाणपत्र और अंकतालिका में रेग्युलर स्टूडेंट लिखा होता है।

## जैविक खेती करने पर दिया जोर

संवाददाता,सरोजनीनगर

**अमृत विचार :** जेल रोड स्थित केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान में बुधवार को कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता के अंतर्गत एग्रो क्लाइमेटिक किसान मेला एवं परंपरागत कृषि विकास मेले का आयोजन किया गया। अध्यक्षता डॉ. अजय कृष्ण संयुक्त कृषि निदेशक लखनऊ मंडल ने की। मुख्य अतिथि विधायक मलिहाबाद जय देवी ने गोबर खाद, हरी खाद के साथ अन्य जैविक खाद के प्रयोग पर जोर दिया। केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार दुबे ने सामान्य एवं ऊसर भूमियों में फसल एवं फलदार पेड़ों की पौधरोपण कर अच्छे प्रबंधन से अपनी आमदनी बढ़ाने की जानकारी दी। उपनिदेशक कृषि विनय कुमार कौशल ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

सादर नमन

CMS
CITY MONTESSORI SCHOOL



डॉ. जगदीश गांधी
संस्थापक, सिटी मोन्टेसरी स्कूल (सी.एम.एस.)
(10 नवम्बर, 1934–22 जनवरी, 2024)

बच्चों की शिक्षा, विश्व शांति और मानवता की सेवा को समर्पित एक युगपुरूष का सादगीपूर्ण जीवन।

उन्होंने सिटी मोन्टेसरी स्कूल को विश्व पटल पर स्थापित किया और इसे एक ही शहर में स्थित विश्व का सबसे बड़ा विद्यालय बनाया, जो 1999 से 'गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में दर्ज़ है।

उन्होंने सी.एम.एस. में विश्व–नागरिकता की शिक्षा की नींव रखी, जिसके लिए सी.एम.एस. को वर्ष 2002 में ''यूनेस्को प्राइज़ फॉर पीस एजूकेशन'' से पैरिस (फ्राँस) में सम्मानित किया गया – इस पुरस्कार के 45 वर्षों के इतिहास में यह सम्मान प्राप्त करने वाला यह विश्व का एकमात्र विद्यालय है।

उन्होंने लाखों छात्रों का मार्गदर्शन किया जो आज विभिन्न क्षेत्रों में समाज की सेवा कर रहे हैं, और हज़ारों शिक्षकों को सशक्त बनाया जो उनके मूल्यों को कर्म में चरितार्थ करते हैं।

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मुख्य न्यायाधीशों के वार्षिक सम्मेलन की स्थापना कर 143 देशों के 1,576 मुख्य न्यायाधीशों एवं न्यायाधीशों को पिछले 25 वर्षों में विश्व शांति के लिए एक मंच पर एकत्र किया तथा दो लाख से अधिक सी.एम.एस. छात्रों में उनका प्रतिभाग करा के उनमें वैश्विक चेतना और शांति का संस्कार जागृत किया।

वे पीढ़ियों के लिए जिए, और पीढ़ियाँ उनके मूल्यों से प्रेरित हो कर जी रहीं हैं।

वे सदैव हमारी प्रार्थनाओं में रहेंगे। हम उनकी विरासत को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित हैं।

प्रो. गीता गांधी किंगडन
प्रबन्धक, सिटी मोन्टेसरी स्कूल, लखनऊ

सिटी मोन्टेसरी स्कूल परिवार

डॉ. भारती गांधी
संस्थापिका–निदेशिका, सिटी मोन्टेसरी स्कूल, लखनऊ

## न्यूज ब्रीफ

### पांच दिन बाद भी युवक का नहीं चला पता

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार** : जासेपुर से ससुराल जाने की बात कहकर निकले युवक का पांच दिन बाद भी पता नहीं चल सका है। लापता युवक की पत्नी सबा ने पुलिस को तहरीर दी है। सबा ने बताया कि वह अपने मायके सुबेहा थाना क्षेत्र के महतेली टोला नगर पंचायत सुबेहा में रह रही है। सबा के अनुसार, उनकी ननद ने फोन पर बताया कि भाई अब्दुल हफीज 15 जनवरी से गायब है। सबा मंगलवार को जासेपुर पहुंचीं। प्रधान के घर जाकर पता किया। तो बताया गया कि अब्दुल हफीज 15 जनवरी की शाम करीब 5 बजे ससुराल जाने की बात कहकर घर से निकला था।

### कॉलेज गई एएनएम छात्रा लापता

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार** : क्षेत्र में एक एएनएम छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। वह कॉलेज जाने की बात कहकर निकली थी। पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री 20 जनवरी को कॉलेज जाने के लिए घर से निकली थी लेकिन लौटी नहीं। पिता ने बताया कि उनकी पुत्री का मोबाइल फोन भी बंद है।

### मंदिर से फिर चोरी हो गया चांदी का मुकुट

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार** : असंद्रा क्षेत्र के जरौली गांव के मंदिर को चोरों ने दोबारा निशाना बनाया और मूर्ति पर लगा चांदी का मुकुट ले उड़े। इससे पहले हुई चोरी का खुलासा अब तक नहीं हो सका है। एक सप्ताह पहले एक भक्त द्वारा मुकुट चढ़ाया गया था, जिसको मंगलवार की रात चोर उठा ले गए। पुलिस जांच कर रही है। जरौली में बाबा सागर दास के नाम से हनुमानजी का मंदिर है।

### कलश यात्रा और कथा का शुभारंभ

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार** : दरियाबाद के निहाल ग़ाज़ीपुर स्थित लंगूरी धाम मंदिर में बुधवार को कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय कथा का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने सबसे पहले प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजन-अर्चन किया और आचार्य श्याम सारथी के सानिध्य में कल्याणी नदी के तट पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलशों में जल भरा गया। कलश यात्रा में महेश तिवारी, सोमनाथ, दिलीप तिवारी, अनुराग, दुर्गेश यादव, रिंकू सिंह, अनिल सिंह, रणजय सिंह आदि मौजूद थे।

# बाबा पठान की अवैध प्लाटिंग पर गरजा बुलडोजर

## राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई, एक अन्य स्थान पर भी ढहायी गयी अवैध प्लॉटिंग

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार** : जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर बुधवार को अनियमित निर्माण और अवैध प्लाटिंग पर बड़ी कार्रवाई की गई। प्रशासन ने बाबा पठान की अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर कार्रवाई की। ग्राम भुहेरा में अबुबकर कमरूद्दीन उर्फ बाबा पठान द्वारा एचएम ग्रीन सिटी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से 0.948 हेक्टेयर भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग और निर्माण को राजस्व और पुलिस टीम की संयुक्त कार्रवाई में ध्वस्त किया गया। प्लाटिंग के गेट को भी बुलडोजर से गिरा दिया गया। इसी क्रम में ग्राम सेहरिया, परगना, तहसील नवाबगंज में 0.487 हेक्टेयर भूमि पर प्रमोद यादव और अन्य द्वारा की जा रही अवैध प्लाटिंग को भी हटाया गया। एसडीएम नवाबगंज आनंद तिवारी ने बताया कि कोर्ट की सुनवाई के बाद ध्वस्तीकरण का आदेश दिया गया था, जिसका अनुपालन कराया गया। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने स्पष्ट किया कि जिले में बिना स्वीकृति की प्लाटिंग और निर्माण किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हैं और न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, ताकि जिले का विकास नियोजित, सुरक्षित और नियमों के अनुरूप सुनिश्चित किया जा सके।

बॉक्स--




एचएम ग्रीन सिटी गेट को ढहाता बुलडोजर। ● अमृत विचार

### नौ से अधिक मुकदमों में वांछित है बाबा पठान

बुधवार को जिला प्रशासन ने जिस भू माफिया बाबा पठान के खिलाफ एक्शन लिया, है। अब तक उसके खिलाफ नौ से अधिक मुकदमे भी दर्ज हो चुके हैं। वह भी जमीन कब्जाने से लेकर जान माल की धमकी देने तक। इसके बावजूद भी बाबा पठान पुलिस की आंखों से ओझल बना हुआ है।

### अतिक्रमण पर गरजी जेसीबी, टीम देख भागे कब्जेदार

**बाराबंकी, अमृत विचार** : बुधवार को शहर व जिले भर की नगर पंचायतों में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। इस दौरान मुख्य बाजार व मार्गों के किनारे अतिक्रमण हटवाने के साथ ही दुकानों के चालान किए गए। नगर पालिका परिषद नवाबगंज क्षेत्र में बुधवार को शहर कोतवाली से धनोखर चौराहा तक अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान जेसीबी के जरिए होर्डिंग आदि हटवाने के साथ ही चेताने के बावजूद काबिज दुकानदारों का तीन हजार रुपये का चालान किया गया। इस दौरान पालिका के संजय भारती, आफताब अहमद आदि शामिल रहे। देवा प्रतिनिधि के अनुसार नगर पंचायत एवं स्थानीय पुलिस टीम द्वारा एक दिन पूर्व नगर पंचायत की ओर से लाउडस्पीकर के माध्यम से कस्बे में मुनादी कराने के बावजूद अतिक्रमण न हटाए जाने पर बुधवार को अभियान चलाया गया। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत देवा संध्या मिश्रा एवं इंस्पेक्टर देवा अजय कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में सड़क किनारे लगे ठेले, अस्थायी दुकानें एवं अन्य अवैध कब्जे हटवाए गए कार्रवाई के दौरान पुलिस बल मौजूद रहा। इस मौके पर सफाई नायक सोहन वाल्मीकि सहित नगर पंचायत के कई कर्मचारी उपस्थित रहे। रामसनेहीघाट प्रतिनिधि के अनुसार दरियाबाद में अधिशासी अधिकारी शीलू अवस्थी के नेतृत्व में लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज से लेकर दरियाबाद तिराहे तक सड़क के दोनों किनारों पर फैले अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान सड़क व नालों पर अवैध रूप से किए गए कब्जों को हटाकर मार्ग को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराया गया। वहीं रामसनेहीघाट नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी संतोष चौधरी ने भिटरिया से तहसील परिसर तक विशेष अभियान चलवाया।



देवा में अवैध निर्माण पर चलता बुलडोजर।

# कानपुर में पेड़ से टकराई कार, दो छात्रों की मौत

- घर के एकलौते थे कन्नौज के दोनों छात्र, दोस्तों संग पनकी मंदिर दर्शन व पार्टी करने गए थे

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** कल्याणपुर में तेज रफ्तार कार सड़क किनारे पेड़ से सीधी टकरा गई। हादसे में पनकी हनुमान मंदिर के दर्शन व पार्टी करके लौट रहे चार छात्र गंभीर घायल हो गए। सभी को तत्काल हैलट भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया। कार चला रहे छात्र का ध्यान भटकने से पल भर में हादसा हुआ। एक छात्र डी-फार्मा तो दूसरा ऑप्टोमेट्री में डिप्लोमा कर रहा था। घायल छात्रों की हालत गंभीर बनी है। दोनों का सर्वोदयनगर स्थित निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

कन्नौज के सौरिख आरिमपुर निवासी गिरीश चंद्र यादव प्राइवेट नौकरी करते हैं। परिवार में पत्नी बेबी, बेटी दीप्ति और 18 वर्षीय इकलौता बेटा आकाश था। आकाश महाराणा प्रताप से डी-फार्मा का छात्र था। वहीं तिर्वा के लोहियानगर के रहने वाले शैलेश कुमार खेती के साथ कैटरर्स के यहां खाना बनाने का काम करते हैं। परिवार में पत्नी संगीता, बेटी श्रद्धा और इकलौता बेटा 19 वर्षीय प्रथम पांडेय था। वह सीएसजेएमयू से ऑप्टोमेट्री में डिप्लोमा कर रहा था। उसकी बहन श्रद्धा मेडिकल कॉलेज से आर्थो का कोर्स कर रही है। आकाश व प्रथम में अच्छी मित्रता हो गई थी। परिजनों ने बताया कि दोनों मित्र सत्यम व आर्यन के साथ कार से पनकी मंदिर गए थे। लौटते समय पार्टी की और हॉस्टल लौट रहे थे। रात करीब डेढ़ बजे के करीब सत्यम कार चला रहा था। आर्यन आगे की सीट पर बैठा था। पीछे की सीट पर प्रथम व आकाश थे। कार आवास विकास स्थित एक नर्सिंगहोम के सामने पेड़ से जा टकराई। लोगों ने पुलिस को खबर दी। पुलिस आई और सभी को हैलट भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया। कन्नौज से दोनों के परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और बिलखते रहे।

## ट्रांसफार्मर से पाट्र्स और तेल चोरी

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार** : नगर के नालापार दक्षिणी मोहल्ले में मंगलवार देर रात चोरों ने ऐसा कारनामा दिखाया कि लोग दंग रह गए। बिजली आपूर्ति चालू रहने के बावजूद चोरों ने ईदगाह के पास लगे 250 केवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर को उसके प्लेटफार्म से अलग कर नीचे गिरा दिया और उसके सभी कीमती पाट्र्स व तेल निकाल कर बेखौफ फरार हो गए। इस घटना के बाद इलाके की बिजली पूरी तरह ठप हो गई। बुधवार सुबह जब वार्ड-1 के सभासद मो. राहिल ने बिजली गुल होने की शिकायत की, तो विद्युतकर्मी मौके पर पहुंचे। वहां का नजारा देख वे भी हैरान रह गए, देखा कि ट्रांसफार्मर जमीन पर बिखरा पड़ा था। बताया गया कि रेलवे स्टेशन फीडर से जुड़े इस ट्रांसफार्मर को जाली से ढका गया था, इसके बावजूद चोरों ने पहले बिजली के तार अलग किए, फिर ट्रांसफार्मर गिराकर उसके सभी कीमती पाट्र्स खोल लिए।

# टेंट व्यापारी ने पिस्टल से खुद को गोली मार दी जान

**बाराबंकी, अमृत विचार** : शहर कोतवाली क्षेत्र में टेंट व्यापारी ने घर में लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। उन्हे अस्पताल ले जाया गया लेकिन डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के पीछे मानसिक तनाव बताया जा रहा है।



संजय जायसवाल फाइल फोटो।

घटना बुधवार की सुबह आजादनगर में पुरानी सब्जी मंडी के पीछे हुई। यहां रहने वाले टेंट व्यापारी राजेन्द्र जायसवाल के इकलौते बेटे संजय जायसवाल (50) ने खुद को कमरे में बंद कर गोली मार ली। फायर की आवाज सुनकर परिजन कमरे की ओर दौड़े तो संजय को खून से लथपथ पाया। परिजन में उन्हें हिन्द मेडिकल कालेज ले गए पर वहां संजय को मृत घोषित कर दिया गया। बताया जा रहा कि सुबह संजय अपने कमरे में थे, जबकि परिवार के अन्य सदस्य रोजमर्रा के कामों में व्यस्त थे। तभी कमरे से गोली चलने की तेज आवाज आई।

इकलौते पुत्र संजय पुराने कारोबार को जिम्मेदारी से संभाल रहे थे। उनकी पुत्री एमबीए करने के बाद सेवारत है तो बेटा किराने की दुकान की देख रेख कर रहा है। सूचना मिलते ही शहर कोतवाली पुलिस घटनास्थल पहुंची, मौके की जांच में सिर में गोली लगने की पुष्टि हुई है।

पुलिस ने लाइसेंसी पिस्टल को कब्जे में ले लिया है। शहर कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि प्रथमदृष्टया मानसिक तनाव परेशान होकर ऐसा कदम उठाने की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की जांच में जुटी है।

## फंदे से लटका मिला युवक का शव

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार** : बड्डूपुर के लिलौली निवासी 26 वर्षीय रवि वर्मा का शव बुधवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। रवि का शव देवां थाना क्षेत्र के मैदानपुरवा गांव स्थित उसके ननिहाल के एक कमरे में फंदे से लटका मिला। परिजनों के अनुसार, रवि तीन दिन पूर्व अपने ननिहाल गया था। बुधवार सुबह परिजनों ने उसे कमरे में फंदे से लटका देखा तो घर में कोहराम मच गया। रिश्तेदारों ने शव को नीचे उतारकर मृतक के परिजनों को जानकारी दी। परिजन मौके पर पहुंचे और शव को अपने पैतृक गांव ले गए। युवक की मौत के कारणों को लेकर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। परिजनों का कहना है कि घटना से पूरा परिवार स्तब्ध है। ननिहाल पक्ष की ओर से अभी तक पुलिस को शिकायत नहीं दी गई है। वहीं, शव गांव पहुंचने के बाद परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी।

# अपहरण के आरोपियों पर आखिरकार दर्ज हुई रिपोर्ट

**बाराबंकी, अमृत विचार** : पांच दिन से गायब रिटायर्ड होमगार्ड का अब तक पता नहीं चल सका है। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने गए परिजनों को पुलिस टहलाती रही, आखिरकार कोतवाली शहर पुलिस को तहरीर के आधार पर नामजद रिपोर्ट दर्ज करनी ही पड़ी। बताते चलें कि शहर से सटे ग्राम मंझपुरवा में शिव विहार कॉलोनी की रहने वाली मंजू सिंह ने अपने पति प्रेम सिंह यादव के अपहरण की आशंका जताते हुए कोतवाली नगर में शिकायती पत्र दिया था। बताया कि उनके पति रिटायर्ड होमगार्ड प्रेम सिंह यादव 16 जनवरी की शाम शुगर मिल बाजार स्थित मंदिर में पूजा करने के लिए घर से निकले, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। काफी तलाश किए जाने के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं लग सका। मंजू सिंह ने आरोप लगाया कि सहन की भूमि को लेकर 9 जनवरी को मोहल्ले के ही कुलदीप मिश्रा, रमाशंकर मिश्रा और सत्या पंडित द्वारा उनके पति प्रेम सिंह यादव, बेटे शिव सिंह यादव तथा भतीजे चंदेश कुमार यादव को जान से मारने की धमकी दी गई थी। कुलदीप ने कहा था कि 9 दिनों के अंदर उठा लेंगे। इन्हीं लोगों द्वारा उनके पति का अपहरण किया गया है और किसी अनहोनी की पूरी संभावना है। तहरीर दिए जाने के बावजूद पुलिस ने मामले की रिपोर्ट नहीं दर्ज की थी पर मंगलवार की रात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में जांच के आधार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



प्रेम सिंह यादव, रिटायर्ड होमगार्ड।

## दहेज हत्या में पति को 7 साल की कैद

**बाराबंकी, अमृत विचार** : जिला न्यायाधीश कोर्ट ने दहेज के लिए विवाहिता को जलाकर मार डालने के प्रकरण में पति को 7 वर्ष कारावास व 10 हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। बताते चलें कि 20 जुलाई 2018 को फैजाबाद जिले के थाना कैंट के बनवीरपुर के घनश्याम सिंह ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी बेटी संध्या सिंह का विवाह वर्ष 2013 में रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुरारपुर निवासी श्याम सिंह के साथ की थी। इसके बाद से ससुराल पक्ष दहेज की मांग करते हुए संध्या का उत्पीड़न करने लगे। गांव से एक शख्स ने फोन कर बताया कि संध्या की हत्या कर दी गई है। मायका पक्ष मौके पर पहुंचा तो देखा कि संध्या का शव बेड पर पड़ा था। जिला शासकीय अधिवक्ता अमित अवस्थी ने बताया कि न्यायालय ने अभियुक्त श्याम सिंह उर्फ मटरू को दोषसिद्ध करार दिया और 7 वर्ष कारावास व अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

# मतदाता पंजीकरण कार्यों की भाजपा ने की समीक्षा




बैठक में मौजूद भाजपा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**लखनऊ, अमृत विचार** : मतदाता गहन पुनरीक्षण नवमतदाता पंजीकरण अभियान फेस - 2 के अंतर्गत भाजपा पश्चिम विधानसभा के कार्यालय पर समीक्षा की गयी। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महानगर एसआईआर अभियान के संयोजक चेतन बिष्ट, पश्चिम विस के संयोजक प्रकाश मिश्रा, एसआईआर फेस-2 के अंतर्गत पश्चिम विधानसभा के सभी मंडल के सभी शक्ति केंद्र के सभी बूथों पर नवमतदाता एवं सभी मतदाताओं के भरे गए फॉर्म - 6 के अब तक के किए गए कार्यों की समीक्षा की। इस मौके पर सत्येंद्र सिंह, महानगर मंत्री डॉ. यूएन पांडे, पश्चिम मंडल -1 अध्यक्ष दीप प्रकाश सिंह, पश्चिम मंडल -2 के अध्यक्ष विमल चौधरी, राजेश मिश्रा (राजन), अरविंद मिश्रा, अजय सोनी, पूर्व पार्षद साधना वर्मा, मंडल महामंत्री अंकित राजपूत, अहिवरन सिंह, राहुल दीक्षित, जगदीश जोशी,नवनीत मिश्रा व विभोर अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# 40 लाख की चोरी में चोर और ज्वैलर्स को दबोचा

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** जाजमऊ में 40 लाख की चोरी का खुलासा कर पुलिस ने दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। शातिर चोर ने चोरी का जेवर घर के सामने नाली में गड्ढा करके और गमले में छिपाया था। डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि चोरों ने एक ज्वेलर्स को माल जेवर देने की बात कबूली, जिस पर उसे भी पकड़ा गया। आरोपी ज्वैलर्स के पास से 35 लाख का जेवर बरामद हुआ है। तीनों को जेल भेजा गया है।

केडीए कालोनी में रहने वाले सेवानिवृत्त बैंक कर्मी सुधीर कुमार अग्रवाल के छोटे बेटे जेके कालोनी निवासी चंदन अग्रवाल ने बताया कि पिता जयपुर में दिगंबर मंदिर में दर्शन करने गए थे। घर में ताला लगा था। बंद मकान देखकर चोरों ने 40 लाख के जेवर पार किए थे। पुलिस ने बुधवार तड़के व्योंदी के पास अंकित गुप्ता उर्फ कृष्णा व फिरोज उर्फ अजमेरी को दबोचा। चोरों ने बताया कि जेवर नौबस्ता के खाड़ेपुर में ज्वैलर्स अनुराग त्रिपाठी को बेचा है। पुलिस ने अनुराग त्रिपाठी को पकड़ा तो करीब 35 लाख के जेवर बरामद हुए। डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि अंकित व फिरोज ने चोरी की थी। इसके बाद अंकित पूरा जेवर अपने घर ले गया। उसने 60 प्रतिशत जेवर घर के सामने नाली में गड्ढा बनाकर और कुछ गमले में छुपाया। फिरोज से कह दिया कि जेवर आर्टिफिशियल हैं। बाकी का 40 प्रतिशत उसने ज्वैलर्स को बेच दिया था। ज्वैलर्स ने माल के बदले दो लाख देने की बात कही थी।



पकड़े गए दोनों चोर व जेवर खरीदने वाला ज्वैलर्स। अमृत विचार

- 40 में 35 लाख के जेवर बरामद किए, शातिर ने नाली व गमले में छिपाए थे जेवर
- जाजमऊ केडीए कालोनी में रिटायर्ड बैंक कर्मचारी के घर को बनाया था निशाना

**जेवर में हिस्सा न मिलने पर कबूली चोरी :** बेकनगंज निवासी आरोपी फिरोज उर्फ अजमेरी को पुलिस ने पहले गिरफ्तार किया। उसने चोरी की घटना कबूल की। बताया कि अंकित के साथ चोरी की थी, लेकिन अंकित पूरा माल हजम करना चाहता था। जेवर को आर्टिफिशियल बता दिया था, जिससे वह नाराज था। पुलिस के अनुसार अंकित पर चकेरी में पांच चोरी समेत अन्य मामले दर्ज हैं। फिरोज के खिलाफ बजरिया में एक व सीसामऊ में तीन मुकदमे हैं। पुलिस के अनुसार अंकित की मां ने भी उसका चोरी में साथ दिया, इसलिए उसकी मां को भी आरोपी बनाया जा सकता है।


## शिविर में 11 लोगों ने किया रक्तदान




शिविर में रक्तदान करते लोग। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार** : बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के तत्वाधान में 72वां मासिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस मौके पर 11 लोगों ने रक्तदान किया। बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के प्रबंधक अंकुर माथुर ने अपना 54वां स्वैच्छिक रक्तदान किया। बालाजी के बचपन स्कूल की कक्षा 6 की छात्रा सिमरत कौर के अभिभावक राजा सिंह ने 56वां रक्तदान किया। रक्षित गुप्ता के पिता रामेंद्र दीपक और माता सोनम गुप्ता, कक्षा यूकेजी के छात्र अश्विक वर्मा की माता अनुपम वर्मा, समाजसेवी पंकज वर्मा, राजू पासवान, सचिन निगम, आकृति निगम, दीपक वर्मा और संस्था के सदस्य फ़ज़ल तकवी ने रक्तदान किया। प्रबंधक अंकुर माथुर ने बताया कि बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स हर माह 21 तारीख को रक्तदान शिविर आयोजित करता है। अध्यक्ष रविंद्र माथुर ने रक्त कोष प्रभारी डॉ. बीपी सिंह, डॉ. गौरव सिंह, जिला परामर्श अधिकारी पंकज कुमार वर्मा, विवेकानंद त्रिपाठी का धन्यवाद किया। इस मौके पर बालाजी ग्रुप के सदस्य मो. सलीम, रंजीत सिंह, अद्भुत सिंह, आशीष चौरसिया और पीयूष मौजूद रहे।

## धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव, हुई खेलकूद प्रतियोगिता



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार** : पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज के हीरक जयंती प्रांगण में बुधवार को विद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गयी। उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने किया। शुभारंभ डॉ. सुधीर कुमार वर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। प्रधानाचार्य राधेश्याम ने अतिथियों का स्वागत किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। खेलकूद प्रतियोगिताओं में निबंध, कला, कबड्डी, कुर्सी दौड़, रस्साकसी, खो-खो, बैडमिंटन आदि आयोजित किए गए। विजयी छात्रों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। तीरंदाजी में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले कक्षा 11 के छात्र पीयूष यादव और अरुण कुमार यादव को विशेष सम्मान दिया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी, वित्त एवं लेखाधिकारी संतोष कुमार मौर्य सहित अनेक शिक्षाविद् एवं प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

## सुरक्षा का अहसास कराने छात्राओं से मिली पुलिस

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार** : इंस्पेक्टर अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत एक नई पहल शुरू की गयी है। इस के तहत इंस्पेक्टर स्वयं कॉलेज से छुट्टी के बाद घर लौट रही छात्राओं से मिले और उनसे समस्याओं की जानकारी ली। इंस्पेक्टर ने छात्राओं से बातचीत के दौरान यह जानने का प्रयास किया कि उन्हें रास्ते में किसी प्रकार की छेड़छाड़, भय, असुरक्षा या किसी अन्य परेशानी का सामना तो नहीं करना पड़ रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए हर समय तत्पर है।

**सोना-चांदी** | 24 घंटे में पीली और सफेद धातु दोनों की कीमतों में आया आठ हजार का उछाल

# जितने में अम्मा ने सोने के चढ़ाए, बहू के लिए चांदी के न आए

**विशेष संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** सराफा बाजार में बुधवार को सोना 1,60,000 का 10 ग्राम और चांदी 3,30,000 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई, जो अब तक की कीमतों की ऊंचाई का नया रिकार्ड है। रॉकेट की तरह बढ़ते दाम देखकर आभूषण बाज़ार ने अपने तौर तरीके में बदलाव किया है। अब ज्वैलर्स के यहां चांदी भी ग्राम के हिसाब से उपलब्ध है। सिर्फ एक दिन में सोने और चांदी के भाव में आठ हजार रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

35 साल पहले जिस भाव सोना मिलता था, अब चांदी के दाम भी ग्राम में लगभग उतने ही हैं। बुधवार को 10 ग्राम चांदी 3,350 रुपये की रही। 1990 में 10 ग्राम सोना 3,300 रुपये में मिल जाता था। सोने-चांदी की इस चाल को देखकर महिलाएं कहती सुनी गईं कि उनकी शादी में जितनी कीमत का सोने के गहने का चढ़ावा चढ़ाया गया था, आज उतने रुपये में बेटे की शादी में चढ़ावे के लिए बहू को चांदी के गहने बनवाने पड़ेंगे। सोना-चांदी की आसमान छूती कीमतों का असर है कि अब सोने ही नहीं, चांदी के भी बेहद हल्के गहने और सिक्के ढाले जा रहे हैं। ग्राहकों को सोने की तरह चांदी भी ग्राम के हिसाब से उपलब्ध कराई जा रही है। उत्तर प्रदेश सराफा एसोसिएशन के मंत्री राम किशोर मिश्र का कहना है कि वैश्विक आर्थिक हालात,रुपये की कमजोरी, टैरिफ़ वॉर, बड़े देशों में तनातनी के साथ इन धातुओं की कीमत ऊंचाई के नित नए रिकार्ड बना रही है।

- कीमतों को लेकर बाजार में लगातार अनिश्चितता और अस्थिरता का माहौल जारी

**1,60,000**

रुपये प्रति 10 ग्राम सोना

**3,30,000**


रुपये प्रति किलो चांदी

### हल्के और चांदी पर सोने की पॉलिश वाले गहनों की मांग

चांदी कारोबारी विकास ओमर का कहना है कि अब ग्राहक चांदी के हल्के गहने या वस्तुएं ही मांग रहे हैं।, मशीन के जरिये बेहद हल्के गहने बनाए जा रहे हैं। काशी ज्वैलर्स के महाप्रबंधक करमजीत सिंह भल्ला ने बताया कि महिलाओं के लिए बेहद हल्के डिज़ाइनर गहनों की अलग रेंज काशी बाई काशी खास तौर पर उतारी है। कारोबारियों के अनुसार सोने की पॉलिस लगे चांदी के गहनों की मांग ज्यादा बढ़ गई है।

#### *सहालग में सन्नाटे की आशंका से सराफा बाजार में बेचैनी*

*अंतरराष्ट्रीय बाजार में मची उथल-पुथल और दुनिया भर में बढ़ते तनाव की वजह से सोने की चमक और चांदी की दमक अब आम आदमी की पहुंच से दूर होती दिख रही है। दोनों कीमती धातुओं के दाम जिस जिस रफ्तार से बढ़ रहे हैं, उससे आम आदमी हैरत में है। तमाम लोगों ने तो सोना-चांदी खरीदने का प्लान ही बदल दिया है। ऐसे में सर्राफा व्यापारियों को इस बात का टेंशन सता रहा है कि शादियों के सीजन में अब पहले की अपेक्षा काफी कम खरीदारी हो सकती है।*



## आईआईटी छात्रों ने किया हंगामा

**कानपुर, अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर में मंगलवार को छात्र के आत्महत्या के मामले पर छात्रों का आक्रोश फूटा। लगभग सौ से अधिक छात्र घटना की देर रात संस्थान के डीएसडब्लू के आवास पहुंचे। वहां पर जाकर छात्रों ने संस्थान में लगातार घटनाओं पर जवाब मांगा। छात्र की मौत के बाद संस्थान की ओर से भी जांच शुरू कर दी गई है। आईआईटी कानपुर के पीएचडी छात्र राम स्वरूप की आत्महत्या के बाद संस्थान का माहौल गर्म हो गया। मंगलवार देर रात संस्थान के छात्र डीएसडब्लू के आवास पहुंचे। यहां पर छात्रों ने डीन ऑफ स्टूडेंट अफेयर्स प्रोफेसर प्रतीक सेन से कहा कि संस्थान में लगातार इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। उधर संस्थान की ओर से इस मामले पर एक कमेटी का गठन जांच के लिए किया है। तीन सदस्यों की कमेटी को तीन सप्ताह में रिपोर्ट देनी है।

## न्यूज ब्रीफ

### राजग में लौटी दिनाकरन की पार्टी एएमएमके

**चेन्नई।** तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव से पहले टीटीवी दिनाकरन के नेतृत्व वाली अम्मा मक्कल मुनेत्र कषगम (एएमएमके) बुधवार को फिर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हो गई। एएमएमके कुछ महीने पहले अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन पर धोखेबाजी का आरोप लगाकर गठबंधन से बाहर निकल गई थी। अन्नाद्रमुक में काफी समय से जारी कई विवादों के बाद अब इस विवाद के शांत होने के संकेत दिख रहे हैं। पार्टी प्रमुख ईके पलानीस्वामी ने दिनाकरन का राजग में स्वागत किया।

### सज्जन के खिलाफ आज आ सकता है फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत 1984 के सिख विरोधी दंगों को लेकर कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार के खिलाफ एक मामले में गुरुवार को फैसला सुना सकती है। विशेष न्यायाधीश दिग्विनय सिंह ने पिछले साल दिसंबर में मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद 22 जनवरी के लिए अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। फरवरी 2015 में एक विशेष जांच दल ने दंगों के दौरान दिल्ली के जनकपुरी और विकासपुरी में हुई हिंसा से जुड़ी शिकायतों के आधार पर कुमार के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज थीं।

### ईडी निदेशक राहुल नवीन आज कोलकाता जाएंगे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक राहुल नवीन पूर्वी क्षेत्र में केंद्रीय एजेंसी के कामकाज की समीक्षा करने के लिए गुरुवार को कोलकाता पहुंच सकते हैं। यह दौरा एजेंसी द्वारा हाल में राजनीतिक परामर्श कंपनी इंडियन पॉलिटिकल ऐक्शन कमिटी (आईपैक), उसके निदेशक प्रतीक जैन और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ कथित कोयला चोरी घोटाले के मामले में की गई तलाशी की पृष्ठभूमि में हो रहा है।

### तेंदुए के हमले में एक श्रद्धालु की मौत

**चामराजनगर।** हनूर तालुक में स्थित प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर माले महादेश्वर मंदिर का दर्शन करने जा रहे एक श्रद्धालु की बुधवार को तेंदुए के हमले में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान प्रवीण के रूप में हुई है, वह मांड्या जिले का रहने वाला था। पुलिस ने बताया कि प्रवीण तीर्थयात्रा पर आए एक समूह के साथ आया था और जब वह सुबह के समय तलबेटा से माले महादेश्वर पहाड़ी की ओर जा रहा था तो एक तेंदुए ने उस पर अचानक हमला कर दिया।

# कर्नाटक राज्यपाल भी विधानमंडल के संयुक्त सत्र में नहीं देंगे अभिभाषण

## तमिलनाडु-केरल के बाद कर्नाटक की राजनीति भी गर्म, सरकार करेगी राज्यपाल से बात

**बेंगलुरु, एजेंसी**





कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने 22 जनवरी को राज्य विधानमंडल के संयुक्त सत्र को संबोधित करने से इन्कार कर दिया है। गहलोत के इस फैसले के बाद सरकार ने उनसे मुलाकात करने का निर्णय लिया है। इस इन्कार का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। हालांकि, बताया जा रहा है कि अभिभाषण में केंद्र सरकार के संदर्भ के कारण गहलोत ने संबोधन करने से इन्कार किया है। एक दिन पहले कर्नाटक की तरह गैर भाजपा शासित केरल और तमिलनाडु के राज्यपालों के विधानसभा में दिए गए अभिभाषणों पर विवाद खड़ा हो गया था।

राज्य के विधि एवं संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल के नेतृत्व में उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल इस संबंध में राज्यपाल से मुलाकात करने के लिए लोक भवन जाएगा। विधि मंत्री के कार्यालय ने एक बयान में कहा, कल राज्यपाल के संयुक्त सत्र को संबोधित करने से इन्कार करने के बाद विधि मंत्री की अगुवाई में शाम 5:45 बजे एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल राज भवन जाएगा। मंगलवार को तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि वर्ष के पहले सत्र के पहले दिन यह कहते हुए विधानसभा में अपना पारंपरिक अभिभाषण दिए बिना सदन से बाहर चले गए थे कि अभिभाषण के पाठ में गलतियां थीं। इसी तरह, केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने अपने भाषण के कुछ हिस्सों को छोड़ दिया था, हालांकि लोक भवन का दावा है कि राज्यपाल के सुझावों को अभिभाषण के मूल मसौदे से हटा दिया गया था। कर्नाटक विधानसभा का संयुक्त सत्र 22 जनवरी को शुरू होगा। 31 जनवरी तक चलने वाले इस सत्र की शुरुआत बृहस्पतिवार को राज्यपाल गहलोत के परंपरागत अभिभाषण से होनी थी।

- सरकार ने अभिभाषण में शामिल किए हैं केंद्र से संबंधित संदर्भ

### मनरेगा को रद्द करने पर केंद्र के खिलाफ प्रस्ताव लाने की योजना बना रही है कर्नाटक सरकार

केंद्र की ओर से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को रद्द करने समेत कई मुद्दों पर सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा-जद (एस) गठबंधन के बीच टकराव की संभावना के चलते सत्र के हंगामेदार रहने की आशंका है। सत्तारूढ़ कांग्रेस केंद्र में भाजपा-नीत राजग सरकार के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित करने की योजना बना रही है, जिसमें मनरेगा को रद्द करने पर आपत्ति जताते हुए इसे बहाल करने की मांग की जाएगी। साथ ही नए विकसित भारत-रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) अधिनियम को रद्द करने की भी मांग की जाएगी।

# उन लोगों के लिए गंभीर परिणाम हो सकते हैं जिनके नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हुए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एसआईआर संबंधित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने की टिप्पणी
- निर्वाचन आयोग के अधिकारों पर अदालत ने कहा कोई भी शक्ति निरंकुश नहीं हो सकती

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण से उन लोगों के लिए गंभीर नागरिक परिणाम हो सकते हैं, जिनके नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं किए जाते। इसके साथ ही न्यायालय ने यह भी जोड़ा कि कोई भी शक्ति निरंकुश नहीं हो सकती। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने ये टिप्पणियां बिहार सहित कई राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करने के निर्वाचन आयोग के निर्णय को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह की अंतिम सुनवाई के दौरान कीं।

पीठ ने निर्वाचन आयोग की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी द्वारा दी गई विस्तृत दलीलों को सुना। पीठ इस सवाल पर विचार कर रही है कि क्या एसआईआर प्रक्रिया लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और उसके तहत बनाए गए नियमों के तहत निर्धारित प्रक्रियाओं से विचलित हो सकती है। प्रधान न्यायाधीश ने चिंता जताते हुए कहा कि मतदाता सूची में संशोधन से उन व्यक्तियों के लिए गंभीर नागरिक परिणाम हो सकते हैं जिनके नाम उसमें शामिल नहीं हैं। प्रधान न्यायाधीश ने मतदाता सूचियों की तैयारी और संशोधन से जुड़ी जन प्रतिनिधि 1950 अधिनियम की धारा 21 का जिक्र करते हुए सवाल किया, यदि कोई बात लोगों के नागरिक अधिकारों को प्रभावित करती है, तो अपनाई जाने वाली प्रक्रिया उपधारा (2) के अनुसार क्यों नहीं होनी चाहिए? न्यायमूर्ति बागची ने सवाल उठाया कि क्या निर्वाचन आयोग न्यायिक समीक्षा से परे असीमित शक्ति का प्रयोग कर सकता है। वैधानिक योजना का हवाला देते हुए, कहा कि नियमों में से एक में यह प्रावधान है कि जब गहन पुनरीक्षण किया जाता है, तो मतदाता सूचियां नए सिरे से तैयार की जाती हैं।

### मनमाने ढंग से कार्य नहीं कर सकता निर्वाचन आयोग

प्रधान न्यायाधीश ने एक तीखा सवाल किया कि क्या धारा 21(2) आयोग को नियमों से परे जाने में सक्षम बनाती है, तो क्या आयोग धारा 21(3) के तहत एसआईआर करते समय अपनी अधिसूचित प्रक्रियाओं से खुद को छूट दे सकता है। न्यायमूर्ति बागची ने धारा 21(2) और 21(3) के तहत जांच की प्रकृति पर विशेष रूप से दस्तावेजी आवश्यकताओं के आलोक में सवाल उठाया। उन्होंने बताया कि जहां फॉर्म-छह में सात दस्तावेजों का प्रावधान है, वहीं एसआईआर प्रक्रिया में 11 दस्तावेजों की आवश्यकता होती है। उन्होंने सवाल किया क्या निर्वाचन आयोग निर्धारित सूची में कुछ जोड़ या घटा सकता है और फॉर्म-छह के दस्तावेजों को पूरी तरह से बाहर कर सकता है। द्विवेदी ने दलील दी कि वैधानिक भाषा ने इस तरह के लचीलेपन की अनुमति दी और नियमों से विचलित होने का अधिकार धारा 21(3) में निहित है। हालांकि, उन्होंने दोहराया कि आयोग मनमाने ढंग से कार्य नहीं कर सकता और उसे अदालत को यह संतुष्ट करना होगा कि प्रक्रिया न्यायसंगत, निष्पक्ष और पारदर्शी थी।

# सीएक्यूएम की सिफारिशों पर प्रस्तुत करें कार्ययोजना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट का केंद्र व दिल्ली सरकार को निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार समेत अन्य हितधारकों को निर्देश दिया कि वे दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बिगड़ते वायु गुणवत्ता सूचकांक में सुधार के लिए केंद्रीय प्रदूषण निगरानी संस्था द्वारा अनुशंसित दीर्घकालिक उपायों पर अपनी-अपनी कार्य योजना चार सप्ताह के भीतर पेश करें।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की तीन न्यायाधीशों वाली पीठ ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी द्वारा प्रस्तुत वस्तु स्थिति रिपोर्ट का संज्ञान लिया। पीठ ने कहा कि सीएक्यूएम ने 15 दीर्घकालिक उपायों की सिफारिश की है और उन संबंधित एजेंसियों की भी पहचान की है, जो इन दीर्घकालिक उपायों को लागू करने में सक्षम हैं।

पीठ ने कहा कि सीएक्यूएम द्वारा सुझाए गए उपायों के अलावा भी कुछ अतिरिक्त दीर्घकालिक उपायों को अपनाने की आवश्यकता हो सकती है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि सीएक्यूएम द्वारा अनुशंसित इन दीर्घकालिक उपायों को बिना किसी देरी के लागू किया जाना आवश्यक है। इसलिए हम हितधारकों से इन उपायों को लागू करने के लिए अपनी-अपनी कार्य योजना प्रस्तुत करने का आग्रह करते हैं।

# ईडी ने कुर्क कीं तृणमूल विधायक, अन्य की 57 करोड़ से अधिक की संपत्तियां

**नई दिल्ली, एजेंसी**




- शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े मामले में केंद्रीय एजेंसी ने की कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल केंद्रीय विद्यालय सेवा आयोग (एसएससी) में कक्षा नौ से 12वीं तक के सहायक शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े कथित मामले में तृणमूल कांग्रेस विधायक जीवन कृष्ण साहा और अन्य लोगों की लगभग 57.78 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है।

संघीय एजेंसी ने कहा कि कुर्क की गई संपत्तियों में कथित बिचौलिए प्रसन्ना कुमार रॉय और उसके सहयोगियों से जुड़ी संपत्तियां भी शामिल हैं। इन संपत्तियों में राजारहाट, न्यू टाउन, पाथरघाटा, गरगरी और उत्तर 24 परगना जिले के अन्य आसपास के क्षेत्रों के अलावा मुर्शिदाबाद और पूर्वी बर्धमान जिलों और कोलकाता में स्थित कई आवासीय अपार्टमेंट, विला और जमीन के टुकड़े शामिल हैं। ये संपत्तियां सहायक शिक्षकों की अवैध नियुक्तियों के माध्यम से अर्जित आय से प्राप्त की गई थीं। कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देशों पर सीबीआई द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर धनशोधन की जांच शुरू की गई थी। ईडी की जांच में पता चला है कि रॉय कथित घोटाला मामले में प्रमुख बिचौलिये की भूमिका निभा रहा था और अपने सहयोगियों के साथ मिलकर अयोग्य उम्मीदवारों से अवैध नियुक्तियां दिलाने के लिए भारी मात्रा में नकदी एकत्र कर रहा था। एजेंसी ने आरोप लगाया कि इस मामले के मुख्य आरोपी साहा, समूह-सी, समूह-डी और सहायक शिक्षक पदों पर अवैध नियुक्तियों के लिए अपराध की आय को इकट्ठा करने और उसके लेन-देन में सक्रिय रूप से शामिल था। तृणमूल कांग्रेस के नेता को ईडी ने 25 अगस्त, 2025 को उस समय गिरफ्तार किया था, जब उन्होंने मुर्शिदाबाद स्थित अपने आवास पर तलाशी के दौरान कथित तौर पर भागने का प्रयास किया था।

# डिप्टी सीएम की टिप्पणियां हिंदुओं के खिलाफ नफरती

**मदुरै, एजेंसी**

- मद्रास हाईकोर्ट ने फैसला सुनाते हुए की टिप्पणी, अमित मालवीय के खिलाफ प्राथमिकी रद्द

मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने भाजपा के नेता अमित मालवीय के खिलाफ दर्ज उस प्राथमिकी को रद्द कर दिया है जिसमें उन पर 'सनातन धर्म' को लेकर उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणियों को तोड़-मरोड़कर पेश करने का आरोप लगाया गया था। न्यायमूर्ति एस. श्रीमती ने कहा कि उदयनिधि की टिप्पणियां नफरत फैलाने वाले भाषण के समान थीं और इस पर सवाल उठाना एक प्रतिक्रिया थी।

फैसले में न्यायमूर्ति श्रीमती ने कहा, समग्र रूप से विचार करने पर मंत्री का भाषण स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि यह पूरी तरह से 80 प्रतिशत हिंदुओं के खिलाफ है, जो नफरत फैलाने वाले भाषण की श्रेणी में आता है। फैसले में कहा गया है, यह न्यायालय दुख के साथ इस व्यापक स्थिति को दर्ज करता है कि नफरत फैलाने वाले भाषण देने की शुरुआत करने वाले व्यक्ति को बिना किसी सजा के छोड़ दिया जाता है, लेकिन नफरत फैलाने वाले भाषण पर प्रतिक्रिया देने वाले व्यक्ति को कानून का सामना करना पड़ता है। न्यायालय प्रतिक्रिया देने वाले व्यक्तियों से भी पूछताछ कर रहे हैं, लेकिन नफरत फैलाने वाले भाषण देने की शुरुआत करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कानून को लागू नहीं कर रहे हैं। नफरत फैलाने वाले भाषण के लिए मंत्री के खिलाफ राज्य में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है, लेकिन अन्य राज्यों में कुछ मामले दर्ज किए गए हैं।

# दुनिया आतंकवाद को कत्तई बर्दाश्त न करने की नीति अपनाए : जयशंकर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



विदेश मंत्री एस जयशंकर (दाएं) नई दिल्ली में स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बारेस से मुलाकात करते हुए। ● एजेंसी

- स्पेन के अपने समकक्ष जोस मैनुअल अल्बारेस के साथ बैठक के दौरान बोले विदेशमंत्री

भारत की मजबूत विनिर्माण क्षमताओं की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत में निर्मित पहला सी-295 सैन्य विमान सितंबर से पहले बनकर तैयार हो जाएगा। स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बारेस के साथ बैठक के दौरान जयशंकर ने कहा कि दुनिया को आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि साझा चुनौतियों से निपटने के लिए राष्ट्रों का सहयोग करना पहले से अधिक अनिवार्य है।

उन्होंने कहा कि यह बात विशेष रूप से आतंकवाद से निपटने के संदर्भ में लागू होती है, जहां भारत और स्पेन दोनों ही पीड़ित रहे हैं। दुनिया को आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनानी चाहिए। विदेश मंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत-यूरोपीय संघ के गहरे संबंधों के लिए स्पेन के समर्थन का आभार व्यक्त किया और भारत समर्थित हिंद-प्रशांत समुद्र पहल में शामिल होने के लिए यूरोपीय राष्ट्र का स्वागत किया। जयशंकर ने भारत और स्पेन के बीच बढ़ते व्यापार और रक्षा सहयोग पर प्रकाश डाला और सी-295 विमान परियोजना का उल्लेख किया। अक्टूबर 2024 में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज ने गुजरात के वडोदरा में सी-295 विमान के अंतिम निर्माण चरण संयंत्र की शुरुआत की। वायु सेना को एयरबस डिफेंस एंड स्पेस के साथ 21,935 करोड़ के सौदे के तहत 56 सी-295 विमान मिल रहे हैं। इनमें से 40 विमान भारत मे बनेंगे।

# संजय कपूर की मां ने दी पारिवारिक ट्रस्ट को चुनौती

**नई दिल्ली।** दिवंगत उद्योगपति संजय कपूर की मां ने दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर अनुरोध किया है कि उनके पारिवारिक ट्रस्ट को अमान्य घोषित किया जाए। अपनी याचिका में रानी कपूर (80) ने कहा कि अक्टूबर 2017 में उनके नाम पर गठित ट्रस्ट के लिए जाली, धोखाधड़ी वाले दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने प्रतिवादियों- अपनी बहू प्रिया कपूर और पोते-पोतियां समेत अन्य लोगों को किसी भी तरह से आरके फैमिली ट्रस्ट का इस्तेमाल करने या उसके समर्थन में कार्य करने से स्थायी रूप से रोकने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया है। रानी कपूर की याचिका में कहा गया है कि वह अपने दिवंगत पति सुरिंदर कपूर की संपूर्ण संपत्ति की एकमात्र लाभार्थी थीं, और जब संपत्ति आरके फैमिली ट्रस्ट को हस्तांतरित की गई थी तब उनके साथ सुनियोजित तरीके से धोखाधड़ी की गई थी।

# सुखना को और कितना सुखाएंगे बिल्डर, माफिया और नौकरशाह

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सीजेआई ने चंडीगढ़ की झील की हालत चिंता जताते हुए की टिप्पणी

सीजेआई सूर्यकांत ने बिल्डर, माफिया और नौकरशाहों के गठजोड़ के कारण चंडीगढ़ की प्रसिद्ध झील के सूखने पर चिंता जताते हुए बुधवार को टिप्पणी की कि सुखना झील को और कितना सुखाओगे। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ 1995 में लंबित जनहित याचिका इन रेः टीएन गोदावर्मन थिरुमुलपाद' में दायर अंतरिम आवेदनों की सुनवाई कर रही थी।

सीजेआई सूर्यकांत ने एक अधिवक्ता की ओर से झील से संबंधित याचिका का उल्लेख करने पर मौखिक टिप्पणी की, पंजाब में राजनीतिक दलों के समर्थन और नौकरशाहों की मिलीभगत से अवैध निर्माण हो रहे हैं, जिसके कारण झील पूरी तरह नष्ट हो रही है। वहां सभी बिल्डर माफिया सक्रिय हैं। इससे पहले शीर्ष अदालत ने आश्चर्य जताया था कि जंगलों और झीलों से संबंधित सभी मामले उच्च न्यायालयों को दरकिनार करते हुए उच्चतम न्यायालय में क्यों आ रहे हैं, वह भी 1995 की लंबित जनहित याचिका में अंतरिम आवेदनों के रूप में।

सीजेआई ने सुखना झील मामले से संबंधित एक आवेदन का जिक्र करते हुए कहा था कि जाहिर तौर पर ऐसा प्रतीत होता है कि कुछ निजी डेवलपर्स और अन्य लोगों के इशारे पर दोस्ताना मुकाबला चल रहा है। पीठ ने एएसजी ऐश्वर्या भाटी और न्यायमित्र वरिष्ठ अधिवक्ता के परमेश्वर से जानकारी देने को कहा था।

### कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री पर समाज में अंधविश्वास फैलाने का आरोप, पुलिस से शिकायत

**भोपाल।** दलित पिछड़ा समाज संगठन ने कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। आरोप लगाया है कि धीरेंद्र शास्त्री अंधविश्वास फैलाकर लोगों को मेडिकल साइंस से दूर कर रहे हैं। उनके झूठे इलाज के प्रचार के कारण कई लोगों की जान खतरे में आ रही है।

दलित पिछड़ा समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दामोदर यादव ने बताया कि संगठन ने मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक और भोपाल पुलिस कमिश्नर को वीडियो सबूत के साथ लिखित शिकायत सौंपी है। उन्होंने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री सांप्रदायिकता और छुआछूत को बढ़ावा दे रहे हैं और समाज में भय और हिंसा फैलाने वाले बयान दे रहे हैं। यादव ने चेतावनी दी कि अगर पुलिस दो दिन के भीतर कार्रवाई नहीं करती है तो संगठन हाईकोर्ट जबलपुर के माध्यम से धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ कार्रवाई कराने का प्रयास करेगा। उन्होंने कहा कि संगठन की मांग है कि धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज की जाए और मामले की निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच हो, ताकि समाज में फैल रहे अंधविश्वास, हिंसा और भय पर सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

### जांच में फेल हुए रेबीहांस हर्बल के सभी कफ सिरप, एफआईआर

**इंदौर।** छिंदवाड़ा में कफ सिरप से बच्चों की मौत के बाद सामने आए सिरप कांड का असर अब इंदौर जिले तक पहुंच गया है। इंदौर के सांवेर क्षेत्र में सील की गई आयुर्वेदिक ड्रग कंपनी के सभी आयुर्वेदिक सिरप सैंपल जांच में फेल हो गए हैं। जिला प्रशासन ने फैक्ट्री मालिक पर सांवेर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

यह मामला सांवेर क्षेत्र के ग्राम धरमपुरी स्थित मेसर्स रेबीहांस हर्बल प्राइवेट लिमिटेड का है। छिंदवाड़ा सिरप कांड के बाद 18 दिसंबर 2025 को इंदौर जिला प्रशासन ने आयुष विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई की थी। आयुष विभाग प्रभारी डॉ. हंसा बारिया के निर्देशन में की गई जांच के दौरान फैक्ट्री से आयुर्वेदिक सिरप के आठ उत्पादों के सैंपल लेकर शासकीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला आमखो ग्वालियर भेजे गए थे। रिपोर्ट में सभी सैंपल निर्धारित गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं उतरे। जांच में यह भी सामने आया कि फैक्ट्री में सिरप निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों का गंभीर रूप से उल्लंघन किया जा रहा था। मौके पर न तो कोई प्रयोगशाला पाई गई और न ही दवा निर्माण से जुड़े आवश्यक कंपोनेंट्स और दस्तावेज उपलब्ध थे।

### सड़क हादसे में मृत युवक के माता पिता को 23.45 लाख का मुआवजा

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे स्थित मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) ने 2021 में तेज रफ्तार ट्रक से हुई सड़क दुर्घटना में मारे गए 18 वर्षीय एक सेल्समैन के माता-पिता को 23 .45 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है।

एमएसीटी की अध्यक्ष सदस्य रूपाली वी. मोहिते ने अपने आदेश में कहा कि ट्रक चालक के पास दुर्घटना को टालने का अंतिम अवसर था, लेकिन वह वाहन की गति नियंत्रित नहीं कर सका जिसके कारण टक्कर हुई। टक्कर के बाद चालक मौके से फरार हो गया था। न्यायाधिकरण ने पाया कि हादसे के समय ट्रक चालक के पास वैध परिवहन लाइसेंस नहीं था, जो बीमा शर्तों का जानबूझकर उल्लंघन है।

# कर्नाटक : भगवा झंडा उठाने वाले अधिकारी पर कार्रवाई की मांग

**उडुपी।** कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने यहां धार्मिक कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त टी के स्वरूपा के भगवा झंडा उठाने पर आपत्ति जताते हुए उन पर कार्रवाई की मांग की है। स्वरूपा ने कहा है कि वह आधिकारिक तौर पर कार्यक्रम में शामिल हुई थीं और उनकी भागीदारी किसी राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित नहीं थी।

जिला कांग्रेस कमेटी के कानूनी और मानवाधिकार प्रकोष्ठ ने 18 जनवरी को पर्याय यात्रा की शुरुआत के दौरान भगवा झंडा उठाने के लिए मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को पत्र लिखकर स्वरूपा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। सोमवार को मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में उडुपी जिला कांग्रेस कमेटी के कानूनी और मानवाधिकार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हरीश शेट्टी ने आरोप लगाए थे।

**विचार** | अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स बोलीं, अंतरिक्ष से इंसानों का आपस में बहस करना या मुद्दों पर मतभेद लगता है बेमानी

# अंतरिक्ष से दुनिया को देखकर बदल जाता है जीवन का नजरिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने कहा कि अंतरिक्ष में जाने से जीवन को देखने का उनका नजरिया बदल गया है और जब वहां से पृथ्वी को एक ही ग्रह के रूप में देखा जाता है, तो इंसानों का आपस में बहस करना या अलग-अलग मुद्दों पर मतभेद रखना बहुत ही व्यर्थ लगता है। हाल ही में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा से सेवानिवृत्त हुईं सुनीता विलियम्स(60) इन दिनों भारत के दौरे पर हैं।

वह यहां अमेरिकन सेंटर में आयोजित आइज ऑन द स्टार्स, फीट ऑन द ग्राउंड नाम के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। इस बातचीत में उन्होंने अपने हाल के अंतरिक्ष मिशन के बारे में बताया। यह मिशन शुरू में केवल आठ दिन का था, लेकिन बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान में आई तकनीकी खराबियों के कारण वह नौ महीने से ज्यादा समय तक अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) में रहने को मजबूर हुईं।

उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष यात्रा एक तरह का टीम का खेल है और सभी देशों को मिलकर काम करना चाहिए, क्योंकि हम सब एक ही ग्रह पर बसे हैं। विलियम्स ने कहा, जब आप अंतरिक्ष में पहुंचते हैं, तो सबसे पहले हर इंसान अपना वतन ढूंढने की कोशिश करता है। मेरे पिता भारत से और मां स्लोवेनिया से हैं, इसलिए मैं इन दोनों जगहों को खोजती हूं। यही सबसे पहली भावना होती है। उन्होंने हालांकि यह भी बताया कि धीरे-धीरे आपकी यह सोच बदल जाती है और पूरी पृथ्वी एक ही घर जैसी लगने लगती है। उन्होंने कहा, हमारे ग्रह पर जीवन है। कुछ लोगों को लगता है कि वहां से केवल चट्टानी भूमि दिखती होगी। लेकिन अंतरिक्ष से मैं मौसम के बदलाव, समुद्र के रंगों में फर्क, शैवाल के फैलने, उत्तर और दक्षिण ध्रुव के पास बर्फ की चादरों को साफ देख सकती थी। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें किसी चीज से डर लगता है, तो उन्होंने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने कहा, मुझे अब भी कई चीजों से डर लगता है। जहां मैं रहती हूं, वहां कुछ भालू हैं। मुझे डर लगता है कि कहीं मैं उनमें से किसी को जगा न दूं। वे अभी सो रहे हैं, और यह अच्छी बात है। उन्होंने कहा, इसलिए आपको ब्रह्मांड में और पृथ्वी पर अपनी जगह को समझना चाहिए और अपने आसपास मौजूद जानवरों के प्रति सावधान व सम्मानपूर्ण होना चाहिए। सुनीता विलियम्स 27 दिसंबर 2025 को नासा से सेवानिवृत्ति हुई हैं। 27 साल के शानदार करियर में उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर तीन मिशन पूरे किए और मानव अंतरिक्ष उड़ान से जुड़े कई रिकॉर्ड बनाए।

### हम सब एक, मिलकर करना चाहिए काम

सुनीता विलियम्स ने कहा कि ऊपर से इस खूबसूरत और जीवंत ग्रह को देखने से जीवन को समझने का नजरिया बदल जाता है। अंतरिक्ष यात्री ने कहा, इससे लोगों के बीच मतभेदों को देखने का तरीका भी बदल जाता है। ऐसा महसूस होता है कि हम सब एक हैं और हमें मिलकर, और सुविधाजनक तरीके से साथ काम करना चाहिए। ईमानदारी से कहूं तो मुझे ऐसा लगने लगा कि कोई किसी बात पर झगड़ा क्यों करता है। मैं जानती हूं, मैं शादीशुदा हूं, मेरे पति हैं, हम भी बहस करते हैं। इसलिए मैं तर्क-वितर्क को समझती हूं। लेकिन जब आप उस नजरिए से पृथ्वी को देखते हैं, तो यह सब बहुत ही व्यर्थ सा लगता है।



जिस तरह से विभिन्न स्रोतों से उत्पन्न धाराएं अपना जल समुद्र में मिला देती हैं, उसी प्रकार मनुष्य द्वारा चुना हर मार्ग, चाहे अच्छा हो या बुरा भगवान तक जाता है।
–स्वामी विवेकानंद

## भाजपा में नवीन युग

पार्टी के पैदा होने के बाद जन्म लेने वाले 45 साल के नितिन नवीन भाजपा यानी दुनिया की सबसे बड़ी और भारत की सबसे अमीर राजनीतिक पार्टी 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना केवल एक व्यक्ति का उदय नहीं, बल्कि राजनीति की कार्यशैली में संभावित पीढ़ीगत बदलाव का संकेत है। स्वाभाविक है कि इसका असर अन्य दलों पर भी पड़ेगा और वहां भी युवा नेतृत्व को आगे लाने का दबाव बनेगा। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल या अन्य तमाम क्षेत्रीय दलों में भी यह सवाल उठ सकता है कि क्या वे भी नेतृत्व की बागडोर नई पीढ़ी को सौंपने का साहस कर सकते हैं। यदि वास्तव में युवाओं को निर्णायक जिम्मेदारी मिलती है, तो पार्टी व राजनीति दोनों में कुछ सकारात्मक बदलाव दिख सकते हैं। युवाओं की सोच अपेक्षाकृत अधिक तकनीक-संवेदी, डेटा-आधारित और परिणामोन्मुख होती है। संगठन में पारदर्शिता, जवाबदेही, सोशल मीडिया व जमीनी नेटवर्क का बेहतर तालमेल और जाति-गणित से आगे बढ़कर विकास व अवसर की राजनीति को प्राथमिकता मिलने की संभावना बढ़ेगी। हालांकि अनुभव की कमी एक चुनौती रहेगी, लेकिन सही मार्गदर्शन के साथ यह कमजोरी ताकत में बदली जा सकती है। संभव है संसदीय बोर्ड और राष्ट्रीय महासचिव जैसे शीर्ष निकायों में भी युवा बदलाव आए। कार्यकारिणी में 60-70 प्रतिशत युवाओं को शामिल करने का वादा कठिन जरूर है, पर असंभव नहीं। इसके लिए संगठन को वरिष्ठों के अनुभव और युवाओं की ऊर्जा के संतुलन का मॉडल अपनाना होगा। नए अध्यक्ष के सामने तात्कालिक चुनौती संगठनात्मक अनुशासन यथावत रखने और आगामी विधानसभा चुनावों में प्रदर्शन सुधारने की होगी, जबकि दीर्घकालिक चुनौती 2029 के लोकसभा चुनाव की तैयारी है, जो परिसीमन के बाद होंगे। सरकार, संघ और संगठन के बीच तालमेल बैठाना उनकी सबसे बड़ी परीक्षा होगी।

यूपी की राजनीति नितिन नवीन के लिए निर्णायक साबित होगी। 2027 में सत्ता की हैट्रिक का लक्ष्य संगठन पर भारी दबाव डालेगा। लोकसभा चुनाव में पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक समीकरण का असर दिख चुका है, जिसकी काट के लिए सामाजिक प्रतिनिधित्व, स्थानीय नेतृत्व और कल्याणकारी योजनाओं की प्रभावी डिलीवरी पर जोर देना होगा। दक्षिण भारत व पूर्वोत्तर में भी परीक्षा कम नहीं। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुदुचेरी के चुनाव भाजपा के लिए अलग-अलग तरह की चुनौतियां पेश करते हैं। असम में वापसी और बंगाल में जीत संभव है, लेकिन तमिलनाडु व केरल में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना दीर्घकालिक रणनीति मांगता है। महिला आरक्षण लागू होने की स्थिति में 33 प्रतिशत महिला उम्मीदवारों का चयन संगठनात्मक ढांचे को नए सिरे से गढ़ने की मांग करेगा। परिसीमन के बाद उत्तर-दक्षिण संतुलन और 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर सहमति बनाना भी नवीन के सामने बड़ी राजनीतिक चुनौतियां होंगी। साथ ही 2029 तक नरेंद्र मोदी के बाद के नेतृत्व को लेकर चलने वाली अटकलों के बीच उन्हें आलाकमान के फैसलों और संगठनात्मक अनुशासन के बीच संतुलन बनाए रखना होगा। नए पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वे युवा ऊर्जा को संस्थागत अनुशासन और वैचारिक निरंतरता के साथ कितनी कुशलता से जोड़ पाते हैं।

### प्रसंगवश

## संघ का सतत सेवा कार्य

भारतीय समाज अपनी सहनशीलता और समन्वय की क्षमता के लिए विश्वविख्यात है। इस विशाल समाज के बीच यदि कोई संस्था अपने ध्येय, अनुशासन और सात्विक सेवा के कारण जनमानस के हृदय में स्थान बनाए हुए है, तो वह है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ। 1925 में डॉ. हेडगेवार द्वारा मात्र एक शाखा से रोपित यह बीज आज विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन के रूप में वटवृक्ष बन चुका है। संघ का लक्ष्य राजनीतिक लाभ या प्रचार नहीं, बल्कि एक संगठित, सशक्त और स्वाभिमानी राष्ट्र का निर्माण है, जिसे वह चरित्र निर्माण और सतत सेवा के जरिए पूरा करता है। संघ की सेवा-परंपरा "सबका हित, सबका उन्नयन" के मूल चिंतन का विस्तार है। संघ मानता है कि समाज तभी प्रगति कर सकता है, जब प्रत्येक नागरिक एक-दूसरे के प्रति उत्तरदायी बने। यही कारण है कि शाखा-व्यवस्था में शारीरिक और बौद्धिक संस्कारों के साथ-साथ 'सेवा' को प्रमुख स्थान दिया गया। आज संघ और उसके प्रेरित संगठनों द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामविकास और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में हजारों प्रकल्प सक्रिय हैं, जो किसी प्रचार के बिना मौन तपस्या की तरह कार्य कर रहे हैं। संघ के सेवा-कार्य का आधार उसका स्वयंसेवक है, जो किसी वेतन या पुरस्कार की अपेक्षा के बिना राष्ट्र-समर्पण के भाव से कार्य करता है। शाखाओं में यह भाव जागृत किया जाता है कि "समाज की पीड़ा मेरी पीड़ा है।" इसीलिए संघ का कार्य राजनीतिक परिस्थितियों से प्रभावित हुए बिना निरंतर और आत्मनिष्ठा पर आधारित रहता है। आज सुदूर ग्रामीण इलाकों, जनजातीय क्षेत्रों और शहरी मलिन बस्तियों तक सेवा भारती, विद्या भारती, वनवासी कल्याण आश्रम और राष्ट्रीय सेवा भारती जैसे संगठन सक्रिय हैं।





प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आम्बेडकर पीठ एचपीयू, शिमला


शिक्षा और स्वास्थ्यः शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती और एकल विद्यालय न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे रहे हैं, बल्कि उसे भारतीय मूल्यों और सामाजिक समरसता से जोड़ रहे हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सेवा भारती के चल चिकित्सा केंद्र, निःशुल्क अस्पताल और रक्तदान शिविर समाज के कमजोर वर्गों तक पहुंच रहे हैं। कोरोना महामारी के दौरान स्वयंसेवकों ने भोजन वितरण से लेकर अंतिम संस्कार तक के कार्यों को जिस निष्ठा से संपन्न किया, उसने इस सेवा-तंत्र की सक्षमता को सिद्ध कर दिया। ग्रामविकास और आपदा प्रबंधनः दीनदयाल शोध संस्थान जैसे प्रकल्पों ने 'समग्र ग्राम विकास' का मॉडल प्रस्तुत किया है, जो आत्मनिर्भर ग्रामों का निर्माण करता है। इसी प्रकार वनवासी कल्याण आश्रम जनजातीय समाज के उत्थान और संस्कृति-संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आपदा प्रबंधन में भी संघ के स्वयंसेवक सबसे पहले पहुंचने वाली टोली होते हैं। भूकंप, बाढ़ या महामारी हर संकट में स्वयंसेवकों ने बिना किसी भेदभाव के राहत और पुनर्वास के कार्य किए हैं।

संघ के सेवा-कार्य का सबसे अद्भुत पक्ष यह है कि ये कार्य किसी एक केंद्रीय आदेश से नियंत्रित नहीं होते। प्रत्येक स्वयंसेवक, प्रत्येक शाखा, प्रत्येक विभाग और प्रत्येक आनुषंगिक संगठन सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए स्वयं ही प्रकल्प प्रारंभ करता है। संघ की रचना लोकतांत्रिक, विकेंद्रित और आत्मनिर्भर है। इसीलिए यह सेवा-कार्य लंबी अवधि तक स्थिर, प्रभावी और सतत बना रहता है। संघ अपने स्वयंसेवकों को केवल सेवा का नहीं, बल्कि सहअस्तित्व, समरसता, स्वावलंबन और संस्कारयुक्त समाज के निर्माण का मार्ग दिखाता है। संघ का सेवा-कार्य किसी एक व्यक्ति, संगठन या नेतृत्व पर आधारित नहीं है, यह समाज की अपनी शक्ति, समाज की अपनी संवेदना और समाज की अपनी रचनात्मकता का विस्तार है। सेवा केवल सहायता नहीं, बल्कि परिवर्तन का माध्यम है और यही परिवर्तन संघ के कार्यों में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

## आरएसएस के पंच परिवर्तन से समाज में आएगा बदलाव






अंजनी निगम
वरिष्ठ पत्रकार, कानपुर


सौ वर्षों में संघ के कार्य ने इतना अधिक विस्तार किया है कि हर कोई उसे जानता समझता है, कुछ लोग संघ की आलोचना भी करते हैं, लेकिन संघ उन बातों की परवाह न करते हुए अपने कार्य को करता चला जा रहा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश ही नहीं विश्व का सबसे बड़ा गैर-सरकारी स्वयंसेवी सामाजिक संगठन है, जो कहीं से भी अनुदान नहीं लेता, बल्कि अपने स्वयंसेवकों के माध्यम से देश के लोगों में राष्ट्र सर्वोपरि की भावना बीते सौ सालों से जगा रहा है। विक्रम संवत 1982 में विजयादशमी अर्थात 27 सितंबर 1925 को नागपुर में संपूर्ण हिंदू समाज को संगठित करने के उद्देश्य से इस कार्य की शुरुआत हुई थी और अपनी शाखाओं के माध्यम से और समाज की सहभागिता से संगठन सौ वर्षों से निरंतर इस कार्य को कर रहा है।

संघ की स्थापना डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार ने की थी। वर्ष प्रतिपदा अर्थात पहली अप्रैल 1889 को जन्मे केशव बचपन में एक स्कूल में पढ़ते थे, जहां निरीक्षण के लिए अंग्रेज इंस्पेक्टर आया, तो उसके स्वागत में अपने साथियों के साथ वंदेमातरम् का गायन किया और परिणामस्वरूप उन्हें स्कूल से निकाल दिया गया। डॉक्टरी की पढ़ाई करने कोलकाता गए, तो वहां क्रांतिकारियों के संगठन से जुड़ गए और 1921 में महात्मा गांधी के आह्वान पर शुरु हुए असहयोग आंदोलन में सत्याग्रह कर जेल गए जहां एक साल रहे। कुछ साथियों के साथ संघ की स्थापना होने के बाद वे जीवनपर्यंत इसी कार्य में लगे रहे। उनकी ध्येय निष्ठा और लगन का ही परिणाम है कि इस समय देश के 924 जिलों में से 98 फीसद से अधिक में संघ की शाखाएं चल रही हैं।

इन सौ वर्षों में संघ के कार्य ने इतना अधिक विस्तार किया है कि हर कोई उसे जानता समझता है, कुछ लोग संघ की आलोचना भी करते हैं, लेकिन संघ उन बातों की परवाह न करते हुए अपने कार्य को करता चला जा रहा है। अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष में संघ ने संगठन को समाज व्यापी बनाने के लिए कई कार्यों का प्रारंभ किया है, जिनमें सबसे बड़ा और क्रांतिकारी कार्य है पंच परिवर्तन। संघ मानता है कि राजनीतिक सत्ता पर आश्रित न रहकर समाज आधारित रचनाएं खड़ी करने के आग्रह के कारण परिवर्तन शास्वत परिणाम में परिवर्तित होता है। संघ की शाखाओं में इस बात को लेकर एक गीत "केवल सत्ता से मत करना परिवर्तन की आस, जागृत जनता के केन्द्रों से होगा अमर समाज" गाया जाता है। बस इसी गीत को चरितार्थ करने और समाज के स्वभाव में समरस करने के भाव से संघ ने पांच विशिष्ट कार्य अपने हाथ में लिए हैं, जिनमें सबसे पहला है "सामाजिक समरसता"।

देश की स्वतंत्रता के बाद बने संविधान में राजनीतिक समानता और सामाजिक समरसता को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। सामाजिक समानता बंधुता के बिना नहीं आ सकती है, भेदभाव की भावना से मुक्त हुए बिना समानता बहुत ही कठिन कार्य है। सामाजिक समरसता हिंदू समाज की स्वाभाविक विशेषता है, लेकिन विभिन्न कारणों से सामाजिक भेदभाव और कुरीतियों का लंबे समय तक प्रचलन रहा, जिसके परिणामस्वरूप समाज के कुछ अंगों को लगातार प्रताड़ना झेलनी पड़ी। इस सामाजिक बुराई को समाप्त करना अति आवश्यक है। भगवान श्रीकृष्ण भी गीता में कहते हैं कि चारो वर्ण गुण और कर्म पर आधारित हैं, न कि जन्म पर।

किसी भी धर्मग्रंथ में भी जन्म आधारित भेदभाव का जिक्र नहीं है और कोई भी कार्य ऊंचा या नीचा नहीं होता है। धर्म के अनुरूप समाज के हित में किया गया हर कार्य सत्कर्म होता है। शारीरिक कार्य भी उतना ही अधिक महत्व रखता है जितना बौद्धिक कार्य, लेकिन बीच के काल में हमारे समाज में यह बुराई आ गई कि जो जिस परिवार में जन्मा उसे उसी कार्य को करने का अधिकार है। संघ कहता है "हिन्दवः सोदरा सर्वे, न हिन्दु पतितो भवेत" अर्थात सारे हिन्दू भाई हैं और कोई भी पतित नहीं है। समरसता के भाव से ही समाज में समानता आती है। मंदिर में प्रवेश, जल के स्रोत, श्मशान व सार्वजनिक क्षेत्र सभी के लिए समान रूप से उपलब्ध हों, यह कार्य सभी को मिलकर सुनिश्चित करना होगा। संघ के पंच परिवर्तन का दूसरा आयाम पर्यावरण संरक्षण है। पर्यावरण असंतुलन आज विश्व की सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है। पर्यावरणीय असंतुलन के परिणाम स्वरूप "ग्लोबल वार्मिंग" का खतरा हर ओर मंडरा रहा है, जिसे ठीक करने के लिए सबको मिलकर आगे आना होगा। जंगलों के महत्व को समझने के साथ ही पानी का संतुलित उपयोग करना होगा।

पंच परिवर्तन में तीसरा कार्य कुटुंब प्रबोधन का है। भारतीय दर्शन में परिवार को समाज की सबसे छोटी इकाई माना गया है। हमें अपने परिवारों में पुत्र-पुत्रियों, नाती-पोतों के साथ आनंद के संग रहना चाहिए। घर में यदि रोज न संभव हो, तो सप्ताह में एक दिन सब मिलकर मोबाइल और टीवी से दूरकर साथ भोजन और भजन करें। एक दूसरे के साथ मधुर संवाद करते हुए मातृशक्ति का सम्मान करें और समाज के सामने आदर्श हिंदू परिवार का उदाहरण प्रस्तुत करें।

स्व की भावना का संचार करना चौथा परिवर्तन है। आर्थिक हों या सांस्कृतिक हर क्षेत्र में हमें स्व की भावना को सर्वोपरि रखते हुए अपने पैरों पर खड़े होना है। स्वदेशी जीवनशैली न केवल आर्थिक, बल्कि व्यापक और व्यावहारिक बदलाव लाएगी। स्वभाषा, स्वभूषा और स्वसंस्कृति को समझने के साथ ही उसे अपनाते हुए गर्वानुभूति होना चाहिए। पांचवां और अंतिम परिवर्तन नागरिक कर्तव्यबोध और शिष्टाचार है। प्रत्येक नागरिक में यह बोध जगाना होगा कि वे अपने देश के संविधान, प्रतीकों और राष्ट्रीयता का सम्मान करें। चुनावों को देशहित में मानते हुए मतदान अवश्य करें। सड़क पर चलते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करें। व्यक्तिगत रूप से नागरिक कर्तव्यों का पालन करने से ही जागृत समाज का निर्माण हो सकेगा।

### आमने सामने



नई भाजपा के अंदर अब मजबूत व्यक्तित्व वाले और अपनी ख़ुद की राजनैतिक जमीन वाले नेताओं के लिए क्या बचा है? नितिन को बॉस कहकर वो अपने अहम को आश्वस्त कर रहे हैं कि उनको "संजय जोशी" या "नितिन गडकरी" को बॉस कहने में कितनी तकलीफ होती। मोदी ने अपने पीएम बनने के बाद किसी भी महत्वपूर्ण पद पर किसी मजबूत व्यक्तित्व को नहीं बैठने दिया। – **सौरभ भारद्वाज**, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष, आप



जिस पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र नाम की कोई चीज नहीं है और जो केवल एक व्यक्ति के इशारों पर चलती है, उसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक राजनीतिक संगठन पर सवाल उठाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। आप चार लोगों का गैंग है, उन्हें राजनीतिक पार्टी कोई मानता नहीं है और उनसे ये आशा करना कि पीएम मोदी के बयान की गरिमा समझ आएगी ऐसी हम उनसे आशा भी नहीं करते हैं। – **कपिल मिश्रा**, बीजेपी उपाध्यक्ष, दिल्ली

## नारी शक्तिः भारत @2047 की आधार स्तंभ




डॉ सुनिधि मिश्रा
स्वतंत्र लेखिका


विकसित भारत @2047 का सपना किसी एक योजना या नीति से पूरा नहीं होगा। यह सपना तभी साकार होगा, जब महिला शक्ति को निवेश की तरह देखा जाएगा।

भारत @2047 का विजन केवल तेज आर्थिक वृद्धि, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर या वैश्विक शक्ति बनने तक सीमित नहीं है। यह सपना एक समावेशी, न्यायपूर्ण और मानव-केंद्रित विकास की कल्पना करता है, जिसमें महिलाओं की भूमिका केंद्रीय हो। आज की भारतीय महिलाएं अब केवल बदलाव की प्रतीक नहीं रहीं, वे बदलाव की दिशा और गति दोनों तय कर रही हैं। हाल के वर्षों के सर्वे, रिपोर्ट और आंकड़े साफ संकेत देते हैं कि महिला शक्ति भारत के भविष्य की सबसे मजबूत नींव बन सकती है। शिक्षा इस परिवर्तन की पहली और सबसे मजबूत कड़ी है।

अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण (2021-22) के अनुसार, उच्च शिक्षा में महिलाओं का नामांकन लगभग 49–50 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। यह अपने आप में ऐतिहासिक बदलाव है, क्योंकि कुछ दशक पहले तक उच्च शिक्षा पर पुरुषों का वर्चस्व माना जाता था। आज महिलाएं न केवल कला और सामाजिक विज्ञान, बल्कि विज्ञान, चिकित्सा, प्रबंधन और तकनीकी विषयों में भी आगे बढ़ रही हैं। यह बदलाव केवल डिग्रियों की संख्या नहीं बढ़ा रहा, बल्कि आने वाले वर्षों में एक कुशल, आत्मनिर्भर और जागरूक महिला कार्यबल की नींव रख रहा है, जो किसी भी विकसित राष्ट्र की बुनियादी आवश्यकता है।

शिक्षा के बाद अगला महत्वपूर्ण चरण आर्थिक भागीदारी का है। पीरियॉडिक लेबर फोर्स सर्वे (2023-24) बताता है कि भारत में महिलाओं की श्रमबल भागीदारी दर बढ़कर लगभग 37 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जो 2017-18 के मुकाबले एक उल्लेखनीय वृद्धि है। यह दर्शाता है कि महिलाएं धीरे-धीरे कार्यबल में अपनी जगह बना रही हैं। खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में यह वृद्धि अधिक दिखाई देती है, जहां महिलाएं कृषि, पशुपालन, लघु उद्योग और स्वयं सहायता समूहों के जरिये आर्थिक गतिविधियों से जुड़ रही हैं। हालांकि यह भी सच है कि अभी बड़ी संख्या में महिलाएं अनौपचारिक और असुरक्षित कामों में लगी हैं, लेकिन यह बढ़ती भागीदारी भविष्य के औपचारिक व गुणवत्तापूर्ण रोजगार की दिशा में पहला कदम है।

स्वयं सहायता समूह आंदोलन भारत में महिला सशक्तिकरण की सबसे सफल कहानियों में से एक बन चुका है। विश्व बैंक और ग्रामीण विकास मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि करोड़ों महिलाएं स्वयं सहायता समूह से जुड़कर माइक्रो-क्रेडिट, उद्यमिता और सामुदायिक नेतृत्व में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इन समूहों ने महिलाओं को केवल आय का साधन नहीं दिया, बल्कि निर्णय लेने की शक्ति और सामाजिक सम्मान भी दिया है। यह नीचे से ऊपर आने वाला विकास मॉडल भारत @2047 के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह विकास को केवल शहरों तक सीमित नहीं रखता।

डिजिटल इंडिया ने महिला शक्ति को एक नया आयाम दिया है। आईएमएआई और अन्य डिजिटल सर्वेक्षणों के अनुसार, भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं में महिलाओं की हिस्सेदारी अब लगभग 40 प्रतिशत के आसपास है और यह लगातार बढ़ रही है। डिजिटल भुगतान, यूपीआई, ई-कॉमर्स और ऑनलाइन शिक्षा ने महिलाओं के लिए नए अवसर खोले हैं। आज एक ग्रामीण महिला भी मोबाइल फोन के जरिए बैंकिंग सेवाओं का उपयोग कर सकती है, ऑनलाइन प्रशिक्षण ले सकती है और अपने उत्पादों को व्यापक बाजार तक पहुंचा सकती है। यह डिजिटल सशक्तिकरण भारत @2047 के उस सपने को मजबूत करता है, जहां विकास समावेशी और तकनीक-आधारित हो। स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में महिलाएं विकसित भारत की आधारशिला हैं। एनएफएचएस-5 के अनुसार, भारत में अभी भी लगभग 57 प्रतिशत महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं-यह एक बड़ी चुनौती है, लेकिन साथ ही यह भी सच है कि मातृ स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता और मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ रही है। महिलाएं अब केवल परिवार की देखभाल करने वाली नहीं, बल्कि अपने स्वास्थ्य को लेकर निर्णय लेने वाली बन रही हैं। स्वस्थ महिला का अर्थ है स्वस्थ परिवार और स्वस्थ भविष्य की पीढ़ी, जो भारत @2047 के मानव संसाधन को मजबूत बनाएगा।

नेतृत्व और शासन में महिलाओं की बढ़ती भूमिका भी भारत के विकास की दिशा बदल रही है। पंचायत स्तर पर महिला प्रतिनिधित्व कई राज्यों में लगभग 50 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। इससे शिक्षा, जल, स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों को स्थानीय स्तर पर प्राथमिकता मिली है। शोध बताते हैं कि महिला नेतृत्व वाले क्षेत्रों में सामाजिक सूचकांक बेहतर होते हैं।

नई पीढ़ी की महिलाएं भारत @2047 की सबसे बड़ी शक्ति हैं। वे परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन बनाते हुए आगे बढ़ रही हैं। वे करियर, परिवार, स्वास्थ्य और आत्मसम्मान सबको एक साथ महत्व देना चाहती हैं। यह सोच भारत के विकास को अधिक मानवीय और टिकाऊ बना सकती है। चुनौतियां अब भी मौजूद हैं- समान वेतन, सुरक्षित कार्यस्थल, डिजिटल सुरक्षा और सामाजिक सोच में बदलाव,लेकिन सकारात्मक संकेत यह है कि दिशा स्पष्ट है और गति भी।

विकसित भारत @2047 का सपना किसी एक योजना या नीति से पूरा नहीं होगा। यह सपना तभी साकार होगा जब महिला शक्ति को निवेश की तरह देखा जाएगा, क्योंकि महिलाओं पर किया गया हर निवेश शिक्षा, स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और सामाजिक स्थिरता के रूप में कई गुना लौटता है। जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो केवल वे ही नहीं बढ़तीं, पूरा देश आगे बढ़ता है।

### सोशल फोरम

## किताबों की ड्रॉइंग नहीं सड़कें



इस इंजीनियरिंग मार्वल को देखिए, नब्बे डिग्री का सीधा मोड़। यह नोएडा की वही जगह, वही सड़क, जहां बीते दिनों कोहरे भरी रात में इंजीनियर युवराज इस मोड़ को देख नहीं पाए। सच कहें तो सिर्फ कोहरा ही वजह नहीं था। साफ रात में भी यहां हादसा होना तय था। इतनी तीखी मोड़ वाली सड़क और सामने गड्ढा, यह किसी दुर्घटना का इंतजार नहीं, उसका न्योता है। पिछले कई सालों से इंटरनेट पर इन "इंजीनियरिंग चमत्कारों" पर बहस होती रही है। हर बार लोक निर्माण विभाग के तेज-तर्रार इंजीनियर पूरी आत्मविश्वास से समझाते रहे कि ऐसे नब्बे डिग्री मोड़ क्यों जरूरी हैं। तर्क इतने तकनीकी होते हैं कि आम आदमी चुप हो जाए। इसी सड़क की तस्वीरें अमेरिका के सोशल मीडिया पर मीम बनकर भारत और उसकी तकनीक का मजाक उड़ाते हुए घूमती रहीं हैं। भारतीय होने के नाते खून खौलता है, लेकिन उससे ज्यादा गुस्सा तब आता है, जब अपने ही लोग इन्हें गर्व से "इंजीनियरिंग" कहते हैं। इसी जगह कुछ दिन पहले एक ट्रक ड्राइवर भी कोहरे में यह मोड़ नहीं देख पाया। कोहरा हो या न हो- ऐसी सड़क बनाना ही अपराध है। ट्रक अस्थायी बैरिकेड तोड़ते हुए नीचे गड्ढे में जा गिरा। किस्मत अच्छी थी, लोगों ने बचा लिया, वह जिंदा निकल गया। प्रशासन ने क्या किया? कुछ नहीं। वही टूटा बैरिकेड, वही अंधेरा, वही गंदा पानी।




नितिन त्रिपाठी
लेखक, लखनऊ


कुछ दिन बाद उसी जगह युवराज पहुंचा, लेकिन तब तक अस्थायी बैरिकेड पहले ही टूट चुका था। इस बार किस्मत ने साथ नहीं दिया। हमारे यहां सिस्टम को जगाने के लिए हमेशा एक मानव बलि चाहिए। इस बार वह बलि एक युवा इंजीनियर युवराज के रूप में मिली। अब देखिए, वही विभाग हरकत में आ गया है। गड्ढा भरेगा, सीवेज साफ होगा, पानी निकलेगा, स्थायी बैरिकेड लगेंगे, तेज रोशनी होगी, चेतावनी बोर्ड लगेंगे। सब कुछ होगा, क्योंकि अब एक जान जा चुकी है, लेकिन यह भी स्थायी समाधान नहीं है। स्थायी समाधान यह नहीं कि हादसे के बाद मरम्मत की जाए। स्थायी समाधान यह है कि ऐसी सड़कें बनाई ही न जाएं और अगर किसी मजबूरी में बनानी ही हों, तो मोड़ से बहुत पहले स्पीड कंट्रोल की व्यवस्था हो, रोड डिजाइन ऐसा हो कि गाड़ी की रफ्तार अपने आप 30-35 किलोमीटर प्रति घंटा से ज्यादा न हो। सड़कें किताबों की ड्रॉइंग नहीं होतीं। उन पर इंसान चलते हैं, जब इंजीनियरिंग संवेदनहीन हो जाती है, तब हर मोड़ पर कोई न कोई युवराज इंतजार कर रहा होता है, सिस्टम को जगाने के लिए।

**–फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## नवीन की वरिष्ठों संग समन्वय बिठाने की रहेगी चुनौती

नितिन नवीन को पार्टी की कमान सौंपकर भारतीय जनता पार्टी ने सियासी पटल पर एक नई इबारत लिखी है। पार्टी में वरिष्ठों और अनुभवी नेताओं की लंबी कतार होने के बावजूद एक युवा नेता को अध्यक्ष बनाने का सीधा-सीधा मतलब है कि भारतीय राजनीति में नई संस्कृति को बढ़ावा देना। दरअसल, ये ऐसा सियासी संदेश है, जिसे दूसरे दलो को भी सीखना चाहिए। देश में तमाम दल ऐसे हैं, जो परिवार से घिरे हैं। उनके यहां अध्यक्ष पार्टी से किसी सामान्य कार्यकर्ताओं को बनाने की रत्ती भर भी परंपरा नहीं है। कोई सोच भी नहीं सकता कि टीएमसी, शिवसेना, सपा, बसपा, टीडीपी जैसी पार्टियों में कोई सामान्य पार्टी का कार्यकर्ता अध्यक्ष भी बने, लेकिन भाजपा ने नितिन नवीन को अपना अध्यक्ष बनाकर ऐसे दलों को सोचने पर विवश कर दिया है। इस परंपरा को कोई अपनाए या नहीं? लेकिन दूसरे दलों के कार्यकर्ताओं में चेतनाएं जरूर जग गई हैं। वह भी अपने दल में ऐसे उच्च पदों पर आसीन होने की कल्पनाएं करेंगे। हालांकि ऐसा दूसरे दलों में भी होगा, संभव नहीं?




डॉ. रमेश ठाकुर
वरिष्ठ पत्रकार


नवीन की ताजपोशी किसी चमत्कार से कम नहीं? देशवासी भाजपा के इस कदम को राजनीति में बदलती हुई नई तस्वीर के रूप में देख रहे हैं। बीते 14 दिसंबर को उन्हें कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया और 20 जनवरी को पूर्णकालिक औहदे पर बिठा दिया गया। वह भी निर्विरोध? ये अकल्पनीय है और चमत्कारी फैसले जैसा है। नवीन का कार्यकारी अध्यक्ष का प्रोबेशन समय एक महीना ही रहा। हालांकि तमाम राजनीतिक पंड़ित नवीन के सामने पार्टी की लय को बरकरार रखने की चुनौती देख रहे हैं। निश्चित रूप से ऐसा देखा जाएगा, कयास भी लगाए जाएंगे, लेकिन संगठन बड़ा है, टीम वर्क बेहतरीन है, साथ ही उन्हें वरिष्ठों की सपोर्ट मिलेगी। इसलिए हो सकता है वह प्रेसर न लें। वैसे, नितिन नवीन की संगठनात्मक क्षमता का आकलन पार्टी अगले एकाध साल में ही कर लेगी, जिसमें बंगाल विधानसभा चुनाव पहली परीक्षा होगी। बंगाल को जीतना पार्टी का न सिर्फ सपना है, बल्कि मोदी-शाह के लिए प्रतिष्ठा का सवाल भी बन हुआ है। नवीन के समक्ष एक सबसे बड़ी चुनौती तो 2014 से भारतीय जनता पार्टी ने जो विस्तार किया है, उसे यथावत रखने की रहेगी। केंद्र में नरेंद्र मोदी के आगमन के बाद पार्टी में सदस्यों की संख्या पिछले सालों के मुकाबले आधे से ज्यादा बढ़ी। दक्षिण भारत को भेदना अब भाजपा के लिए अंतिम लक्ष्य हो गया है। वह हिस्सा उनसे अभी भी अभेद है। कर्नाटक में पार्टी सरकार बना चुकी है। आंध्र प्रदेश में टीडीपी के गठबंधन में है, लेकिन तेलंगाना, तमिलनाडु में सफलता नहीं मिली है। हालांकि केरल में पहली बार भाजपा का एक इकलौता सांसद बना और तिरुवनंतपुरम में मेयर बनाने में सफल हो चुकी है, पर पूर्णरूपी कब्जा करने की कसक अभी बाकी है। नवीन को इन्हीं चुनौतियों से जूझना पड़ेगा। भाजपा नवीन में संगठनात्मक मजबूती पहले देख चुकी है। 2023 के छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत को नितिन नवीन के राजनीतिक जीवन का सबसे महत्वपूर्णमोड़ माना जाता है। तब, उनकी बड़े नेताओं ने प्रशंसाएं भी की थी। नवीन तभी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के चहेते बनें। पद को संभालने वाले अब तक के सबसे युवा अध्यक्ष हैं नवीन, लेकिन उनके करियर को असली रफ्तार साल 2019 में मिली थी, जब उन्हें सिक्किम विधानसभा चुनाव में भाजपा के अभियान की कमान सौंपी गई थी। फिलहाल, भाजपा के नए बॉस अब नितिन नवीन बनें हैं। कैसे होंगे अगले कुछ महीने उनके लिए, पहले से गठित टीम में बदलाव होगा या फिर पुरानी टीम के साथ ही आगे बढ़ेंगे। आगे लगातार चुनाव हैं, किन रणनीतियों पर करेंगे काम, इसका अंदाजा कुछ समय बाद लग जाएगा।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।





# करियर के नए विकल्प
## स्टार्टअप, फ्रीलांस और गिग इकोनॉमी

पिछले दो दशकों में भारतीय रोजगार व्यवस्था में बड़ा परिवर्तन आया है। एक समय स्थायी नौकरी को ही सामाजिक सुरक्षा और सम्मान का प्रतीक माना जाता था, लेकिन वैश्वीकरण, डिजिटलीकरण और तकनीकी नवाचार ने करियर की पारंपरिक अवधारणा को चुनौती दी है। भारतीय जेन-जी यानी 18 से 27 वर्ष की उम्र के युवाओं का करियर को लेकर नजरिया तेजी से बदल रहा है। लिंक्डइन और रैंडस्टैड के संयुक्त अध्ययन पर आधारित हालिया रिपोर्ट बताती है कि आज का युवा वर्ग पारंपरिक नौकरियों से ज्यादा साइड इनकम और फ्रीलांसिंग को प्राथमिकता दे रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, जेन-जी अब केवल स्थिर नौकरी या तयशुदा करियर पाथ पर भरोसा नहीं कर रही, बल्कि वह अपनी स्किल, आजादी और डिजिटल प्लेटफॉर्म की ताकत पर दांव लगा रही है। आज स्टार्टअप, फ्रीलांस और गिग इकोनॉमी केवल वैकल्पिक रोजगार नहीं, बल्कि मुख्यधारा के करियर विकल्प के रूप में उभर रहे हैं। सफलता उसी युवा को मिलेगी, जो इन विकल्पों को ट्रेंड नहीं, बल्कि सोच-समझकर चुना गया रास्ता माने। हालांकि इस क्षेत्र में कुछ चुनौतियां भी हैं। आइए आज इसके पहलुओं पर विस्तृत विश्लेषण करते हैं।


सत्यदत्त शुक्ला
चार्टर्ड अकाउंटेंट, लखनऊ

### अवसरों का विस्तार

भारत आज दुनिया के सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम में गिना जाता है। सरकारी और निजी रिपोर्टों के अनुसार देश में लगभग दो लाख पंजीकृत स्टार्टअप सक्रिय हैं, जो सीधे और परोक्ष रूप से लाखों युवाओं को रोजगार प्रदान कर रहे हैं। स्टार्टअप संस्कृति युवाओं को पारंपरिक पदानुक्रम से अलग, नवाचार और जिम्मेदारी का अवसर देती है। यहां कार्यक्षेत्र सीमित नहीं होता। एक कर्मचारी को कई भूमिकाएं निभानी पड़ती हैं, जिससे सीखने की गति तेज होती है। इसके साथ ही स्टार्टअप संस्कृति अपने आसपास के युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करती है।






### फ्रीलांस अर्थव्यवस्था: कौशल का बाजार

डिजिटल प्लेटफॉर्म के विस्तार के साथ फ्रीलांसिंग तेजी से बढ़ी है। विभिन्न आकलनों के अनुसार भारत में दो करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी प्रकार से फ्रीलांस काम से जुड़े हैं। कंटेंट लेखन, डिजाइन, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डिजिटल मार्केटिंग और ऑनलाइन शिक्षण इस क्षेत्र के प्रमुख हिस्से बनकर उभरे हैं। फ्रीलांसिंग में डिग्री से ज्यादा महत्व कौशल और अनुभव का है। यही कारण है कि पारंपरिक शिक्षा से बाहर रह गए युवा भी इस मॉडल के जरिए आय अर्जित कर पा रहे हैं।

### गिग इकोनॉमी: त्वरित आय

गिग इकोनॉमी का दायरा अब केवल महानगरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि छोटे शहरों और कस्बों तक तेजी से फैल चुका है। कैब सेवाएं, फूड और ई-कॉमर्स डिलीवरी प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन ट्यूटरिंग, डिजिटल मार्केटिंग और कंटेंट क्रिएशन जैसे क्षेत्रों में आज करोड़ों युवा अल्पकालिक अनुबंधों पर काम कर रहे हैं। विभिन्न आकलनों के अनुसार, आने वाले वर्षों में भारत की गिग वर्कफोर्स कुल श्रम शक्ति का 20 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बन सकती है। यह मॉडल बेरोजगारी के दबाव को कुछ हद तक कम करने के साथ-साथ युवाओं को वैकल्पिक आय के अवसर भी प्रदान कर रहा है।




### क्या संकेत देते हैं आंकड़े

आर्थिक सर्वेक्षण और श्रम अध्ययनों से संकेत मिलता है कि भविष्य में रोजगार सृजन का बड़ा हिस्सा पारंपरिक उद्योगों के बजाय सेवा, तकनीक और प्लेटफॉर्म आधारित कार्यों से आएगा। वहीं यह भी सच है कि इन क्षेत्रों में काम करने वाले युवाओं की औसत आय और कार्य-स्थिरता में भारी अंतर है। यानी नए करियर विकल्प अवसर तो दे रहे हैं, लेकिन समानता और सुरक्षा की गारंटी नहीं।

### शिक्षा व्यवस्था और कौशल अंतर

विशेषज्ञों का मानना है कि शिक्षा व्यवस्था और रोजगार बाजार के बीच की खाई इन नए मॉडलों में और स्पष्ट हो गई है। स्कूल और कॉलेज आज भी छात्रों को स्थायी नौकरी की तैयारी कराते हैं, जबकि बाजार लचीले, बहु-कौशल वाले और तकनीक-सक्षम युवाओं की मांग कर रहा है। इसका परिणाम यह है कि बड़ी संख्या में डिग्रीधारी युवा या तो बेरोजगार हैं या अपनी योग्यता से कम काम करने को मजबूर हैं।

### मानसिक और सामाजिक प्रभाव

स्टार्टअप, फ्रीलांस और गिग इकोनॉमी में काम करने वाले युवाओं में तनाव और असुरक्षा की भावना अधिक देखी जा रही है। आय की अनिश्चितता, सामाजिक दबाव और भविष्य की चिंता मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही है। यह पहलू अक्सर करियर चर्चा में उपेक्षित रह जाता है।

### संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता

यह स्पष्ट है कि नए करियर विकल्प न तो पूरी तरह समाधान हैं और न ही पूरी तरह संकट। वे अवसर भी हैं और चुनौती भी। आवश्यकता इस बात की है कि युवा इन क्षेत्रों में प्रवेश से पहले कौशल, वित्तीय योजना और मानसिक तैयारी करें। साथ ही नीति-निर्माताओं और शिक्षा संस्थानों को भी चाहिए कि वे करियर गाइडेंस, कौशल प्रशिक्षण और सामाजिक सुरक्षा के नए मॉडल विकसित करें।

## जॉब अलर्ट


### एम.पी. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित

- पद का नाम-कंप्यूटर ऑपरेटर, कंप्यूटर ऑपरेटर (संविदा), सोसायटी मैनेजर, ऑफिसर
- कुल रिक्तियां-(1763 क्लर्क + 313 ऑफिसर) 2076 पद
- वेतन/पे स्केल-क्लर्क : लेवल-4 (रु. 19,500-62,000) 7 वां वेतनमान / लेवल-7 (रु. 28,700-91,300) / 6 वां वेतनमान (रु. 5,200-20,200 + 1900 GP)
- शैक्षणिक योग्यता-स्नातक
- आयु सीमा-18 से 35 वर्ष (छूट के साथ 40 वर्ष) कंप्यूटर ऑपरेटर (संविदा) : 18 से 55 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तारीख-05/02/2026
- वेबसाइट-www.apexbankmp.bank.in

### नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (NABARD)

- पद का नाम-डेवलपमेंट असिस्टेंट / डेवलपमेंट असिस्टेंट (हिंदी)
- पदों की संख्या-162 (159 DA + 3 DA हिंदी)
- वेतन-20,700 - 55,700 (लगभग 46,500/- सकल शुरुआती वेतन)
- योग्यता-50% अंकों के साथ बैचलर डिग्री + कंप्यूटर का ज्ञान
- आयु सीमा-21 से 35 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तारीख-03/02/2026
- वेबसाइट-www.nabard.org

### यूको बैंक




- पद का नाम-जर्नलिस्ट और स्पेशलिस्ट ऑफिसर
- पदों की संख्या-173
- वेतन- 48480-93960
- योग्यता- किसी भी विषय में ग्रेजुएट / बी.ई. / बी.टेक./ एम.सी.ए. / एम.एससी. कंप्यूटर साइंस / चार्टर्ड अकाउंटेंट सर्टिफिकेशन / फुल टाइम दो साल का एमबीए या पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा
- आयु सीमा-20 से 35 वर्ष
- आवेदन अंतिम तारीख-02-02-2026
- वेबसाइट-https://uco.bank.in

### सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया




- पद का नाम-लॉ क्लर्क कम-रिसर्च एसोसिएट
- पदों की संख्या-लगभग 90
- वेतन-1,00,000/- प्रति माह (समेकित पारिश्रमिक)
- योग्यता कानून में स्नातक डिग्री (कानून में इंटीग्रेटेड डिग्री कोर्स सहित)
- आयु सीमा-20 से 32 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तारीख-07/02/2026
- वेबसाइट-www.sci.gov.in

# कॉलेज जाना भी किसी मोर्चे पर जाने जैसा लगा

## कैंपस में पहला दिन

वर्ष 1999 का जुलाई महीना था। देश ऑपरेशन विजय के दौर से गुजर रहा था। कारगिल युद्ध की खबरें सुबह-शाम टीवी पर छाई रहती थीं। सड़कों पर सेना के ट्रक, रेलवे स्टेशनों पर जवानों से भरी रेलगाड़ियां और हर घर में युद्ध की चर्चाएं, पूरा माहौल रोमांच और तनाव से भरा हुआ था। उसी समय मुझे लखनऊ के IET में जून की काउंसलिंग के लगभग एक महीने बाद झांसी स्थित बुंदेलखंड इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (BIET) की मैकेनिकल ब्रांच में प्रवेश लेना था।

इंजीनियरिंग में दाखिले की खुशी थी, लेकिन फर्स्ट ईयर में होने वाली रैगिंग की कहानियों ने मन में डर भी भर रखा था। एक तरफ नए जीवन की शुरुआत का उत्साह था, तो दूसरी तरफ अनजाने माहौल का भय। ऊपर से पूरे परिवार की उम्मीदों का बोझ भी सिर पर महसूस हो रहा था। IIT में चयन न होने का मलाल था, लेकिन उत्तर प्रदेश के सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन मिलने का गर्व भी कम नहीं था। जैसे-जैसे 9 जुलाई नजदीक आ रहा था, घर में तैयारियां तेज हो गईं। कुछ कपड़े, बिस्तर और रोजमर्रा का जरूरी सामान समेटकर बड़े भाई के साथ कानपुर से होते हुए झांसी की यात्रा शुरू हुई। जुलाई का महीना और उत्तर भारत की बारिश, उस दिन भी मूसलाधार वर्षा हो रही थी। रास्ते में पहली बार छोटे-छोटे पथरीले पहाड़ दिखे। भले ही वे सिर्फ पठार थे, लेकिन मेरे लिए वे शोले फिल्म के पहाड़ों जैसे ही रोमांचक थे, क्योंकि इससे पहले पहाड़ मैंने कभी नहीं देखे थे।


शिव मोहन
मुख्य इंटीग्रेशन अधिकारी, रेलवे परिवहन व्यवसाय, लार्सन एंड टुब्रो, यूएई

BIET का कैंपस अपने आप में एक दुनिया था। पूरे उत्तर प्रदेश के सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में सबसे बड़ा IIT कानपुर को छोड़कर। कानपुर रोड से कॉलेज के मुख्य प्रशासनिक भवन तक लगभग एक किलोमीटर का रास्ता, चारों तरफ खुले मैदान और बारिश से नहाई हरियाली। मन प्रसन्न हो गया। ऐसा लग रहा था, जैसे कुछ-कुछ होता है फिल्म के कॉलेज कैंपस में प्रवेश कर रहा हूं। संयोग से वह फिल्म भी उसी दौर में रिलीज हुई थी। पहले वृंदावन हॉस्टल में सामान रखा और फिर प्रवेश प्रक्रिया के लिए सिविल डिपार्टमेंट पहुंचे, जहां पूरे फर्स्ट ईयर की काउंसलिंग और एडमिशन हो रहे थे। सीनियर्स अभिभावकों के सामने बेहद विनम्र और सहयोगी थे, लेकिन हमें देखकर उनकी आंखों में एक अलग ही संदेश झलक रहा था- मानो कह रहे हों, "अब आ गए हो, अब यहीं के तौर-तरीके सीखने होंगे।" अभिभावक भी अपने-अपने जिले या आसपास के इलाके के सीनियर्स खोज रहे थे, ताकि आगे बच्चों का ख्याल रखा जा सके। कन्नौज से कोई सीनियर नहीं मिला, लेकिन फर्रुखाबाद के एक सीनियर से भाई ने बात की। उन्होंने न सिर्फ भरोसा दिया, बल्कि पूरे चार साल सचमुच अभिभावक की तरह ध्यान भी रखा। सच ही कहा गया है, घर से दूर अपने जिले का कोई मिल जाए, तो वह परिवार जैसा हो जाता है।

शाम तक सभी छात्रों को कमरे आवंटित कर दिए गए। हॉस्टल वार्डन और शिक्षकों ने ध्यान रखा कि कोई क्षेत्रीय गुट न बने। हमारे कमरे में तीन तखत थे, लेकिन उस शाम सिर्फ दो ही छात्र आए। मैं और फैजाबाद से आया मेरा एक सहपाठी, जिसे बाद में सब प्यार से "पप्पू" कहने लगे। पूरे बैच में लगभग 180 छात्र थे और हर किसी का कोई न कोई उपनाम उसकी आदत, बोली या स्वभाव के आधार पर रख दिया गया था, जो पहचान आज भी सिर्फ बैच के लोगों के बीच जीवित है।

शाम ढलते ही सीनियर्स की पूरी फौज हॉस्टल पहुंच गई। परिचय का पहला दिन था। अलग-अलग वर्षों के सीनियर्स के लिए अलग-अलग तरह से अभिवादन करना होता था। कहीं 90 डिग्री, कहीं 120 डिग्री और फाइनल ईयर के लिए पूरा साष्टांग प्रणाम। कॉलेज का परिचय गीत, बोलने का तरीका सब कुछ नया और रोमांचक था। राहत इस बात की थी कि यह सब मौज-मस्ती तक सीमित रहा, कोई प्रताड़ना जैसी घटना नहीं हुई। इन्हीं सीनियर्स में से कुछ से ऐसे गहरे रिश्ते बने, जो 27 साल बाद भी कायम हैं। इंजीनियरिंग के चार सालों में हमने सिर्फ तकनीकी शिक्षा ही नहीं सीखी, बल्कि लोगों से जुड़ना, परिस्थितियों के अनुसार ढलना, नेतृत्व करना और खुद को समझना भी सीखा। कॉलेज के पहले दिन जीवन का जो मूलमंत्र मिला, वह आज भी हर मोड़ पर काम आता है।



## करंट अफेयर्स

- हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की जनवरी 2026 में भारत यात्रा के दौरान भारत और UAE के बीच एक महत्वपूर्ण दीर्घकालिक ऊर्जा समझौता संपन्न हुआ। इस समझौते के तहत UAE भारत को हर वर्ष 0.5 मिलियन मीट्रिक टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (LNG) की आपूर्ति करेगा। इस करार के बाद UAE, कतर के बाद भारत का दूसरा सबसे बड़ा LNG आपूर्तिकर्ता बन गया है, जिससे दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध और मजबूत हुए हैं। इसके अलावा दोनों देशों ने वर्ष 2032 तक द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 200 अरब अमेरिकी डॉलर करने पर सहमति व्यक्त की।
- हाल ही में जारी नवीनतम आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार चीन एक गहराते जनसांख्यिकीय संकट का सामना कर रहा है। वर्ष 2025 में चीन की जनसंख्या में लगातार चौथे वर्ष गिरावट दर्ज की गई, जबकि सरकार परिवारों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए वित्तीय प्रोत्साहन और नीतिगत उपाय लागू कर रही है।
- बीती 17 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की पहली स्लीपर वंदे भारत ट्रेन का शुभारंभ किया है, जो कोलकाता (हावड़ा) को गुवाहाटी (कामाख्या) से जोड़ती है। इस ट्रेन को पश्चिम बंगाल के मालदा से हरी झंडी दिखाई गई। यह ओवरनाइट सेमी-हाई-स्पीड सेवा आधुनिक रेल यात्रा के एक नए चरण की शुरुआत है और पूर्वी तथा पूर्वोत्तर भारत के बीच लंबी दूरी की कनेक्टिविटी को मजबूत करेगी।
- भारत ने अपनी विदेश नीति को सशक्त करने की दिशा में हाल ही में दो महत्वपूर्ण राजनयिक नियुक्तियों की घोषणा की है। विदेश मंत्रालय ने वरिष्ठ भारतीय विदेश सेवा (IFS) अधिकारियों मुआनपुई सायावी और अमित कुमार मिश्रा को क्रमश: न्यूजीलैंड में भारत का अगला उच्चायुक्त और जॉर्जिया में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया है। ये नियुक्तियां विभिन्न क्षेत्रों में भारत के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के प्रयासों को दर्शाती हैं।

## नोटिस बोर्ड

- रुहेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा जारी की गई सूचना के अनुसार 23 जनवरी को वसंत पंचमी के अवसर पर अवकाश घोषित होने के चलते विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों में बीए पंचम सेमेस्टर (मुख्य एवं बैक) की अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा की तिथि में संशोधन किया गया है। 23 जनवरी को प्रस्तावित परीक्षा अब 2 फरवरी को आयोजित की जाएगी। शेष परीक्षा कार्यक्रम पूर्व निर्धारित तिथियों के अनुसार ही रहेगा।
- उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा सहारनपुर की गिल कॉलोनी में 28 जनवरी को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले के अंतर्गत संविदा के आधार पर परिचालकों की भर्ती की जाएगी। उक्त रोजगार मेले में संविदा पर चालकों के आबद्धीकरण हेतु आर्हताएं पूर्वत : (न्यूनतम कक्षा 8 पास लंबाई न्यूनतम 5 फुट 3 इंच, भारी वाहन चलाने का लाइसेंस अवधि न्यूनतम 02 वर्ष पुराना, न्यूनतम 23 वर्ष 06 माह और कार्य करने की अधिकतम आयु 60 वर्ष) ही रहेगी।

# ड्रोन प्रोग्रामिंग : टेक्नोलॉजी में रोजगार का नया रास्ता

तेजी से बदलती तकनीकी दुनिया में आज ड्रोन केवल उड़ने वाली मशीन नहीं रह गए हैं। इन्हें प्रोग्राम करना, ऑटोमेट करना और अलग-अलग कामों के लिए तैयार करना एक नई और अहम स्किल बन चुकी है। यही वजह है कि 12 वीं के बाद टेक्नोलॉजी में करियर बनाने वाले युवाओं के लिए ड्रोन प्रोग्रामिंग कोर्स एक उभरता हुआ विकल्प बनकर सामने आया है।


ज्ञानेंद्र कुमार दीक्षित
असिस्टेंट प्रोफेसर, बीबीडी यूनिवर्सिटी, लखनऊ

### कौन कर सकता है यह कोर्स

ड्रोन प्रोग्रामिंग की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे 12 वीं पास छात्र भी कर सकते हैं। साइंस स्ट्रीम से पढ़ाई करने वालों को इसमें थोड़ी बढ़त मिलती है, लेकिन आर्ट्स और कॉमर्स के छात्र भी बुनियादी कंप्यूटर ज्ञान के साथ इस क्षेत्र में कदम रख सकते हैं। जिन युवाओं को टेक्नोलॉजी, मशीनों और नई चीजें सीखने में रुचि हैं, उनके लिए यह कोर्स खास तौर पर उपयुक्त माना जाता है।



### क्या-क्या सिखाया जाता है कोर्स में

ड्रोन प्रोग्रामिंग कोर्स पूरी तरह प्रैक्टिकल आधारित होता है। इसमें ड्रोन हार्डवेयर की बुनियादी जानकारी, फ्लाइट कंट्रोल सिस्टम, ऑटोमेटेड मिशन प्लानिंग, GPS और सेंसर प्रोग्रामिंग, कैमरा और डेटा प्रोसेसिंग, लाइव प्रोजेक्ट और फील्ड ट्रेनिंग जैसी स्किल्स पर फोकस किया जाता है, जिससे छात्र इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुरूप तैयार हो सकें।

### क्या है ड्रोन प्रोग्रामिंग कोर्स

ड्रोन प्रोग्रामिंग कोर्स में यह सिखाया जाता है कि ड्रोन को कोड के जरिए कैसे नियंत्रित किया जाए? ड्रोन किस दिशा में उड़ान भरे, कितनी ऊंचाई पर जाए, कैमरा कब एक्टिव हो और सेंसर से मिलने वाला डेटा कैसे इस्तेमाल किया जाए। ये सभी काम प्रोग्रामिंग से तय होते हैं। इस कोर्स में Python, C++, ROS और मिशन प्लानर जैसे सॉफ्टवेयर और टूल्स की ट्रेनिंग दी जाती है। आसान शब्दों में कहें, तो यह कोर्स ड्रोन उड़ाने से ज्यादा, उसे सोचने और निर्देश समझने की क्षमता देता है।



### जॉब और कमाई के अवसर

इस कोर्स के बाद रोजगार के कई विकल्प खुलते हैं। युवा ड्रोन प्रोग्रामर, ड्रोन ऑपरेटर, UAV इंजीनियर, ड्रोन मैपिंग स्पेशलिस्ट, सर्वे इंजीनियर या ड्रोन टेक्नीशियन के रूप में काम कर सकते हैं। शुरुआत में 25 से 50 हजार रुपये तक मासिक आय संभव है। अनुभव बढ़ने पर यही कमाई से 2 लाख रुपये प्रति माह तक पहुंच सकती है। फ्रीलांस और प्रोजेक्ट आधारित काम में इससे भी अधिक कमाई के अवसर मिलते हैं।

### भविष्य के लिहाज से अहम

ड्रोन टेक्नोलॉजी को खेती, पुलिस, सर्वे, इंफ्रास्ट्रक्चर, फिल्म इंडस्ट्री, डिलीवरी और स्मार्ट सिटी जैसे कई क्षेत्रों में तेजी से अपनाया जा रहा है। आने वाले समय में ड्रोन एक्सपर्ट्स की मांग और बढ़ने की संभावना है। ऐसे में ड्रोन प्रोग्रामिंग कोर्स युवाओं के लिए न केवल नई तकनीक सीखने का अवसर है, बल्कि भविष्य के लिए एक मजबूत और आधुनिक करियर की नींव भी रखता है।

## न्यूज ब्रीफ

### अटल पेंशन योजना 2030-31 तक जारी रखने की दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सरकार की प्रमुख अटल पेंशन योजना (एपीवाई) को वित्त वर्ष 2030-31 तक जारी रखने को बुधवार को मंजूरी दे दी। इसके साथ प्रचार, विकासात्मक गतिविधियों और गैप फंडिंग के लिए वित्तीय सहायता के विस्तार को भी स्वीकृति दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, असंगठित क्षेत्र के कामगारों के बीच पहुंच बढ़ाने के लिए जागरूकता एवं क्षमता निर्माण जैसी गतिविधियों को सरकारी समर्थन मिलता रहेगा।

### दीपिंदर गोयल छोड़ेंगे इटर्नल के समूह सीईओ-एमडी के पद

**नई दिल्ली।** जोमैटो और ब्लिंकिट का संचालन करने वाली इटर्नल ने बुधवार को कहा कि दीपिंदर गोयल समूह के सीईओ और एमडी का पद छोड़ेंगे। उनकी जगह ब्लिंकिट के सीईओ अलबिंदर ढींडसा एक फरवरी से समूह के नए सीईओ के रूप में जिम्मेदारी संभालेंगे। शेयरधारकों को लिखे एक पत्र में गोयल ने कहा कि वह नए विचारों पर काम करने के लिए अपने वर्तमान पद से हट रहे हैं और अब वाइस-चेयरमैन की भूमिका निभाएंगे।

### पीपीएफएएस म्यूचुअल फंड एनएफओ की शुरुआत

**नई दिल्ली।** पीपीएफएएस म्यूचुअल फंड ने आज पराग पारिख लार्ज कैप फंड के न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) की शुरुआत की। यह एनएफ़ओ 30 जनवरी 2026 को बंद होगा, जबकि योजना 6 फ़रवरी 2026 से दोबारा निवेश के लिए खुलेगी। यह फंड हाउस की स्थापना के बाद पेश की गई सातवीं योजना है। यह योजना निवेशकों को कम लागत में, व्यापक लार्ज-कैप एक्सपोज़र उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखती है। इसके तहत ऐसी निवेश रणनीति अपनाई जाएगी जिससे ट्रेडिंग और इम्पैक्ट लागत को नियंत्रित किया जा सके और समय के साथ पोर्टफोलियो को इसके बेंचमार्क के क़रीब रखा जा सके। योजना में कुशल निवेश साधनों का उपयोग करते हुए एक्टिव शेयर को सीमित रखा जाएगा। इस योजना में न्यूनतम निवेश राशि 1,000 रूपये होगी और उसके बाद 1 रूपये के गुणकों में निवेश किया जा सकेगा।

# अदाणी समूह ने दावोस में पेश की भारत के लिए 66 अरब डॉलर के निवेश की योजना

## विमानन, स्वच्छ ऊर्जा, शहरी अवसंरचना, डिजिटल मंचों और उन्नत विनिर्माण क्षेत्रों में निवेश का लक्ष्य

**दावोस, एजेंसी**

अदाणी समूह ने विमानन, स्वच्छ ऊर्जा, शहरी अवसंरचना, डिजिटल मंचों और उन्नत विनिर्माण क्षेत्रों में 66 अरब डॉलर के निवेश की रूपरेखा पेश की है जो भारत की वृद्धि प्राथमिकताओं के अनुरूप निजी पूंजी के बड़े पैमाने पर निवेश के नए चरण का संकेत है। अपनी योजनाएं प्रस्तुत करते हुए समूह ने कहा कि यह निवेश महाराष्ट्र, असम और झारखंड में किया जाएगा।

दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की 56वीं वार्षिक बैठक में समूह ने असम में गुवाहाटी के लोकप्रिया गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को केंद्र में रखते हुए विमानन एवं वैमानिकी परिवेश के विस्तार की जानकारी दी। इसका परिचालन अगले महीने शुरू होने की उम्मीद है। योजनाओं में आतिथ्य एवं खुदरा अवसंरचना, 'लेवल-डी फुल-फ्लाइट सिमुलेटर' के साथ विमानन प्रशिक्षण अकादमी तथा चौड़े व संकीर्ण विमानों के लिए रखरखाव, मरम्मत (एमआरओ) सुविधाएं शामिल हैं। इससे गुवाहाटी को पूर्वोत्तर के लिए क्षेत्रीय विमानन केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकेगा। समूह ने असम के कार्बी आंगलोंग और दीमा हसाओ जिलों में बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की भी घोषणा की जिनसे 2,700 मेगावाट से अधिक सौर क्षमता जुड़ेगी।

### भारत के कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने दावोस में जमाया डेरा





दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच की बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और तेलंगाना के ए रेवंत रेड्डी।

### तेलंगाना ने रखा 25 अरब डॉलर निवेश का लक्ष्य

तेलंगाना सरकार ने अपनी जीवन विज्ञान के लिए अगली पीढ़ी की नीति 2026-30 के तहत 2030 तक इस क्षेत्र में 25 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित करने और पांच लाख रोजगार सृजित करने का लक्ष्य रखा है। डब्ल्यूईएफ की बैठक के दौरान बुधवार को इस नीति को पेश किया गया। इस नीति के जरिए तेलंगाना का लक्ष्य दुनिया के शीर्ष तीन जीवन विज्ञान केंद्रों में शामिल होना है। दुनिया भर के कुल टीके का एक-तिहाई हिस्सा अकेले तेलंगाना में बनाया जाता है जहां 2,000 से अधिक जीवन विज्ञान से जुड़ी कंपनियां काम कर रही हैं। निवेशकों को लुभाने के लिए इस नीति में निवेशकों को कई रियायतें दी गई हैं। इनमें बिक्री और पट्टे पर स्टांप शुल्क तथा हस्तांतरण शुल्क की शत-प्रतिशत वापसी, बिजली सब्सिडी और औद्योगिक पार्क में जमीन की लागत पर 25 प्रतिशत छूट शामिल है। वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होने की तारीख से पांच साल तक शुद्ध एसजीएसटी की पूरी वापसी का भी प्रावधान है।

### फडणवीस ने 15 लाख करोड़ के समझौतों पर किए साइन

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दावोस में राज्य के लिए 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश से जुड़े समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इनके जरिए 13 लाख लोगों को रोजगार का दावा किया गया है। महाराष्ट्र प्रदेश भाजपा के मीडिया सेल प्रमुख नवनाथ बान ने कहा कि मुख्यमंत्री ने दावोस दौरे के दौरान विदेशी निवेश को महाराष्ट्र में लाने के लिए कड़ी मेहनत की है।

### मोदी एक शानदार व्यक्ति और मेरे अच्छे मित्र : ट्रंप



**दावोस।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि वह अपने 'मित्र' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुत सम्मान करते हैं और वह एक अच्छा व्यापार समझौता करने जा रहे हैं। 'मनीकंट्रोल' ने ट्रंप के हवाले से अपनी खबर में कहा, मेरे मन में आपके प्रधानमंत्री के लिए बहुत सम्मान है। वह एक शानदार व्यक्ति हैं और मेरे मित्र भी हैं। हम एक अच्छा व्यापार समझौता करने जा रहे हैं। खबर में कहा गया है कि उन्होंने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से संबंधित एक प्रश्न के उत्तर में यह टिप्पणी की। ट्रंप डब्ल्यूईएफ की बैठक में भाग लेने दावोस पहुंचे थे।

# रुपये को तगड़ा झटका, 68 पैसे टूटकर डॉलर के मुकाबले 91.65 पर आकर गिरा

**मुंबई, एजेंसी**




**इस महीने अब तक 1.5% की गिरावट**

- वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता ने भारतीय मुद्रा को अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंचाया

अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया बुधवार को 68 पैसे लुढ़ककर अब तक के सबसे निचले स्तर 91.65पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में बढ़ती अनिश्चितता और विदेशी संस्थागत निवेशकों के जोखिम लेने से बचने के कारण लगातार पूंजी निकासी की गई, जिससे रुपया और धराशायी हो गया।

इससे पहले रुपया 16 दिसंबर 2025 को 91.14 के अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंचा था। इस महीने अब तक रुपये में 1.50 प्रतिशत की गिरावट आई है जिसका कारण बढ़ती भूराजनीतिक अनिश्चितता को बताया जा रहा है। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 91.05 पर खुला और डॉलर के मुकाबले 91.74 के कारोबार के निचले स्तर पर आ गया। कारोबार के अंत में रुपया 91.65 के सर्वकालिक निम्न स्तर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 68 पैसे कम था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार के मुताबिक 21 नवंबर 2025 के बाद यह एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट है।

### शेयर बाजार में गिरावट जारी, सेंसेक्स 82,000 के नीचे



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 271 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 75 अंक की गिरावट रही। डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी और वित्तीय, बैंकिंग एवं उपभोग से जुड़े शेयरों में बिकवाली ने बाजार पर दबाव बनाए रखा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक भारी उतार-चढ़ाव के बाद 270.84 अंक यानी 0.33 प्रतिशत गिरकर 81,909.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 1,056.02 अंक टूटकर 81,124.45 तक आ गया था। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 75 अंक यानी 0.30 प्रतिशत फिसलकर 25,157.50 अंक पर बंद हुआ।

## राजस्थान के तीन जिलों में अनाज एटीएम से लोगों को मिलेगा राशन

**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर, भरतपुर एवं बीकानेर जिलों में अनाज एटीएम खुलने जा रहा है जहां से खाद्य सुरक्षा के लाभार्थी अपने राशन कार्ड के जरिए राशन प्राप्त कर सकेंगे।

राज्य के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बुधवार को बताया कहा कि इस व्यवस्था का सबसे ज्यादा लाभ ऐसे मजदूर परिवारों को होगा जो सुबह जल्दी काम पर निकल जाते हैं और देर रात तक घर लौटते हैं। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों की सुविधा के लिए अनाज एटीएम खोलने का नवाचार किया जा रहा है। ये अनाज एटीएम घनी बस्तियों में संचालित किए जाएंगे, ताकि अधिक संख्या में लाभार्थी परिवार इस सुविधा का लाभ उठा सकें।

## डीजीसीए ने शुरू की विमान कमांडरों के लिए इलेक्ट्रॉनिक लाइसेंस सेवा

**नई दिल्ली।** विमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बुधवार को एयरलाइन ट्रांसपोर्ट पायलट लाइसेंस (एटीपीएल) के लिए इलेक्ट्रॉनिक कार्मिक लाइसेंस (ईपीएल) सेवाएं शुरू की हैं। एटीपीएल लाइसेंस मुख्य रूप से एयरलाइन के कैप्टन और कमांडरों को जारी किए जाते हैं।

आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, ईपीएल एक सुरक्षित डिजिटल लाइसेंस है जो छेड़छाड़ को रोकने के साथ-साथ वास्तविक समय में सत्यापन की सुविधा भी प्रदान करेगा। इसे नियामक के ई-जीसीए मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है और विमानन कंपनियां बढ़ते हवाई यातायात को देखते हुए अपने बेड़े का विस्तार कर रही हैं। इसके चलते पायलट की मांग में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इससे पहले, फरवरी 2025 में डीजीसीए ने व्यावसायिक पायलट लाइसेंस (सीपीएल) और फ्लाइट रेडियो टेलीफोन ऑपरेटर (प्रतिबंधित) लाइसेंस (एफआरटीओएल) के लिए ईपीएल सेवाएं शुरू की थीं।

## कीटनाशकों के ई-कॉमर्स के लिए कड़े कानून बनें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- नकली उत्पादों से किसानों को बचाने के लिए क्रॉपलाइफ की मांग

कीटनाशक बनाने वाली 17 बड़ी कंपनियों के संगठन 'क्रॉपलाइफ इंडिया' ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर इनकी बिक्री के लिए कड़े कानून बनाने की मांग की है ताकि घटिया या नकली उत्पादों से किसानों को संभावित नुकसान की स्थिति में जवाबदेही तय की जा सके।

क्रॉपलाइफ इंडिया के अध्यक्ष और क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन के कार्यकारी अध्यक्ष एवं एमडी अंकुर अग्रवाल ने बुधवार को यहां ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर फसलों की सुरक्षा संबंधी उत्पादों पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन से इतर कहा कि मौजूदा समय में कीटनाशकों का विनियमन इनसेक्टिसाइड्स एक्ट, 1968 के तहत होता है। सरकार ने साल 2022 में इसमें संशोधन कर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आम उत्पादों की तरह कीटनाशकों की बिक्री के लिए भी अनुमति दी थी। अब सरकार पेस्टिसाइड मैनेजमेंट विधेयक लाने की तैयारी कर रही है जिसका प्रारूप तैयार हो चुका है। सरकार ने संगठन से 4 फरवरी तक अपने सुझाव सौंपने के लिए कहा है।

अग्रवाल ने कहा कि जिस तरह विक्रेता को लाइसेंस की जरूरत होती है, उसी तरह ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों के लिए भी लाइसेंस अनिवार्य किया जानी चाहिए। वर्तमान में यह सुनिश्चित करने का कोई तरीका नहीं है कि ऑनलाइन बिक रहा पेस्टिसाइड असली है या नकली। उन्होंने कहा कि यदि कोई कंपनी बिना लाइसेंस के कीटनाशक बेच रही है तो उस पर भी नकली उत्पाद की तरह ही कार्रवाई होनी चाहिए।

## आईएलएंडएफएस के निदेशकों पर अभी कार्रवाई नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एनसीएलएटी ने बढ़ाया संरक्षण बैंकों को किसी भी कार्रवाई से पहले पूर्वानुमति लेने का आदेश

अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने कर्ज में डूबे समूह आईएलएंडएफएस के नए निदेशक मंडल में शामिल पेशेवर निदेशकों को बैंकों द्वारा इरादतन चूककर्ता घोषित किए जाने से दी गई संरक्षण अवधि को आगे बढ़ा दिया है। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने एक फैसले में यह भी स्पष्ट किया कि बैंक नए बोर्ड के पेशेवर निदेशकों के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई से पहले एनसीएलएटी से अनुमति लेंगे।

अपीलीय न्यायाधिकरण के चेयरपर्सन न्यायमूर्ति अशोक भूषण और तकनीकी सदस्य बरुण मित्रा की दो-सदस्यीय पीठ ने कहा, चार अप्रैल, 2025 को पारित आदेश अब भी प्रभावी है और 15 अक्टूबर, 2018 के आदेश के तहत दिए गए निर्देश नए बोर्ड में पुनर्नियुक्त पेशेवर निदेशकों पर भी लागू होंगे। चार अप्रैल 2025 के आदेश में सरकार द्वारा गठित नए बोर्ड के निदेशकों को बैंकों की ओर से अभियोजन से संरक्षण दिया गया था। हालांकि उस आदेश में केनरा बैंक और इंडियन बैंक को आईएलएंडएफएस के पूर्व निदेशकों के खिलाफ इरादतन चूककर्ता घोषित करने की कार्यवाही आगे बढ़ाने की अनुमति दी गई थी, जो नए बोर्ड का हिस्सा नहीं हैं।

सरकार ने 90,000 करोड़ रुपये से अधिक के कर्ज संकट के सामने आने के बाद एक अक्टूबर, 2018 को आईएलएंडएफएस के लिए नया बोर्ड नियुक्त किया था। इसके बाद 15 अक्टूबर, 2018 को एनसीएलएटी ने अंतरिम आदेश पारित कर समूह और उसकी 302 इकाइयों के खिलाफ कर्जदाताओं की कार्रवाइयों पर रोक लगा दी थी। नए बोर्ड की तरफ से दायर हलफनामे के मुताबिक समूह के लेनदारों को 30 सितंबर 2025 तक 48,463 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। आईएलएंडएफएस ने अपनी परिसंपत्तियों के समाधान से 61,000 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है, जो कुल बाहरी कर्ज 99,355 करोड़ रुपये का लगभग 61.39 प्रतिशत है।

### नई बस सेवा



बेंगलुरु में बुधवार को कर्नाटक राज्य पर्यटन विकास निगम (केएसटीडीसी) की ओर से डबल डेकर बस सेवा का शुभारंभ किया गया। इस दौरान राज्य के मंत्री एचके पाटिल बस के ऊपर बैठकर हाथ हिलाते नजर आए।

## खेतिहर-ग्रामीण श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति में हुई मामूली वृद्धि

**नई दिल्ली।** खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मजबूती के कारण दिसंबर महीने में खेतिहर और ग्रामीण श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति में क्रमशः 0.04 प्रतिशत और 0.11 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की गई। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

श्रम मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-कृषि श्रमिक (सीपीआई-एल) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-ग्रामीण श्रमिक (सीपीआई-आरएल) के रूप में मापी जाने वाली खुदरा मुद्रास्फीति में नवंबर के दौरान क्रमशः 0.66 प्रतिशत और 0.47 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। दिसंबर 2025 में खेतिहर श्रमिकों के लिए खाद्य मुद्रास्फीति में 1.80 प्रतिशत और ग्रामीण श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति में 1.73 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

नवंबर में दोनों श्रेणियों में क्रमशः 2.95 प्रतिशत और 2.70 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। दिसंबर में कृषि श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 0.28 अंक घटकर 137.12 पर आ गया, जबकि ग्रामीण श्रमिकों के लिए सूचकांक 0.27 अंक गिरकर 137.03 पर रहा। पिछले महीने खाद्य सूचकांक में कृषि श्रमिकों और ग्रामीण श्रमिकों दोनों श्रेणियों में 0.70-0.70 अंकों की गिरावट आई। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तहत गठित 'श्रम ब्यूरो' ने वर्ष 2019 को आधार वर्ष मानते हुए कृषि और ग्रामीण श्रमिकों के लिए ताजा उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आंकड़े जारी किए। ये सूचकांक 34 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 787 नमूना गांवों से एकत्र किए गए आंकड़ों पर आधारित हैं।

## आजादपुर मंडी में भीड़ घटाने को टिकरी में बनेगा थोक फल-सब्जी बाजार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- दिल्ली सरकार ने 70 एकड़ जमीन खरीदी, परियोजना के लिए परामर्शदाता की नियुक्ति की

दिल्ली सरकार ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तौर पर उत्तर पश्चिमी दिल्ली के टिकरी खामपुर में 70 एकड़ जमीन पर आधुनिक सुविधाओं के साथ फलों और सब्जियों के लिए थोक बाजार बनाने की योजना बनाई है। अधिकारियों के मुताबिक एक बार चालू होने के बाद यह आजादपुर में एशिया की सबसे बड़ी मंडी में भीड़ कम करने में मदद करेगा।

दिल्ली कृषि विपणन बोर्ड (डीएएमबी) ने इस परियोजना के लिए एक परामर्शदाता की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। निविदा दस्तावेज में कहा गया है कि डीएएमबी द्वारा सेवा पर लिया गया परामर्शदाता, परियोजना की अवधारणा से जुड़ी पूरी सेवा देगा। इसमें बाजार विश्लेषण, जगह की मांग, व्यापार पद्धति, वित्तीय पहलू, राजस्व सृजन और निवेश बनाम लाभ पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसमें कहा गया है कि परियोजना का मॉडल ऐसा होगा कि दिल्ली सरकार या डीएएमबी पर कोई वित्तीय देनदारी नहीं आएगी और पूरी योजना सार्वजनिक-निजी भागीदारी प्रारूप पर पूरी की जाएगी। डीएएमबी को खेती के सामान के विपणन को विनियमित करने और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में खेती के सामान के बाजार बनाने और दूसरे जुड़े मामलों की जिम्मेदारी दी गई है। जमीन खरीद ली गई है।

कृषि उत्पाद विपणन समिति (एपीएमसी) द्वारा चलाई जाने वाली आजादपुर फल और सब्जी बाजार उत्तरी पश्चिमी दिल्ली में 76 एकड़ जमीन पर है। समय बीतने और आबादी बढ़ने के साथ आजादपुर मंडी में व्यापार गतिविधियां कई गुना बढ़ गई है। बहुत ज्यादा लोगों के आने और अलग-अलग उत्तरी राज्यों से फल और सब्जियां लाने वाली बड़ी संख्या में मालवाहक गाड़ियों के आने की वजह से, बाजार में बहुत ज्यादा भीड़ हो गई है।

## एमएसएमई के हरित बदलाव के लिए गठित हो राष्ट्रीय एजेंसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- नीति आयोग ने की सिफारिश, देश में हैं 6.9 करोड़ एमएसएमई इकाइयां

नीति आयोग ने वर्ष 2070 तक शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के हरित ऊर्जा की ओर बदलाव को लागू करने के लिए बुधवार को राष्ट्रीय परियोजना प्रबंधन एजेंसी (एनपीएमए) के गठन की सिफारिश की।

देश के भीतर एमएसएमई क्षेत्र में करीब 6.9 करोड़ इकाइयां हैं, जिनमें से लगभग 6.86 करोड़ सूक्ष्म उद्यम हैं। कुल निर्यात में इनका योगदान 45.7 प्रतिशत है और यह क्षेत्र करीब 25 करोड़ लोगों को रोजगार देता है। नीति आयोग ने 'एमएसएमई के हरित रूपांतरण का खाका' शीर्षक रिपोर्ट में कहा कि प्रस्तावित एनपीएमए एक स्वतंत्र परामर्श और सलाहकारी इकाई होनी चाहिए, जिसकी निगरानी एक अंतर-मंत्रालयी समिति के माध्यम से की जाए। आयोग के मुताबिक, इस एजेंसी की भूमिका जमीनी स्तर पर हरित ऊर्जा रूपांतरण कार्यक्रम का क्रियान्वयन तेज करने की होगी और इसके लिए वह एक प्रभावी एवं पारदर्शी प्रक्रिया के तहत एमएसएमई क्लस्टरों के साथ निकटता से काम करेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि एनपीएमए को अभिरुचि की अभिव्यक्ति के जरिये इच्छुक एमएसएमई संकुलों और औद्योगिक संघों की पहचान करनी चाहिए, जिसमें क्लस्टर चयन की प्रक्रिया और प्रस्तावित समाधान स्पष्ट रूप से बताए जाएं। इसके साथ ही, एमएसएमई संकुलों को हरित बदलाव कार्यक्रम में भागीदारी के लिए 'विशेष प्रयोजन वाली इकाई' गठित करने का विकल्प भी दिया जाना चाहिए।

आयोग ने एक अलग रिपोर्ट में सीमेंट क्षेत्र को कार्बन उत्सर्जन से मुक्त करने का खाका पेश किया। इसमें कोयले से होने वाली तापीय ऊष्मा की जगह शहरी ठोस अपशिष्ट से तैयार रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल का उपयोग बढ़ाने पर जोर दिया है।

### यूपी डोमिनेटर्स के साथ प्रो रेसलिंग लीग की वापसी का ऐलान

**नोएडा।** रूबिक्स ग्रुप ने एक बार फिर कम्युनिटी-बेस्ड पार्टनरशिप और वर्ल्ड-क्लास स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म के लिए मानक ऊंचा किया है। भारत की प्रमुख फ्रेंचाइज़ी-आधारित प्रोफेशनल रेसलिंग लीग—प्रो रेसलिंग लीग की वापसी को समर्थन देकर, रूबिक्स ग्रुप (रूबिक्स रियल्टी) के स्वामित्व वाली यूपी डोमिनेटर्स भारतीय कुश्ती के लिए वैश्विक मंच पर एक निर्णायक रीसेट साबित होने जा रही है। इस लीग में रूबिक्स ग्रुप की यह भागीदारी उनके 'होम्स दैट बिल्ड चैंपियंस' विज़न का प्रतीक है, जो जमीनी स्तर की प्रतिभा और कम्युनिटी वेलनेस को एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच से जोड़ती है। प्रो रेसलिंग लीग (PWL) के वापसी सीज़न का पहला अध्याय 3 जनवरी, 2026 को हुए प्लेयर ऑक्शन से शुरू हुआ।

**दावा** | रिजर्व बैंक का वैश्विक जोखिम के बावजूद सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बने रहने का अनुमान

# अर्थव्यवस्था की मौजूदा स्थिति खुशनुमा भविष्य की उम्मीद

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ताजा बुलेटिन में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की मौजूदा स्थिति भविष्य के लिए खुशनुमा उम्मीद जगाती है। दावा किया गया है कि वैश्विक जोखिम एवं नीतिगत अनिश्चितताओं के बावजूद देश सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

रिजर्व बैंक के बुधवार को जारी जनवरी 2026 बुलेटिन में कहा गया है कि वर्ष 2026 की शुरुआत वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों से हुई, जिसमें वेनेजुएला में अमेरिकी हस्तक्षेप, पश्चिम एशिया में तनातनी, रूस-यूक्रेन शांति समझौते को लेकर अनिश्चितता और ग्रीनलैंड विवाद शामिल हैं। इन घटनाओं से वैश्विक जोखिम एवं नीतिगत अस्थिरता बढ़ी, लेकिन भारत की मौजूदा स्थिति आगे के लिए उम्मीद जगाती है। बुलेटिन के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि के प्रारंभिक अनुमान भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शाते हैं और ये आंकड़े दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने की तरफ इशारा करते हैं।

कहा गया है कि दिसंबर 2025 के निर्यात, जीएसटी संग्रह, ई-वे बिल, पीएमआई जैसे उच्च-आवृत्ति संकेतकों से पता चला कि घरेलू मांग में मजबूती और वृद्धि की रफ्तार बनी हुई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति दिसंबर में थोड़ा बढ़ी लेकिन वह आरबीआई के संतोषजनक स्तर के निचले स्तर से नीचे ही रही। बुलेटिन में कहा गया है, वित्तीय संसाधनों के प्रवाह में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई। अप्रैल-दिसंबर 2025 तक वाणिज्यिक क्षेत्र में कुल वित्तीय संसाधनों का प्रवाह बढ़कर 30.8 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल 21.3 लाख करोड़ रुपये था।





### कर सुधारों से दीर्घकालिक वृद्धि को मिलेगा सहारा

बुलेटिन मुताबिक, वर्ष 2025 में देश में कई बड़े आर्थिक सुधार हुए, जिनमें कर ढांचे का तर्कसंगत बनाना, नए श्रम कानूनों को लागू करना और वित्तीय क्षेत्र में उदारीकरण शामिल हैं, जिनसे दीर्घकालिक वृद्धि को समर्थन की उम्मीद है। भविष्य में नवाचार और स्थिरता के बीच संतुलन, उपभोक्ता संरक्षण और सतर्क नियामकीय दृष्टिकोण भारत की उत्पादकता बढ़ाने और दीर्घकालिक वृद्धि को समर्थन देने में मदद करेंगे। एफडीआई के प्रवाह में अप्रैल-नवंबर 2025 के दौरान सालाना आधार पर तेजी रही। हालांकि, नवंबर में अधिक राशि विदेश भेजे जाने के कारण शुद्ध एफडीआई लगातार तीसरे महीने नकारात्मक रहा।

# गणतंत्र दिवस से पहले दिल्ली समेत कई शहरों में हाई अलर्ट

- आतंकी हमलों के मद्देनजर खुफिया एजेंसियां सतर्क

नई दिल्ली, एजेंसी

गणतंत्र दिवस से पहले देश की खुफिया एजेंसियों ने खालिस्तानी आतंकवादी संगठनों और बांग्लादेश स्थित आतंकवादी समूहों से संभावित खतरों के मद्देनजर हाई अलर्ट जारी किया है।

अलर्ट के मुताबिक दिल्ली और देश में कई अन्य प्रमुख शहर संभावित निशाने पर हो सकते हैं। इस इनपुट के बाद सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है और संवेदनशील इलाकों में निगरानी तेज कर दी गई है। खुफिया सूत्रों से पता चला है कि पंजाब के कुछ गैंगस्टर कथित तौर पर खालिस्तानी और अन्य कट्टरपंथी विदेशी आकाओं के लिए 'फुट सोल्जर' के रूप में काम कर रहे हैं। आरोप है कि विदेश में बैठे ये आका देश की आंतरिक सुरक्षा को बिगाड़ने और अपने मंसूबों को अंजाम देने के लिए इन आपराधिक नेटवर्कों का इस्तेमाल कर रहे हैं। ये गैंगस्टर हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, राजस्थान में सक्रिय हैं।

सूत्रों का कहना है कि इन नेटवर्कों का उपयोग हथियारों की तस्करी, धन और रसद सहायता उपलब्ध कराने जैसी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए किया जा सकता है। इसे देखते हुए दिल्ली और अन्य महानगरों में सुरक्षा सख्त की जा रही है।

## शेख हसीना के खिलाफ नौ फरवरी को होगी सुनवाई

**ढाका।** बांग्लादेश की एक अदालत ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और 285 अन्य लोगों के खिलाफ राजद्रोह के मामले में आरोप तय करने के लिए अगली सुनवाई की तारीख नौ फरवरी निर्धारित की। यह मामला उन आरोपों से जुड़ा है कि दिसंबर 2024 में हसीना और अवामी लीग के सैकड़ों सदस्यों ने जॉय बांग्ला ब्रिगेड नामक समूह की ऑनलाइन बैठक में हिस्सा लिया था, जहां मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को गिराने की कथित तौर पर साजिश रची गई। ढाका की विशेष अदालत के न्यायाधीश मोहम्मद अब्दुस सलाम ने इस संबंध में बचाव पक्ष की याचिकाओं में आदेश पारित किया।

## व्यवस्था की डूबती संवेदनशीलता

नोएडा जैसे आधुनिक शहर में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की पानी से भरे गड्ढे में डूबने से हुई मौत केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि शहरी नियोजन और आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की विफलता का प्रतीक है। इंजीनियर की जान बचाने के लिए फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचती हैं, लेकिन संसाधनों के अभाव का हवाला देकर किनारे खड़ी रहती हैं, आधुनिकता के दावों पर यह गहरा तमाचा है। यह घटना दर्शाती है कि हमारे सुरक्षा बल आज भी बुनियादी उपकरणों, जैसे कि डाइविंग सूट, अंडरवाटर लाइट और त्वरित बचाव नौकाओं के लिए तरस रहे हैं। सेक्टर-स्तर पर तैनात फायरकर्मियों को अक्सर केवल आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया जाता है, जबकि शहरी बाढ़ या गहरे गड्ढों में बचाव के लिए उनके पास न तो विशेषज्ञता है और न ही उपकरण।

# नोएडा हादसा



### केवल टैक्स लेने तक जिम्मेदारी नहीं

- राज्य की जिम्मेदारी केवल टैक्स वसूलने और कंक्रीट के जंगल खड़े करने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना उसका प्राथमिक दायित्व है। इस मामले में जिला प्रशासन, विकास प्राधिकरण और आपदा प्रबंधन इकाइयों के बीच समन्वय की भारी कमी दिखी। यदि समय रहते गड्ढे की घेराबंदी की गई होती या बचाव दल के पास एक साधारण लाइफ-जैकेट और ऑक्सीजन सिलेंडर होता, तो शायद आज एक नागरिक और होनहार इंजीनियर जीवित होता। यह घटना पूरी व्यवस्था की खामियों को उजागर करती है। ऐसा नहीं है कि यह देश या प्रदेश की इस तरह की पहली धटना है लेकिन सरकारों या जिम्मेदारों ने इन घटनाओं से निपटने की कोईसीख नहीं ली।

### कहां हुई चूक

- प्रशासनिक लापरवाही : निर्माणाधीन क्षेत्र या खुले गड्ढों को ढकने और वहां चेतावनी बोर्ड लगाने में प्राधिकरण विफल रहा।
- संसाधनों का अभाव : फायरकर्मी और स्थानीय पुलिस सबसे पहले पहुँचते हैं, लेकिन उनके पास पानी में उतरने के लिए आवश्यक वेट सूट या स्कूबा गियर नहीं थे।
- प्रतिक्रिया समय : एसडीआरएफ की टीम को पहुंचने में घंटों लग गए, शुरुआती गोल्डन ऑवर में स्थानीय बल मूकदर्शक बने रहे।

### संसाधन-प्रशिक्षण

- फायर ब्रिगेड : वर्तमान में अधिकांश फायर स्टेशनों के पास केवल आग बुझाने की गाड़ियां, सीढ़ियां और कुछ मात्रा में रस्सियां होती हैं। जल बचाव के लिए इन्फ्लेटेबल बोट्स या सोनार डिवाइस जिला स्तर पर बहुत कम हैं।
- प्रशिक्षण : इनका मुख्य प्रशिक्षण फायर फाइटिंग पर केंद्रित है। गोताखोरी इनके नियमित प्रशिक्षण का हिस्सा नहीं है।

### राज्य की जवाबदेही

- सुरक्षा मानक : नगर निकायों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी गड्ढा खुला न रहे। नोएडा प्राधिकरण जैसे संस्थानों पर भारी जुर्माना और जवाबदेही तय होनी चाहिए।
- बजट आवंटन : आपदा प्रबंधन बलों को आधुनिक उपकरणों (जैसे ड्रोन, थर्मल सेंसर और अंडरवाटर कैमरा) से लैस करने के लिए पर्याप्त फंड देना।
- जवाबदेही : लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर गैर-इरादतन हत्या का मुकदमा चलना चाहिए।

### जब तंत्र फेल हुआ

- मुंबई (2017) : प्रसिद्ध डॉक्टर दीपक अमरापुरकर की खुले मैनहोल में गिरने से मौत।
- गुरुग्राम (2023) : बारिश के पानी भरे गड्ढे में डूबने से मौतें।
- दिल्ली (2024) : कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से छात्रों की मौत।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### जापान में परमाणु संयंत्र फिर चालू होगा

**तोक्यो।** जापान में 2011 में हुएफुकुशिमा परमाणु हादसे के बाद दुनिया के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र का संचालन बुधवार को फिर से शुरू हो जाएगा। जापान बिजली की बढ़ती मांग पूरी करने के लिए परमाणु ऊर्जा का इस्तेमाल बढ़ा रहा है। काशीवाजाकी-कारिवा परमाणु ऊर्जा संयंत्र के नंबर-6 रिएक्टर में ऊर्जा उत्पादन की शुरुआती प्रक्रिया इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसका संचालन तोक्यो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी होल्डिंग्स (टीईपीसीओ) कर रही है। यह वही कंपनी है जो क्षतिग्रस्त फुकुशिमा दाइची परमाणु संयंत्र का भी संचालन करती है।

### आईएस के बड़े शिविर पर नियंत्रण किया

**अल-होल।** सीरिया की सरकारी सेना ने बुधवार को उत्तर-पूर्वी सीरिया में एक बड़े शिविर पर पूरी तरह नियंत्रण कर लिया जिसमें इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े हजारों लोग रह रहे हैं। ऐसा लगता है कि सरकार और कुर्द लड़ाकों के बीच समझौता हो गया है। सरकारी सेना और कुर्द लड़ाकों के बीच दो हफ्ते तक चली झड़पों के बाद, बुधवार को सरकारी सैनिकों को ले जा रहीं बख्तरबंद गाड़ियों का एक काफिला अल-होल शिविर में पहुंचा। कुर्द लड़ाके उस जमीन का एक बड़ा हिस्सा खो चुके थे जिस पर उनका सालों से नियंत्रण था।

### 37 तस्करों को अमेरिका को सौंपा

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के सुरक्षा मंत्री ने कहा कि उनके देश ने मादक पदार्थ तस्करी गिरोहों के 37 और सदस्यों को अमेरिका को सौंप दिया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब ट्रंप प्रशासन सीमा पार मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले आपराधिक नेटवर्कों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने के लिए सरकारों पर दबाव बढ़ा रहा है। मेक्सिको के सुरक्षा मंत्री उमर गार्सिया हारफुच ने एक्स पर कहा कि जिन लोगों को भेजा गया है, वे शातिर अपराधी थे और देश की सुरक्षा के लिए खतरा बने हुए थे।

### श्रीनिवास राय का 83 वर्ष की उम्र में निधन

**सिंगापुर।** सिंगापुर में हिंदी सोसाइटी के संस्थापक सदस्य और गांधीवादी मूल्यों के पैरोकार श्रीनिवास राय का रविवार को उनके घर पर निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। संसद के पूर्व मनोनीत सदस्य राय 10 साल की उम्र में सिंगापुर आए थे और यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर में कानून की पढ़ाई करने के बाद पांच दशक से ज्यादा समय तक विधिक क्षेत्र में काम किया।

# संरा प्रभावी भूमिका निभाता तो बोर्ड ऑफ पीस की जरूरत ही नहीं पड़ती

## राष्ट्रपति ट्रंप ने दिए संकेत-संयुक्त राष्ट्र का स्थान ले सकता है नवगठित बोर्ड ऑफ पीस

न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र ने कभी भी अपनी क्षमता के अनुसार काम नहीं किया और यदि उसने प्रभावी भूमिका निभायी होती तो गाजा के लिए गठित बोर्ड ऑफ पीस की जरूरत ही ना पड़ती। ट्रंप ने संकेत दिए कि नवगठित बोर्ड ऑफ पीस संयुक्त राष्ट्र का स्थान ले सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में बोर्ड ऑफ पीस का गठन किया है जिसका उद्देश्य गाजा के पुनर्निर्माण में सहायता करना है।

ट्रंप से जब सवाल किया गया कि क्या वह चाहते हैं कि बोर्ड ऑफ पीस संयुक्त राष्ट्र का स्थान ले तो ट्रंप ने कहा कि यह हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र बहुत मददगार साबित नहीं हुआ है। मैं संयुक्त राष्ट्र की क्षमताओं का बड़ा समर्थक हूं, लेकिन यह कभी अपनी पूरी क्षमता के अनुसार काम नहीं कर पाया। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ पर मंगलवार को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से रूबरू हुए और उनके प्रश्नों के उत्तर दिए। यह प्रेसवार्ता करीब 105 मिनट तक चली। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने हाल ही में बोर्ड ऑफ पीस का गठन किया है और मुझे लगता है कि यह वाकई शानदार साबित होने जा रहा है। अगर संयुक्त राष्ट्र ने अधिक कदम उठाए होते तो शायद इसकी जरूरत नहीं होती। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने अपने दूसरे कार्यकाल के पहले साल में आठ युद्धों को सुलझाया, लेकिन संयुक्त राष्ट्र ने किसी भी युद्ध में उनकी मदद नहीं की। ट्रंप ने कहा कि मैं उन्हें दोष नहीं दे रहा हूं। मैंने उन्हें मदद के लिए फोन नहीं किया, लेकिन मैंने राष्ट्रपतियों और प्रधानमंत्रियों को एक साथ बैठाया, हमने सख्ती से बात की, आपसी सहमति बनाई और वे मुझे पसंद करने लगे। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को उन सभी युद्धों को सुलझाना चाहिए था, जिन्हें मैंने सुलझाया। मैं उसका मदद के लिए कभी आह्वान नहीं किया। उन्हें वे प्रत्येक युद्ध सुलझाने चाहिए थे जो मैंने सुलझाया लेकिन उन्होंने वह नहीं किया। मेरा मानना है कि संयुक्त राष्ट्र को जारी रहने देना चाहिए, क्योंकि इसकी क्षमता बहुत अधिक है।



### शांति बोर्ड में शामिल होने पर चीन को आपत्ति

**बीजिंग।** चीन ने गाजा के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित शांति बोर्ड में शामिल होने पर बुधवार को अपनी आपत्ति प्रकट की है और संयुक्त राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने यहां कहा कि चीन हमेशा सच्चे बहुपक्षवाद के लिए प्रतिबद्ध रहा है, और संयुक्त राष्ट्र को केंद्र में रखकर अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था की मजबूती से रक्षा करेगा। गुओ ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय हालात कैसे भी हों, चीन संयुक्त राष्ट्र को केंद्र में रखकर अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली, अंतर्राष्ट्रीय कानून पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था की रक्षा करेगा।

### बोर्ड ऑफ पीस में शामिल हुए कई देश

**यरुशलम।** बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने के लिए कई देशों ने सहमति जताई है, जबकि यूरोपीय देशों समेत कुछ मुल्कों ने इसका सदस्य बनने का निमंत्रण ठुकरा दिया है। कई देशों ने अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि 30 देश बोर्ड में शामिल हो सकते हैं, जबकि 50 देशों को निमंत्रण भेजा गया है। अर्जेंटीना, आर्मीनिया, अजरबैजान, बहरीन, बेलारूस, मिस्र, हंगरी, कजाखस्तान, कोसोवो, मोरक्को, यूएई, वियतनाम ने बोर्ड में शामिल होने का न्योता स्वीकार कर लिया है जबकि फ्रांस, नॉर्वे, स्वीडन ने मना कर दिया है। कई देशों ने अभी फैसला नहीं लिया है।

# अमेरिका बलपूर्वक ग्रीनलैंड को अपने कब्जे में नहीं लेगा

- डब्ल्यूईएफ में ट्रंप बोले-अमेरिका ही कर सकता है इस द्वीप की रक्षा

दावोस, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि उनका देश ग्रीनलैंड को अपने कब्जे में लेने के लिए बल प्रयोग नहीं करेगा। उन्होंने रेखांकित किया कि केवल अमेरिका ही खनिज-समृद्ध इस द्वीप की रक्षा कर सकता है। ग्रीनलैंड का मुद्दा अमेरिका के यूरोप के साथ बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के केंद्र में है। ट्रंप ने स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका में आर्थिक प्रगति हो रही है जबकि यूरोप सही दिशा में आगे नहीं बढ़ रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने 70 मिनट लंबे भाषण में कहा कि ग्रीनलैंड और डेनमार्क के लोगों के लिए मेरे मन में बहुत सम्मान है, तथा ग्रीनलैंड की रक्षा केवल अमेरिका ही कर सकता है। उन्होंने शुल्क, पर्यावरण और आव्रजन सहित कई मुद्दों पर उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) सहयोगियों पर तीखा हमला किया। उनके भाषण के बाद 20 मिनट का प्रश्नोत्तर सत्र हुआ।

ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर अपना दावा जताते हुए कहा कि हमने खूबसूरत डेनमार्क के लिए लड़ाई लड़ी, जो एक भूमि नहीं, बल्कि हिमखंड का एक बड़ा टुकड़ा है, जो ठंडे और दुर्गम स्थान पर स्थित है। यह उस चीज की तुलना में बहुत छोटी मांग है जो हमने उन्हें कई दशकों तक दी है। इसे वापस देना हमारी मूर्खता थी। उन्होंने कहा कि लोगों को लगा कि मैं बल प्रयोग करूंगा। मुझे बल प्रयोग करने की आवश्यकता नहीं है। मैं बल प्रयोग नहीं करूंगा। ट्रंप ने कहा कि डेनमार्क का अर्धस्वायत्त क्षेत्र ग्रीनलैंड अमेरिका, रूस और चीन के बीच एक रणनीतिक स्थान पर स्थित है। उन्होंने कहा कि अमेरिका को इसकी रणनीतिक कारणों से जरूरत है, दुर्लभ खनिजों के लिए नहीं। ट्रंप ने कहा कि केवल अमेरिका ही ग्रीनलैंड की रक्षा कर सकता है, और कई यूरोपीय देशों ने भी कई क्षेत्रों पर कब्जा किया है, इसमें कुछ भी गलत नहीं है। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जब हमने ग्रीनलैंड को बचाया और डेनमार्क को सौंप दिया, तब हम एक महाशक्ति थे, लेकिन अब हम उससे कहीं अधिक शक्तिशाली हैं। ट्रंप ने दावोस में अपने भाषण के दौरान डेनमार्क को 'कृतघ्न' करार दिया।

### रूस-यूक्रेन युद्ध पर समझौते के काफी करीब

**दावोस।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि उन्हें लगता है कि वह रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए एक समझौते के काफी करीब हैं, हालांकि उन्हें पहले ऐसा लगा था कि वह कुछ ही घंटों में इसे कर लेंगे। ट्रंप ने यह भी कहा कि यदि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की इसे अभी समाप्त नहीं करते हैं तो वे मूर्ख होंगे, और वह जानते हैं कि वे मूर्ख नहीं हैं। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक के दौरान यहां ट्रंप ने कहा कि वह युद्ध के मामलों को सुलझाने के काम में अच्छे हैं, हालांकि यह काम संयुक्त राष्ट्र को करना चाहिए। रूस-यूक्रेन युद्ध पर एक सवाल के जवाब में ट्रंप ने कहा कि मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है...लेकिन मैंने चार से अधिक मामलों को सुलझाया। उन्होंने कहा कि यह करना ही होगा। इससे कई जानें बचेंगी, लाखों जानें बचेंगी। यूक्रेन और रूस के बीच राष्ट्रपति जेलेंस्की और पुतिन के बीच जो जबरदस्त नफरत है, वह अच्छी बात नहीं है। यह सुलह के लिए अच्छा नहीं है। ट्रंप ने कहा, मुझे लगता है कि रूस समझौता चाहता है।

# अमेरिका को ईरान ने दी चेतावनी हमला हुआ तो देंगे कड़ा जवाब

- बढ़ते तनाव के बीच ईरान के विदेशमंत्री अराघची ने चेताया

दुबई, एजेंसी

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने बुधवार को अमेरिका के खिलाफ अब तक की सबसे सीधी और कड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा कि यदि इस्लामिक गणराज्य पर दोबारा हमला हुआ तो वह अपने पास मौजूद हर ताकत से जवाब देगा। तेहरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के निर्ममतापूर्वक दमन के बाद बढ़ते तनाव के बीच अराघची ने यह बात कही है।

इस दमन के चलते दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में उन्हें दिया गया निमंत्रण रद्द कर दिया गया। यह घटनाक्रम ऐसे वक्त हुआ है, जब अमेरिका के लड़ाकू विमान उपकरणों के साथ एशिया से पश्चिम एशिया की दिशा में बढ़ रहे हैं। वहीं, कैरिबियाई क्षेत्र में अमेरिका की एक बड़ी सैन्य तैनाती के बाद वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हिरासत में लिए जाने के बीच, पश्चिम एशिया में अमेरिकी लड़ाकू विमानों और अन्य सैन्य उपकरणों की गतिविधियां भी बढ़ती दिख रही हैं।

अराघची ने यह चेतावनी द वॉल स्ट्रीट जर्नल में प्रकाशित एक लेख में दी। लेख में उन्होंने दावा किया कि अशांति का हिंसक चरण 72 घंटे से भी कम समय तक चला। उन्होंने हिंसा के लिए सशस्त्र प्रदर्शनकारियों को जिम्मेदार ठहराया।

### ...तो ईरान का नामो निशान मिटा देंगे : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि अगर ईरान ने उनकी हत्या कराई तो अमेरिका ईरान का नामोनिशान मिटा देगा। ट्रंप ने न्यूजनेशन के कार्यक्रम केटी पॉवलिच टुनाइट को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि मेरे बहुत सख्त निर्देश हैं कि अगर कुछ होता है, तो वे उन्हें नक्शे से मिटा देंगे। इससे पहले ईरान ने ट्रंप को देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के खिलाफ किसी प्रकार की कार्रवाई करने पर चेतावनी दी थी। ट्रंप ने खामेनेई के लगभग 40 वर्षों के शासन को समाप्त करने का आह्वान किया था जिसके कुछ दिनों बाद ईरान ने ट्रंप को यह चेतावनी दी।

## द. कोरिया के पूर्व प्रधानमंत्री हान को 23 वर्ष की सजा

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाया कि तत्कालीन राष्ट्रपति यून सुक योल द्वारा 2024 में लागू किया गया मार्शल लॉ विद्रोह की श्रेणी में आता है। अदालत ने इस मामले में संलिप्तता के लिए यून के समय देश के प्रधानमंत्री रहे हान डक-सू को 23 साल की कारावास की सजा सुनाई। पूर्व प्रधानमंत्री हान डक-सू, यून सरकार के पहले अधिकारी बन गए हैं, जिन्हें दिसंबर 2024 में राष्ट्रपति यून द्वारा लगाए गए मार्शल लॉ से जुड़े विद्रोह के आरोपों में दोषी ठहराया गया। इस फैसले से राष्ट्रपति यून और उनके अन्य सहयोगियों के खिलाफ आने वाले फैसलों की दिशा तय होने की उम्मीद है।

# नेपाल चुनाव में 4 पूर्व पीएम भी होंगे मैदान में

- पड़ोसी देश में इस साल पांच मार्च को होने वाले हैं आम चुनाव

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में जेन जी के विरोध प्रदर्शनों के महीनों बाद पांच मार्च को कराए जा रहे आम चुनाव में चार पूर्व प्रधानमंत्री भी अपनी किस्मत आजमाएंगे। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के अध्यक्ष और जेन-जी आंदोलन के बाद प्रधानमंत्री पद छोड़ने को मजबूर हुए के पी शर्मा ओली ने आगामी चुनाव के लिए झापा-5 सीट से नामांकन दाखिल किया है।

वहीं, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) के पूर्व प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहाल 'प्रचंड' रुकुम पूर्व से किस्मत आजमा रहे हैं। दो अन्य पूर्व प्रधानमंत्रियों, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के माधव कुमार नेपाल और प्रगतिशील लोकतांत्रिक पार्टी के बाबूराम भट्टराई ने क्रमशः रौतहट-1 और गोरखा-2 निर्वाचन क्षेत्रों से नामांकन दाखिल किया है। हालांकि, दो अन्य पूर्व प्रधानमंत्री नेपाली कांग्रेस के नेता शेर बहादुर देउबा और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता झाला नाथ खनाल इस दौड़ में शामिल नहीं हैं। नेपाल में जेन-जी युवाओं के नेतृत्व वाले हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद ओली ने नौ सितंबर को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था जिसके बाद देश में आम चुनाव आवश्यक हो गए थे। वहीं चार मंत्रियों ने भी चुनाव लड़ने को पद से इस्तीफा दे दिया है।

## जापान के पूर्व प्रधानमंत्री आबे के हत्यारे को उम्रकैद


**तोक्यो।** जापान की एक अदालत ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या करने का अपराध कबूल करने वाले एक व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले ने जापान की सत्तारूढ़ पार्टी और दक्षिण कोरिया के एक विवादास्पद चर्च के बीच दशकों पुराने करीबी संबंधों को उजागर किया। तेत्सुया यामागामी (45) ने पश्चिमी शहर नारा में जुलाई 2022 में चुनाव प्रचार के दौरान भाषण दे रहे आबे की हत्या किए जाने के मामले में अपना अपराध स्वीकार कर लिया था। नारा जिला अदालत ने फैसले की पुष्टि की और अभियोजन पक्ष के अनुरोध के अनुसार यामागामी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 जनवरी, गुरुवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्थी 23 जनवरी 02 .28 तक तत्पश्चात पंचमी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- शतभिषा 14 .27 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष** — आज आपकी बातों का लोग बुरा मान सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़ी समस्या होगी। अपने मित्रों पर अविश्वास न करें। नींद पूरी न लेने के कारण अपच की समस्या हो सकती है। मन की बातें दूसरों से शेयर न करें।

**वृष** — आज पैतृक व्यवसाय में उत्तम धन-लाभ होगा। परिवार के सदस्यों से राय लेना आपके लिए हितकर रहेगा। आय के नए स्रोत निर्मित हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**मिथुन** — आज मार्केटिंग संबंधी गतिविधियों से धन लाभ हो सकता है। धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं। आप अपने सभी काम समय पर पूरे कर लेंगे। कार्यक्षेत्र में नए मित्र बन सकते हैं। आयात-निर्यात से आपको लाभ प्राप्त होगा।

**कर्क** — आज सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। कोई रुकी हुई डील आपके सामने आ सकती है, लेकिन विद्यार्थियों को पढ़ाई में थोड़ी परेशानी होगी। धन की कमी के कारण जरूरी काम रुक सकते हैं। अधिकारियों के साथ तनाव दूर होगा।

**सिंह** — आज अपनी बातों को दूसरों पर न थोपें। व्यापार में नए साथी जुड़ सकते हैं। सिर्फ अपने काम पर ही फोकस बनाए रखें। दूसरे कार्यों में दिमाग न लगाएं। कानूनी मामलों को लेकर सावधानी रखें। वरिष्ठों का भरोसा जीतेंगे।

**कन्या** — आज आपके खर्चों में बढ़ोतरी होगी। किसी मांगलिक उत्सव की योजना बनाएंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा। दांपत्य संबंधों में ताजगी आएगी। परिवार का बेहतरीन सहयोग मिलेगा। घर में मित्रों का आगमन हो सकता है।

**तुला** — आज उच्च अधिकारी आपसे संतुष्ट रहेंगे। अपने काम को लेकर फोकस करेंगे। संतान की समस्याओं का समाधान होगा। अपनी कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। मित्रों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। प्रेम संबंधों में नई ऊर्जा का संचार होगा।

**वृश्चिक** — आज का काम कल पर न टालें। निवेश में सोच-समझकर कदम उठाएं। मित्रों के साथ खास विषय पर चर्चा कर सकते हैं। आपको नई-नई बातें जानने को मिलेंगी। संतान को लेकर तनाव दूर होगा। खानपान की आदतों पर नियंत्रण रखें।

**धनु** — आज करियर को लेकर दिन काफी अच्छा रहेगा। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। घर की आवश्यकताओं के बोझ में दबे रहेंगे। लोग आपके साथ होने का दिखावा कर सकते हैं। इसीलिए अपना मत प्रकट करने में सावधानी रखें।

**मकर** — आज कारोबार में बड़ा धन लाभ होगा। नौकरी में आपके अधिकार बढ़ेंगे। संपत्ति खरीदने का विचार बना सकते हैं। उच्च अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। भाई-बंधुओं के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक पलों का आनंद लेंगे।

**कुंभ** — आज का दिन थोड़ा तनावग्रस्त होगा। कुछ जरूरी कार्य अटक सकते हैं। कारोबार में अनुबंध होने की संभावना है। दांपत्य संबंधों में खर्चों के कारण थोड़ी खिट-पिट हो सकती है। ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे आपका अपमान हो।

**मीन** — आज चिकित्सा के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। भावनात्मक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। छात्रों को मेहनत का उत्तम परिणाम मिलेगा। आपकी जीवनशैली अत्यंत व्यवस्थित रहेगी। विदेश में नौकरी कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है।

## सुडोकू -39

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 2 | | | 6 | | | 9 |
| 7 | | | | 2 | | | | |
| | 1 | | 9 | | | | 5 | |
| 8 | | | | | 2 | | 1 | |
| 4 | | | 7 | | | 9 | | |
| | 2 | | | 5 | | | 6 | |
| | | 8 | | 6 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | 8 | |
| | 4 | | | 7 | | | | 5 |

### सुडोकू - 38 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 3 | 5 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 |
| 5 | 9 | 7 | 6 | 1 | 2 | 3 | 4 | 8 |
| 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 | 6 | 5 | 1 |
| 3 | 7 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 6 |
| 9 | 6 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 3 | 2 |
| 1 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 5 | 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 9 | 4 | 8 | 3 |
| 8 | 3 | 1 | 7 | 6 | 4 | 9 | 2 | 5 |



> हार्दिक पंड्या के बिना भारतीय टीम अधूरी है। वह बल्ले और गेंद से जो कर दिखाते हैं, वह कोई नहीं कर सकता। भारत अंतिम एकादश में वरुण या कुलदीप जैसे स्पिनर को शामिल करे, लेकिन नंबर आठ पर एक बल्लेबाज की जरूरत होगी।
>
> आकाश चोपड़ा, पूर्व बल्लेबाज


# स्टेडियम

लखनऊ, गुरुवार, 22 जनवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### मुंबई इंडियंस की ली पर लगा जुर्माना

**वडोदरा।** दिल्ली कैपिटल्स की विकेटकीपर लिजेले ली पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए बुधवार को मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक लगाया गया। डब्ल्यूपीएल ने कहा कि ली ने आचार संहिता की धारा 2.2 के तहत लेवल एक का अपराध स्वीकार कर लिया है जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण के अनादर को लेकर है। इसके लिए मैच रैफरी का फैसला अंतिम और सर्वमान्य होता है। यह घटना दिल्ली की पारी के 11वें ओवर की थी जब ली को तीसरे अंपायर के रिव्यू के बाद 46 के स्कोर पर स्टम्प आउट करार दिया गया। फैसले से नाखुश ली ने बाद में पुरस्कार समारोह में कहा कि विकेटकीपर ने अच्छा काम किया लेकिन मुझे इसके बारे में इतना ही कहना है। दिल्ली ने मैच में मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराया।

### केकेआर ने दिशांत को फील्डिंग कोच बनाया

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2026 के सत्र से पहले पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिशांत याग्निक को बुधवार को टीम का फील्डिंग कोच बनाया है। केकेआर ने कहा कि याग्निक अपने साथ भरपूर अनुभव और फील्डिंग में उत्कृष्टता की गहरी समझ लेकर केकेआर में शामिल होंगे। फ्रेंचाइजी आईपीएल में नए सहायक स्टाफ के साथ उतरेगी, जिसमें अभिषेक नायर (मुख्य कोच) के अलावा डेरेन ब्रावो (मेंटोर-मार्गदर्शक), शेन वॉटसन (सहायक कोच), टिम साउदी (गेंदबाजी कोच) और आंद्रे रसेल (पावर कोच) शामिल हैं। आईपीएल से पहले याग्निक का केकेआर में शामिल होना पूर्व क्रिकेटर के कोचिंग करियर में एक नया अध्याय जोड़ेगा।

### निशानेबाजी में सेन शीर्ष पर, मनु-ऐश्वर्य भी जीते

**नई दिल्ली।** तिलोत्तमा सेन ने महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन (3पी) में दूसरी बार शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स में 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के टी1 फाइनल में दमदार जीत दर्ज की। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में टी1 में तीसरे स्थान पर रहने वाले ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित टी2 में पहला स्थान हासिल किया। तिलोत्तमा ने बुधवार को फाइनल में फिर संयमित प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर राइफल 3पी में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। आयुषी दूसरे स्थान पर रहीं। सुरभि भारद्वाज रापोले 348.3 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

### राष्ट्रीय कॉन्क्लेव सेतु 2026 ग्वालियर में

**नई दिल्ली।** युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के सहयोग से ग्वालियर स्थित लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (एलएनआईपीई) शुक्रवार से दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्क्लेव सेतु 2026 की मेजबानी करेगा, जिसमें प्रशासक, कोच और शिक्षाविद् भारत में खेल शिक्षा और ट्रेनिंग के भविष्य पर मंथन करने के लिए एकत्र होंगे। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के अनुसार, यह कॉन्क्लेव देशभर के नीति-निर्माताओं, शिक्षाविदों, खेल प्रशासकों, कोच, खेल वैज्ञानिकों और उद्योग जगत के हितधारकों को एक मंच पर लाने को आयोजित हो रहा है।

# अभिषेक का विस्फोटक पचासा, भारत 48 रनों से जीता

## पांच मैच की शृंखला में भारत की 1-0 से बढ़त, रिंकू ने भी की धमाकेदार बल्लेबाजी



अभिषेक शर्मा

- ग्लेन फिलिप्स के अर्धशतक के बावजूद न्यूजीलैंड को मिली हार

**नागपुर, एजेंसी**

भारत ने अभिषेक शर्मा की 35 गेंद में 84 रन की विस्फोटक पारी से बुधवार को पहले टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड को 48 रनों से हराया। इस तरह पांच मैच की शृंखला में भारत 1-0 से आगे हो गया। टी20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज अभिषेक ने अपनी पारी में आठ छक्के और पांच चौके लगाए। रिंकू सिंह ने अंत में 20 गेंद में नाबाद 44 रन बनाए। इससे भारत ने 7 विकेट पर 238 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने एक रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। ग्लेन फिलिप्स (78 रन) के अर्धशतक के बावजूद टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 190 रन ही बना सकी। भारत ने इस दौरान न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों को आउट करने के कई मौके गंवाए। लेकिन बड़ा स्कोर होने से भारत को जीत दर्ज करने में परेशानी नहीं हुई। अर्शदीप सिंह ने भारत की शानदार शुरुआत कराई और पारी की दूसरी ही गेंद पर डेवोन कॉनवे को विकेटकीपर संजू सैमसन के हाथों कैच कराया। दूसरे ओवर में हार्दिक पंड्या ने रचिन रविंद्र को आउट किया, जिससे न्यूजीलैंड ने एक रन पर दो विकेट गंवा दिए। टिम रॉबिन्सन (21) सातवें ओवर में वरुण चक्रवर्ती की गेंद पर पवेलियन लौट गए। फिलिप्स और मार्क चैपमैन (39 रन) ने 42 गेंद में 79 रन जोड़े। लेकिन अक्षर पटेल ने 14वें ओवर में फिलिप्स को चलता किया। दूबे ने अंतिम ओवर में लगातार गेंद पर डेरिल मिचेल (28 रन) और क्रिस्टियन क्लार्क (0) के विकेट लिए। कप्तान मिचेल सैंटनर 20 रन बनाकर नाबाद रहे।



रिंकू सिंह



इससे पहले अभिषेक और कप्तान सूर्यकुमार यादव (32 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी की। अंत में रिंकू को भी लंबे समय बाद अच्छी पारी खेलने का मौका मिला। उन्होंने अपनी नाबाद पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद भारत ने संजू सैमसन (10 रन) और ईशान किशन (08) के तौर पर जल्दी विकेट गंवा दिए। अभिषेक ने जैकब डफी पर अपनी पारी का पहला छक्का जड़ा जो यह साइट स्क्रीन पर गया था। पंजाब के बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने दो विकेट गिरने का असर खुद पर नहीं पड़ने दिया और उनकी बल्लेबाजी की खासियत उनकी बल्ले की तेज स्पीड है। क्रिस्टियन क्लार्क और काइल जैमीसन की गेंदें सपाट पिच पर 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आ रही थीं और बाउंड्री के पार जा रही थीं। अभिषेक ने अपनी पारी के चार छक्के जड़ने के बाद पहले तीन चौके स्पिनर ग्लेन फिलिप्स की गेंदबाजी पर लगाए। वहीं दूसरे छोर पर सूर्यकुमार थोड़े संघर्ष करते दिखे। लेकिन डफी की गेंद पर बैक-फुट पर चौका और क्लार्क की गेंद पर स्क्वायर के पीछे एक जोरदार छक्का लगाने के दौरान भारतीय कप्तान में पुरानी झलक दिखाई दी। लेकिन वह अब भी अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म से काफी दूर है।

कप्तान मिचेल सैंटनर (तीन ओवर में 37 रन देकर एक विकेट) ने लगाम लगाने की कोशिश की और उन्हें सफलता जब मिली तब सूर्यकुमार लॉग-ऑन पर कैच आउट हो गए। अभिषेक ने अपना कहर जारी रखा। हालांकि वह अगले ही ओवर में आउट हो गए जब लेग-स्पिनर ईश सोढ़ी ने अपनी लेग-ब्रेक की लेंथ थोड़ी कम की और जैमीसन ने उनका कैच लपक लिया। आखिर में रिंकू को प्रभाव डालने के लिए काफी गेंदें मिलीं और उन्होंने डेरिल मिचेल के पहले और पारी के अंतिम ओवर में 21 रन बनाकर टीम को इस स्कोर तक पहुंचाया।

### भारत

**238/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू का रचिन रविंद्र बो जैमीसन | 10 |
| अभिषेक का जैमीसन बो सोढी | 84 |
| ईशान किशन का चैपमैन बो डफी | 08 |
| सूर्यकुमार का रॉबिन्सन बो सैंटनर | 32 |
| हार्दिक पंड्या का चैपमैन बो डफी | 25 |
| शिवम दूबे का एवं बो जैमीसन | 09 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 44 |
| अक्षर पटेल का मिचेल बो क्लार्क | 05 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 06 |

**गेंदबाजी:** जैकब डफी 4-0-27-2, काइल जैमीसन 4-0-54-2, क्रिस्टियन क्लार्क 4-0-40-1, ईश सोढी 3-0-38-1, ग्लेन फिलिप्स 1-0-20-0, मिचेल सैंटनर 3-0-37-1, डेरिल मिचेल 1-0-21-0

### न्यूजीलैंड

**190/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| कॉनवे का सैमसन बो अर्शदीप | 00 |
| रॉबिन्सन का शिवम बो चक्रवर्ती | 21 |
| रचिन का अभिषेक बो हार्दिक | 01 |
| ग्लेन फिलिप्स का दूबे बो पटेल | 78 |
| चैपमैन का अभिषेक बो चक्रवर्ती | 39 |
| मिचेल का सब (बिश्नोई) बो दूबे | 28 |
| मिचेल सैंटनर नाबाद | 20 |
| क्रिस्टियन क्लार्क का रिंकू बो दूबे | 00 |
| काइल जैमीसन नाबाद | 01 |

**गेंदबाजी:** अर्शदीप सिंह 4-0-31-1, हार्दिक पंड्या 2-0-20-1, जसप्रीत बुमराह 3-0-29-0, अक्षर पटेल 3.3-0-42-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-37-2, शिवम दूबे 3-0-28-2, अभिषेक शर्मा 0.3-0-3-0

# टी20 विश्व कप : बीसीबी को झटका बांग्लादेश के मैच भारत में ही होंगे




- आईसीसी बोर्ड की बैठक में लिया गया निर्णय
- मैचों को बांग्लादेश ने श्रीलंका में कराने का किया था अनुरोध

**दुबई, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के टी20 विश्व कप के अपने मैचों को श्रीलंका में स्थानांतरित करने के अनुरोध को खारिज कर दिया। आईसीसी ने स्पष्ट किया कि मैच निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होंगे क्योंकि भारत में टूर्नामेंट के किसी भी स्थल पर बांग्लादेश के खिलाड़ियों, अधिकारियों या प्रशंसकों की सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है। यह निर्णय आईसीसी बोर्ड की वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए आयोजित बैठक में लिया गया, जो बीसीबी द्वारा भारत में खेलने को लेकर चिंता जताने और आयोजन स्थलों में बदलाव की मांग के बाद चर्चा को बुलाई गई थी।

आईसीसी के अनुसार, बोर्ड ने स्वतंत्र मूल्यांकनों सहित कई सुरक्षा आकलन की समीक्षा की, जिनमें से सभी ने निष्कर्ष निकाला कि भारत में टूर्नामेंट के किसी भी स्थल पर बांग्लादेश के खिलाड़ियों, अधिकारियों, मीडियाकर्मियों या प्रशंसकों की सुरक्षा के लिए कोई खतरा नहीं था। आईसीसी ने कहा कि अब इतने कम समय में कार्यक्रम में बदलाव करना संभव नहीं है और सुरक्षा जोखिम की पुष्टि न होने पर मैचों में बदलाव करना भविष्य के वैश्विक आयोजनों के लिए अवांछनीय मिसाल कायम कर सकता है। आईसीसी ने कहा कि बोर्ड ने गौर किया कि मौजूदा परिस्थितियों में मैचों को स्थानांतरित करने से आईसीसी प्रतियोगिताओं की पवित्रता खतरे में पड़ सकती है और एक वैश्विक शासी निकाय के रूप में संगठन की निष्पक्षता कमजोर हो सकती है।

क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था ने कहा कि उसके प्रबंधन ने पिछले कुछ सप्ताह में बीसीबी के साथ कई बैठकें और पत्राचार किए हैं, जिसमें टूर्नामेंट की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की गई है। इनमें आयोजन स्थल से जुड़ी विशिष्ट योजनाएं और संघीय और राज्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों को शामिल करते हुए स्तरीय सुरक्षा का आश्वासन शामिल था।

### पीसीबी ने किया बांग्लादेश का समर्थन

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सुरक्षा कारणों से भारत में टी20 विश्व कप खेलने से बांग्लादेश के इन्कार का समर्थन किया है और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को भेजे पत्र में बांग्लादेश के मैचों की मेजबानी की पेशकश की। बांग्लादेश को ग्रुप चरण के चारों मैच भारत में खेलने हैं, जिनमें से पहले तीन कोलकाता में और एक मुंबई में होना है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने अपनी सरकार के समर्थन से भारत जाने से इन्कार किया और उसके मैच श्रीलंका में कराने की मांग की थी। पीसीबी के सूत्र ने बताया कि पीसीबी ने ईमेल में कहा है कि बीसीबी की मांग जायज है और इसे स्वीकार किया जाना चाहिए और अगर बांग्लादेश के मैचों को श्रीलंका में करने में समस्या है तो पाकिस्तान उसके सभी मैचों की मेजबानी को तैयार है। पीसीबी ने इस मसले पर कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया है लेकिन बोर्ड के सूत्रों ने कहा कि बांग्लादेश सरकार ने आईसीसी में सहयोग के लिए पाकिस्तान से संपर्क किया था। पाकिस्तान के सारे मैच हाइब्रिड मॉडल के तहत श्रीलंका में होंगे।

## खेल मंत्रालय ने साई से एसओपी तैयार करने के लिए कहा

**नई दिल्ली।** ओलंपिक की मेजबानी की चाहत रखने वाले भारत पर बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय निगरानी को ध्यान में रखते हुए खेल मंत्रालय ने साई (भारतीय खेल प्राधिकरण) से मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने को कहा है ताकि हाल में यहां हुए बैडमिंटन इंडिया ओपन में हुई चूक दोबारा नहीं हों। इंडियन ओपन में कोर्ट पर पक्षियों की बीट, दर्शक दीर्घा में बंदर और ट्रेनिंग सुविधाओं में अस्वच्छता ने टूर्नामेंट की छवि को नुकसान पहुंचाया।

# टाटा स्टील मास्टर्स : गुकेश ने प्रज्ञानानंद से ड्रॉ खेला

**विज्क आन ज़ी (नीदरलैंड), एजेंसी**

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने हमवतन आर प्रज्ञानानंद के साथ अंक बांटकर टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में लगातार चौथी बाजी ड्रॉ खेली जबकि अर्जुन एरिगैसी भी अनीश गिरी के डिफेंस को नहीं तोड़ सके।

प्रज्ञानानंद का इस टूर्नामेंट में सफर अभी तक अच्छा नहीं रहा है। उन्हें दो बाजियों में हार का सामना करना पड़ा जबकि दो बाजी ड्रॉ खेली। वह गिरी के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं। भारत के एक अन्य खिलाड़ी अरविंद चिदंबरम को अमेरिकी खिलाड़ी हैंस मोके नीमन के हाथों अपनी पहली हार का सामना करना पड़ा, जबकि नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने चेक गणराज्य के खिलाड़ी दाई वान गुयेन को पराजित किया। अब्दुसत्तोरोव और नीमन चार में से तीन अंकों के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर हैं, जबकि अर्जुन एरिगैसी, उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव और नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरस्ट उनके ठीक पीछे हैं। सिंदारोव ने जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम को हराया।



- अर्जुन एरिगैसी भी अनीश गिरी के डिफेंस को नहीं तोड़ सके, अरविंद चिदंबरम को भी मिली हार

# शीर्ष से फिसले कोहली, मिचेल ने बनाई जगह

### आईसीसी वनडे रैंकिंग

- मिचेल ने ताजा शृंखला में दो शतक लगाए और 54वीं पारी में तेज नौ वनडे शतक पूरा करने वाले चौथे खिलाड़ी बने

**दुबई, एजेंसी**

न्यूजीलैंड के आक्रामक बल्लेबाज डेरिल मिचेल ने हाल में संपन्न शृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली को ताजा आईसीसी वनडे बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष स्थान से हटा दिया। न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ यह शृंखला 2-1 से अपने नाम की थी। इस तरह उसने भारतीय सरजमीं पर पहली बार वनडे शृंखला जीतकर 37 साल का इंतजार खत्म किया था।



मिचेल ने शृंखला में दो शतक लगाए और 54वीं पारी में सबसे तेज नौ वनडे शतक पूरे करने वाले चौथे पुरुष खिलाड़ी बन गए। केवल इमाम-उल-हक (48), हाशिम अमला (52) और क्विंटन डिकॉक (53) ही उनसे आगे हैं। हैमिल्टन में जन्मे मिचेल अपने करियर की शीर्ष फॉर्म में हैं। उन्होंने तीन मैच की शृंखला में 352 रन बनाए। किसी तीन मैच की वनडे शृंखला में यह न्यूजीलैंड के खिलाड़ी द्वारा बनाए सर्वाधिक रन हैं और यह तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उनसे आगे केवल पाकिस्तान के बाबर आजम (2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 360 रन) और भारत के शुभमन गिल (2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 360 रन) हैं।

आईसीसी ने कहा कि 845 रैंकिंग अंक के साथ मिचेल ने कोहली (795 अंक) की जगह ली है जो अब दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। दोनों बल्लेबाजों के बाद इब्राहिम जदरान, रोहित शर्मा, शुभमन गिल और बाबर आजम मौजूद हैं। यह दूसरी बार है जब मिचेल ने वनडे क्रिकेट में शीर्ष रैंकिंग हासिल की है। इससे पहले वह पिछले साल नवंबर में सिर्फ तीन दिन के लिए शीर्ष पर रहे थे जिसके बाद रोहित शर्मा ने उन्हें पछाड़ दिया था। भारत के खिलाफ उसकी सरजमीं पर खेले गए वनडे मैच में दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स (पांच शतक) के बाद मिचेल (चार शतक) दूसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन

एलेक्स डि मिनौर ने हमाद मेदजेदोविच को और एलिना स्वितोलिना ने लिंडा क्लिमोविकोवा को दी मात

# सबालेंका, गॉफ, अल्काराज और ज्वेरेव तीसरे दौर में पहुंचे



- अल्काराज ने हंफमैन को हराकर तीसरे दौर में जगह की पक्की

**मेलबर्न, एजेंसी**

दुनिया की शीर्ष तीन महिला टेनिस खिलाड़ियों में से दो एरिना सबालेंका और कोको गॉफ ऑस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गई। पुरुष वर्ग में कार्लोस अल्काराज और एलेक्जैंडर ज्वेरेव भी जीत गए।

सबालेंका ने चीन की बाइ झोउशुआन को 6-3, 6-1 से हराया। वहीं तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने ओल्गा डानिलोविच को मात दी। अल्काराज ने जर्मनी के यानिक हंफमैन को हराया। ज्वेरेव ने एलेक्जैंडर मुलर को शिकस्त दी। स्थानीय दावेदार एलेक्स डि मिनौर ने हमाद मेदजेदोविच को मात दी और अब उनका सामना फ्रांसेस टियाफो से होगा, जिन्होंने फ्रांसिस्को कोमेसाना को हराया। सबालेंका का सामना अब अनास्तासिया पोपापोवा से होगा जिन्होंने पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन एम्मा राडूकानू को हराया।

महिला वर्ग के एक अन्य मैच में 12वीं वरीयता प्राप्त यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने पोलैंड की लिंडा क्लिमोविकोवा को मात दी। तुर्की की जेनेप सोंमेज ने अन्ना बोंडर को हराया। पुरुष वर्ग में 11वीं वरीयता प्राप्त और 2021 अमेरिकी ओपन चैंपियन दानिल मेदवेदेव ने क्वेटिन हालिस को हराया जबकि 13वीं वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव ने जैमी फारिया को मात दी। 19वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने थियागो आगस्टिन को हराया।

### भांबरी और गोरानसन पुरुष युगल के दूसरे दौर में



भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी युकी भांबरी और स्वीडन के उनके जोड़ीदार आंद्रे गोरानसन ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। भांबरी और गोरानसन की दसवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने कोर्ट नंबर 13 पर चले मुकाबले में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले ऑस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ और क्रूज़ हेविट को 6-3 6-4 से हराया। अगर प्रतिशत के आंकड़ों पर गौर करें तो भांबरी और गोरानसन ने पहली सर्विस पर 97 प्रतिशत अंक जीते। दूसरी पर उन्होंने 91 प्रतिशत अंक जीते। भांबरी और गोरानसन ने प्रतिद्वंद्वियों की सर्विस को दो बार तोड़ा और पूरे मैच में एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं किया, जिससे वे पूरे समय नियंत्रण बनाए रखने में सफल रहे। निकी पूनाचा और थाईलैंड के उनके जोड़ीदार प्रुच्य इसारो मंगलवार को पेड्रो मार्टिनेज और जौमे मुनार से सीधे सेटों में हारकर पुरुष युगल से बाहर हो गए थे।

# सिंधु, लक्ष्य, श्रीकांत और अनमोल इंडोनेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में

**जकार्ता, एजेंसी**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत बुधवार को इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बाद दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे। पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधु ने महिला एकल के पहले दौर के मैच में जापान की मनामी सुइजु पर कड़े मुकाबले में जीत दर्ज की।

विश्व रैंकिंग में 33वें स्थान पर काबिज श्रीकांत ने जापान के कोकी वातानाबे को हराया। अब उनका मुकाबला चौथे वरीयता प्राप्त चोउ तिएन चेन से होगा, जिन्होंने आयरलैंड के न्हाट गुयेन को हराया। लक्ष्य सेन ने पहले दौर में चीनी ताइपे के वांग त्जु वेई पर जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला हांगकांग के जेसन गुनावन से होगा। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में अनमोल खरब ने चीनी ताइपे के पाई यू पो पर सीधे गेम में जीत दर्ज कर दूसरे दौर में प्रवेश किया। हालांकि आयुष शेट्टी, एचएस प्रणय और किरण जॉर्ज पहले ही दौर में बाहर हो गए। आयुष को इंडोनेशिया के अलवी फरहान से और किरण को इंडोनेशिया के मोह जकी उबैदिल्ला से हार मिली। प्रणय को केवल 35 मिनट तक चले मैच में मलेशिया के ली ज़ी जिया ने बाहर का रास्ता दिखाया।

महिला एकल में मालविका बंसोड़ को कनाडा की मिशेल ली से हार मिली। विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा जापान की तोमोका मियाजाकी से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। महिला एकल के एक अन्य मैच में आकर्षी कश्यप डेनमार्क की जूली डावल जैकबसेन से हारीं। मिश्रित युगल में भारत का अभियान पहले ही दौर में समाप्त हो गया। रोहन कपूर और रुथविका गड्डे को फ्रांस के थॉम गिक्वेल और डेल्फिन डेलरू से जबकि ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो को फ्रांस के जूलियन मायो और लीया पालेर्मो से हार मिली।



- आयुष, प्रणय और किरण जॉर्ज पहले ही दौर में बाहर, मिश्रित युगल में भारतीय चुनौती समाप्त